✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 163 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 10 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



रजत जयंती समारोह के मौके पर पीएम मोदी ने उत्तराखंड को दी 8260 करोड़ की सौगात

## सोनाचूर चावल को देंगे जीआई टैग : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार चुनाव के माहौल के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने सासाराम की रैली में विपक्ष पर तीखे वार किए और वोटरों से जंगल राज नहीं लौटने देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के वोटिंग के नतीजों से ही लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ होता दिख रहा है और एनडीए की सरकार बनना तय है। इस दौरान उन्होंने सोनाचूर चावल को जीआई टैग देने के साथ ही सासाराम में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापित करने का भी वादा किया। अमित शाह ने कहा कि अगर जरा सी भी गलती हुई तो जंगल राज फिर दस्तक दे देगा। उन्होंने जनता को चेताया कि जंगल राज को घूमने मत देना नहीं तो तहस-नहस हो जाएगा। शाह ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर घुसपैठियों का बचाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार और देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर निकालेंगे। अमित शाह ने भाषण में राम मंदिर का मुद्दा जोर-शोर से उठाया और कहा कि 500 साल पहले बाबर ने मंदिर तोड़ा था, फिर मुगलों ने, अंग्रेजों ने और बाद में कांग्रेस-लालू ने इसे लटकाए रखा। उन्होंने कहा कि 2019 में आपने मोदी जी को फिर मौका दिया, भूमि पूजन हुआ और 2024 में भव्य राम मंदिर में 'जय श्री राम' की गूंज सुनाई दी। शाह ने डिफेंस कोरिडोर बनाने का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान पर बम तो जरूर बरसेंगे, लेकिन याद रखना, वो बम बनते कहां हैं? यहीं मेरे बिहार में, इसी सासाराम में। शाह ने कहा कि कभी बिहार का बड़ा इलाका औरंगाबाद, सासाराम, गया नक्सलवाद की चपेट में था। उन्होंने कहा कि 40 साल तक ये लोग काठमांडू से लेकर तिरुपति तक 'रेड कॉरिडोर' का सपना देखते रहे लेकिन मोदी सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से आजादी दिलाई। उन्होंने विपक्ष के चेहरे पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग भेष बदल लेते हैं, कपड़े बदल लेते हैं पर पहचान वही, लालटेन और पंजा। इन्हें वापस मत आने देना। विकास का रोडमैप पेश करते हुए अमित शाह ने बिहार के लिए विकास का वादा भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि बिहार में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाया जाएगा। सोनाचुर चावल को जीआई टैग दिलाया जाएगा। साथ ही सोन नदी की मछली को बड़ा मार्केट मिलेगा।



### बिहार में थम गया प्रचार का शोर

## औरंगाबाद-गया समेत 20 जिलों की 122 सीटों पर 11 नंवबर को मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए आज शाम प्रचार का शोर थम गया है और 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। आखिरी दिन सभी दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। पहले फेज में 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। 14 नवंबर को सभी 243 सीटों के नतीजे घोषित होंगे। दूसरे चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। एक करोड़ 95 लाख 444041 पुरुष मतदाता और एक करोड़ 74 लाख 68 हजार 572 महिला मतदाता दूसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 6 प्रमंडल के 18 जिले के 121 सीटों पर 6 नवंबर को वोट डाले गए थे। अब दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों में 11 नवंबर को मतदान होगा। इसमें 101 सामान्य सीटें हैं जबकि 19 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें हैं। चुनाव आयोग के अनुसार कुल 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें से सबसे अधिक प्रत्याशी तीन विधानसभा क्षेत्रों में हैं। कैमूर के चैनपुर, रोहतास के सासाराम और गया के गया शहर में 22-22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं सबसे कम उम्मीदवार छह विधानसभा क्षेत्रों में हैं। इसमें पश्चिम चंपारण का लोरिया, चनपटिया, पूर्वी चंपारण का रक्सौल और सुगौली, सुपौल का त्रिवेणीगंज और पूर्णिया का बनमनखी विधानसभा क्षेत्र शामिल है। प्रत्येक विधानसभा सीट पर 5-5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग के अनुसार दूसरे चरण में 45399 बूथ बनाए गए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 40073 और शहरी इलाकों में (शेष पृष्ठ 11 पर)

### संक्षिप्त समाचार

#### आइटीबीपी जवानों को ले जा रही बस में लगी आग

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा से आईटीबीपी जवानों को लेकर सीतामढ़ी जा रही बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार जवानों को देखकर आसपास के लोग भी भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गए और आग पर काबू पाने की कवायद शुरू कर दी। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में सभी जवान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

#### राजद नेता के बेटे की संदिग्ध मौत

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के ढाब गांव में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब राजद नेता सुरेंद्र यादव के इकलौते बेटे प्रीतम कुमार का शव घर के पीछे हैंडपंप के पास संदिग्ध हालत में मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों के मुताबिक रविवार सुबह करीब 5 बजे मां नूतन देवी जब पानी लेने हैंडपंप के पास पहुंचीं तो उनका बेटा जमीन पर पड़ा था। मुंह से झाग निकल रहा था और शरीर ठंडा हो चुका था।

#### दूसरे चरण में केंद्रीय बलों की 1500 कंपनियां तैनात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय बलों (सीएपीएफ) की 1500 से अधिक कंपनियों को दूसरे चरण के सभी 20 जिलों में तैनात कर दिया गया है। इनके अलावा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल (बी-सैप) की 50 कंपनियां, करीब 20 हजार प्रशिक्षु सिपाही और 22 हजार से अधिक होमगार्ड जवान एवं दफादार-चौकीदार भी तैनात किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कतारबद्ध करने के लिए इनकी सेवाएं ली जाएंगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मेंअत्याधुनिक हथियार से सुसज्जित सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर लगे हैं। पुलिस सेटेलाइट फोन और ड्रोन से इलाके की निगरानी कर रही है।

#### 1.51 करोड़ महिलाओं को मिले दस-दस हजार रुपये

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आत्मनिर्भरता की दिशा में शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना आज नई ऊंचाइयां छू रही है। इसके तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा कि इस योजना की शुरुआत के महज डेढ़ महीने के अंदर एक करोड़ 51 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये हस्तांतरित कर दिये गए हैं। यह राशि महिलाओं के लिए एक स्थायी प्रोत्साहन है, जिसे उनसे कभी वापस नहीं ली जाएगी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करना है।

## 2005 से पूर्व शाम के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार के अंतिम दिन है रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैमूर के चैनपुर पहुंचे जहां उन्होंने जमा खान के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 साल से हमारी सरकार है। हमारे से पहले वाली सरकार ने कुछ नहीं किया। पहले के हालात क्या थे सबको पता है। शाम के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। इलाज का सही इंतजाम नहीं था। बिजली भी बहुत कम जगह थी लेकिन हमारी सरकार ने सब काम किया। लालू का बिना नाम लिए सीएम ने कहा कि खुद हटे तो अपनी पत्नी को सीएम बना दिए। वो लोग केवल बेटा-बेटी के लिए काम करता है। उनके मंच पर जदयू के महासचिव धनंजय सिंह भी मौजूद रहे। नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के कामों को गिनाते हुए कहा कि 2006 में पंचायती राज में 50% आरक्षण, 2013 में पुलिस में 35% और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण महिलाओं को दिया गया। उन्होंने कहा कि आज बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर 'जीविका' समूह की शुरुआत की, जिनकी संख्या आज एक करोड़ 40 लाख हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन की शुरुआत 2005 से पहले और बाद के बिहार की तुलना करते हुए की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार (राजद) ने कोई काम नहीं किया था। ऐसा बुरा हाल था कि लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। हमारी सरकार ने कानून का राज स्थापित किया। हम लोगों ने 2006 में ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू करा दी और 2016 में 60 वर्ष से पुराने हिंदू मंदिरों की भी घेराबंदी कराई ताकि (शेष पृष्ठ 11 पर)



## एनडीए के पक्ष में चल रही लहर : राजनाथ सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**गोह (औरंगाबाद)।** बिहार एक दिन पूरी तरह विकसित राज्य बनकर रहेगा। एनडीए के पक्ष में पूरे बिहार में जबरदस्त लहर चल रही है और एक बार फिर नीतीश कुमार राज्य की बागडोर संभालेंगे। उन्होंने कहा कि 'इंडिया गठबंधन' को सत्ता नहीं सौंपी जानी चाहिए अन्यथा बिहार फिर से बर्बादी के रास्ते पर चला जायेगा। राजद के लालटेन युग को खत्म कर विकास का युग लाया गया। एनडीए नेक इरादों का गठबंधन है। केंद्र में चाहे मोदी जी हो या बिहार में नीतीशजी, कभी इनके दामन पर दाग नहीं लगा। एनडीए का जो घोषणा पत्र है, उसे हम पूरा करेंगे और यह हमारी भीष्म प्रतिज्ञा है। ये बातें गोह के गांधी मैदान में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने एनडीए के भाजपा प्रत्याशी डा. रणविजय कुमार के समर्थन में जनसभा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के प्रति संकल्पित है। पीएम किसान निधि के तहत दी जाने वाली छह हजार रुपये की राशि बढ़ाकर नौ हजार रुपये कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में डिफेंस कॉरिडोर स्थापित किया जायेगा जिससे राज्य में रोजगार और औद्योगिक विकास के नये अवसर पैदा होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था (शेष पृष्ठ 11 पर)



## चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले दस पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फ़ेज की वोटिंग के लिए पटना जिला पुलिस बल से 3429 हवलदार और सिपाहियों को चुनाव ड्यूटी के लिए अलग-अलग जिलों में भेजा गया था लेकिन इनमें से 10 पुलिसकर्मी अब तक ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। इस लापरवाही के सामने आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक ड्यूटी से गायब सभी 10 पुलिसकर्मी पटना से सीतामढ़ी जिले में भेजे गए हैं लेकिन यह सब अब तक रिपोर्ट नहीं कर पाए हैं। इनमें रविकांत निर्ज, संजय कुमार, अमित कुमार, नेहा कुमारी, नीलम कुमारी, सपना कुमारी, स्मिता कुमारी, निशा कुमारी, रूबी कुमारी और चित्रा चंद्रवंशी शामिल हैं। इस गैरहाजिरी को गंभीर मानते हुए पटना पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से इन सभी का वेतन रोकने का आदेश दिया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि इनके खिलाफ निलंबन, विभागीय कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। बिहार पुलिस मुख्यालय ने 25 अक्टूबर को आदेश जारी किया था कि दूसरे चरण के मतदान (11 नवंबर) के लिए पटना जिले से कुल 3429 पुलिस बलों को चुनाव ड्यूटी के लिए विभिन्न जिलों में भेजा जाए। इसमें सीतामढ़ी के लिए 1153, गया के लिए 577, शिवहर के लिए 49, भागलपुर के लिए 578, जमुई के लिए 308, अरवल के लिए 67 और नवादा जिले के लिए 697 पुलिसकर्मियों की तैनाती तय की गई थी।




## हर घर देंगे एक सरकारी नौकरी : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव अभियान के दौरान रविवार को औरंगाबाद में पांच बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया। पांचों ही सभाओं में तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में जनता से बदलाव का जनादेश मांगा। यह कार्यक्रम नवीनगर विधानसभा क्षेत्र में सिरीस हाई स्कूल, कुटुंबा विधानसभा के बभंडी खेल मैदान, रफीगंज विधानसभा के आरबीआर हाई स्कूल, ओबरा विधानसभा के तरार खेल मैदान एवं गोह विधानसभा के पथरौर हाई स्कूल देवहरा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है और महागठबंधन की सरकार बनने पर राज्य में नई नीतियों के साथ न्याय, रोजगार और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने मंच से कई वादे किए। उन्होंने महिलाओं के खाते में 30 हजार रूपये की सहायता, माई बहन योजना के तहत ढाई हजार रूपये मासिक सहयोग, किसानों के लिए मुफ्त बिजली और जिन परिवारों में सरकारी नौकरी नहीं है, उन्हें नौकरी देने की घोषणा की। श्री यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो 14 जनवरी को हर घर में चूड़ा-दही और तिलकुट की मिठास के साथ खुशहाली भी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार ने जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। अब बिहार (शेष पृष्ठ 11 पर)



### पूर्व मंत्री सुरेश पासवान को बनायेंगे एमएलसी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद पूर्व मंत्री सुरेश पासवान को एमएलसी बनाया जाएगा। यह बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने रविवार को कुटुंबा के बभंडीह खेल मैदान में आयोजित जनसभा में कहीं। श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक मजबूती और प्रचार-प्रसार में तेजी लाने के लिए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। डॉ. पासवान को यह दायित्व आगामी विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार को व्यवस्थित करने और चुनावी गतिविधियों में गति लाने के उद्देश्य से दिया गया है। पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उसका पूर्ण सम्मान किया जाएगा।

# इंडिया गठबंधन बिहार के मुद्दों पर लड़ रहा चुनाव : पवन खेड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के होटल मौर्या में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन और एआईसीसी के कार्यसमिति सदस्य पवन खेड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के मतदाता प्रबुद्ध हैं और उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों पर मतदान किया है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया महागठबंधन का चुनावी घोषणा पत्र राज्य के असल मुद्दों पर आधारित है जिसे सरकार बनते हम लागू कर देंगे जबकि एनडीए केवल जुमलेबाजी कर रही है और असल मुद्दों से चुनाव को डायवर्ट करने में लगी है। एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि एनडीए को राज्य के असली मुद्दों पर चुनाव



लड़ना चाहिए, लेकिन उसने हमेशा से मुद्दों से मुंह मोड़ा और स्तरहीन बयानबाजी पर चुनाव लड़ रही है जबकि इंडिया महागठबंधन राज्य के असल मुद्दों पर लगातार लड़ रही है। यदि इंडिया को बिहार की जनता बहुमत का वोट नहीं देती तो भारतीय राजनीति में कोई राजनेता आगे से नौकरी, महिला सुरक्षा, अपराध के विरुद्ध, सस्ते सिलेंडर बिक्री, हर घर नौकरी, किसानों, व्यापारियों की हित की बात नहीं करेगा। बिहार के मतदाता आगे बढ़कर जिम्मेदारी को निभाया है और इस चुनाव में भी वे अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे इसका हमें यकीन है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले चरण में ही संतोषजनक सीटों के साथ बढ़त बना चुकी है और इंडिया महागठबंधन 72 सीटों पर पहले चरण में स्पष्ट तौर पर जीत चुकी है। एआईसीसी मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार आज थम जायेगा। इस दौरान खराब स्वास्थ्य कारणों के बावजूद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 3 कार्यक्रम में मौजूदगी दर्ज की वहीं देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 16 तो राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी ने 13 जनसभाओं को संबोधित किया। बिहार के उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर चुटकी लेते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि सभी अपने सरकारी बंगले से सामान निकाल रहे हैं और जनता के रुख को भांप कर धीरे-धीरे अपने बंगलों को खाली कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने मीडिया के साथियों से कहा कि यदि बिहार के सरकारी दफ्तरों में चोरी हो जाए या आग लगने की खबरें आए तो भयभीत नहीं होना है ये सरकार जाने की आहट होगी। 24 घंटे में 9 हत्याएं होने वाले इस गुंडाराज में यह सब मुमकिन है। सरकारी फाइल्स और कागजों को श्रेडर मशीन में डाला जा रहा है, फाइलें फाड़ी जा रही हैं। साथ ही तंज कसते हुए एआईसीसी मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार में साजिश की जा रही है और बिहार में एक चोर घुम रहा है उसको बिहार खदेड़ देगा और वोट चोरी करने की गुंजाइश खत्म कर देगा। बिहार वोट चोरी की ऐसी साजिशों को नाकामयाब करेगा। उन्होंने बिहार के मतदाताओं को आश्वस्त किया कि तेजस्वी यादव नौजवान है और वे झूठे वादों पर चुनाव में नहीं उतरे हैं, जितनी भी घोषणाएं उन्होंने की है उसे वे पूरा करेंगे क्योंकि उनकी राजनीतिक जीवन लंबी है। 17 महीने में पांच लाख नौकरी जो दे सकता है तो हर घर में नौकरी मिलेगी इसकी गारंटी है। दो करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली एनडीए जिसे बाद में चुनावी जुमला बता दिया उनसे बिहार को कोई उम्मीद नहीं है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आज जन्मदिन है और उन्हें तोहफा के रूप में बिहार में नई सरकार गढ़ने का काम बिहार के युवा, महिलाएं, किसान और मजदूर वर्ग करेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, नासिर हुसैन, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, नदीम अख्तर मौजूद रहे।

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की पंचरूपी हनुमान जी की पूजा -अर्चना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी के राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आकर कलियुग के देवता हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस संबध में मंदिर प्रबंध न्ययास समिति के सदस्य आलोक कुमार ने बताया कि इस दौरान श्री चौहान ने मंदिर के विभिन्न विग्रहों की पूजा अर्चना कर बिहार की खुशहाली के लिए वरदान मांगा। इस मौके पर मंदिर प्रबंध न्यास समिति की ओर से उनका स्वागत माला, भोग प्रसाद व अंग वस्त्र देकर किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष कुमार तिवारी ने शिवराज सिंह चौहान को पूजा अर्चना करायी। पूजा अर्चना के बाद शिवराज सिंह चौहान ने बगल के चाय दुकान पर चाय की चुस्की लेते हुए जनता का अभिवादन किया। इस दौरान आमजन ने केन्द्रीय मंत्री के साथ सेल्फी ली। इस मौके पर मंदिर प्रबंध न्यास समिति के सदस्य आलोक कुमार, मंदिर के कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, पुजारी राजेश झा, साकेत परासर, सुबोध तिवारी, ओम तिवारी, भाजपा नेता मनोज शर्मा, राहुल कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मधुबनी में अंतरराष्ट्रीय सीमा सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** बिहार विधानसभा आम चुनाव के दूसरे दिन का मतदान 11 नवम्बर को होगा। शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को रविवार से सील कर दिया गया है। यह कदम चुनावी प्रक्रिया की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चुनाव में कोई भी अप्रत्याशित घटना या बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए उठाया गया है। सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की संख्या को बढ़ाया गया है तथा एसएसबी 48वीं बटालियन जयनगर के अंतर्गत विभिन्न सीमा चौकी पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता और चौकसी के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। सीमा सील होने के कारण जयनगर के बेतौंहा बॉडर कस्टम चेक पोस्ट पर बैरिकेड डाउन कर सभी तरह के आवागमन बंद है। भारत और नेपाल के बीच सीमा लंबे समय से एक संवेदनशील क्षेत्र रही है। चुनाव के अवैध गतिविधियों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा बलों को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। एसएसबी के जवानों को सुनिश्चित किया गया है कि वे न केवल सीमा पर निगरानी बढ़ाएं। बल्कि प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर भी ध्यान दें। इसके अलावा सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मी स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर निगरानी रखें और किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। एसएसबी द्वारा सख्त सुरक्षा व्यवस्था से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए किया गया है। इससे सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को भी यह संदेश मिलेगा कि सरकार उनके सुरक्षा हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

## महागठबंधन की सरकार आई तो 'नरसंहार, खूनखराबा', एनडीए आई तो 'विकसित बिहार': डॉ. दिलीप

### बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सिकटी में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसम्पर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन अररिया जिला के सिकटी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने धर्मगंज मेला मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार मंडल के पक्ष में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मगंज की धरती पर उमड़े अपार जनसमूह ने विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी अटूट आस्था का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि यहां की जनता विकास के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने एनडीए सरकार में बिहार की आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की चर्चा करते हुए राजद के शासनकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद वाली सरकार में बिहार का विकास ठप्प हो गया था। वह सरकार विकास की नहीं, परिवार के उत्थान में जुटी रही। उन्होंने लोगों से कहा कि उस समय सड़क और बिजली की क्या हालात थे जबकि आज स्थितियां बदल गयी है। अब गांव में भी लालटेन नहीं दिखता। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार आई तो फिर वही नरसंहार, खूनखराबा लेकर आएगी जबकि एनडीए आई तो विकसित बिहार बनेगा। उन्होंने आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार मंडल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर सिकटी विधानसभा में विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व की इस यात्रा को और सशक्त करने का आह्वान किया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इसके बाद सिकटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धर्मगंज गांव में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों और एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि विजय बाबू को विजयी बनाने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि बिहार की जनता एक बार फिर एनडीए सरकार बना रही है।

## हिंदुस्तान में दो विचारधाराओं की लड़ाई : राहुल गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**किशनगंज।** नेता प्रतिपक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान में दो विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस देश को बांटना चाहती है। दूसरी तरफ कांग्रेस महागठबंधन देश को जोड़ना चाहती है। राहुल गांधी रविवार को बहादुरगंज खेल स्टेडियम में आयोजित सभा में बोल रहे थे। नेता प्रतिपक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने चार हजार किलोमीटर भारत की यात्रा की नफरत को हटाने के लिए नफरत के बाजार को बंद करना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सोच में नफरत है, वो बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा बीजेपी आरएएस एक तरफ, कांग्रेस पार्टी, तेजस्वी जी एक तरफ। उन्होंने कहा नफरत से विरोधी पार्टी जनता को डराना चाहते है। उन्होंने कहा कि देश व बिहार के युवा को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है। बिहार में में यूनिवर्सिटी, कॉलेज बेची जा रही है या बंद हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अलग-अलग प्रदेशों में मिलेंगे। दुबई में भी मिलेंगे। बिहार के लोग वहां मेहनत करते हैं वो भी दूसरे प्रदेशों में। उन्होंने कहा कि नीतीश जी ने बिहार में मोदी जी ने देश में रोजगार खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा मोबाइल के पीछे देखिए मेड इन चाइना लिखा रहता है। हम चाहते हैं मेड इन बिहार लिखा हो। उन्होंने कहा कि पिछले बीस साल में नीतीश जी ने कितने फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाया। उन्होंने कहा कि अब आकर कहते हैं बिहार में उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं है। वे झूठ बोलते हैं। अमेरिका को हजारों रुपए का मखाना मिलता है, लेकिन बिहार की जनता को मखाना का फायदा नहीं होता है। उन्होंने कहा पहले बिहार में नालंदा यूनिवर्सिटी फेमस थी। दूसरे देशों से लोग आते थे। हम चाहते हैं बिहार में फिर से हाई क्वॉलिटी की यूनिवर्सिटी, कॉलेज बने। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो सरकारी स्कूल इंग्लिश मीडियम की तरह बनेगी, बेहतरीन शैक्षणिक संस्थान खोलेंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी झूठ कहते हैं कि दाम कम किए, लेकिन ये नहीं कहते हैं कि आप रील देखते हैं इसका पास मुकेश अंबानी की जेब में जाता है। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी का नशा ट्विटर, फेसबुक है। उससे रोजगार मिलता है क्या। उन्होंने कहा कि बिहार का युवा रोजगार चाहता है। इक्कीसवीं सदी का नशा नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी आप किसानों से युवाओं से बात नहीं करते कि आपको रोजगार चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने एक प्रेस कांफ्रेंस में चीफ इलेक्शन कमीशन पर आरोप लगाया है कि इलेक्शन कमीशन नरेंद्र मोदी से मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह चुनाव नहीं जीतते हैं। आपका वोट चोरी कर चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी रोकना मेरी जिम्मेवारी है और सबों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि वो भारत की आवाज को दबाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आपने वोट चोरी रोक दी तो महागठबंधन की सरकार बननी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह हमसे डरते हैं। उन्होंने कहा कि अंत में ये पकड़े जाएंगे।

## बिहार की छवि को सुधारने का काम डबल इंजन सरकार ने किया : योगी आदित्यनाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार में जंगल राज के दौरान हुए गंभीर अपराधों से बिहार की छवि को देश और दुनिया में बदनाम किया गया और उस बदनाम छवि को सुधारने काम डबल इंजन सरकार ने किया है। वे आज रविवार को छातापुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय के मैदान में एक जन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के जंगल राज के शासन काल में बिहार में जघन्य अपराध चरम पर थी। लूट, हत्या, अपहरण, अराजकता, गुंडा गर्दी, भ्रष्टाचार और सामूहिक नरसंहार जैसी घटनाओं ने बिहार को बदनाम कर दिया। इससे प्रताड़ित होकर व्यवसाय से जुड़े लोग भी बिहार से अपना रोजगार समेट लिया तथा बिहार को बीमारू राज्य बना दिया गया। इस चुनाव में तरह- तरह का प्रलोभन का सपना दिखाकर फिर कांग्रेस और राजद फिर वही राज-पाठ लाना चाहते हैं जिससे बिहार वासियों को बचाने के लिए एनडीए फिर से लाना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गति को रोकने वालों से बिहार को बचाना होगा अन्यथा बिहार में जंगल राज अगले पांच वर्षों के लिए स्थापित हो जाएगी। श्री योगी ने छातापुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को फिर से सेवा का मौका देने की अपील करते हुए कहा कि बिहार की इस पवित्र धरती पर डबल इंजन की सरकार लाने में बिहारवासियों की भलाई है।

## विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं : अभयानंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के ज्ञान भवन में शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से शिवालिक साइंस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि बिहार के 48वें डीजीपी एवं सुपर 30 के संस्थापक पूर्व डीजीपी अभयानंद रहे। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में बिहार सीबीएसई अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन सिन्हा एवं शिवालिक कॉलेज के चेयरमैन सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व डीजीपी अभयानंद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और




सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन को समझने का तरीका है। साथ ही अभयानंद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं अनुसंधान की भावना को और अधिक प्रोत्साहित करती हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रोहित सिंह एवं शिवालिक कॉलेज के डीन डॉ. सूर मधुर पंत ने बताया कि बच्चों ने अत्यंत जोश और लगन के साथ भाग लेकर विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा और नवाचार भावना को प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कारः बिशप स्कॉट, कैथोलिक स्कूल आरा, लीड्स एशियन, द्वितीय पुरस्कार डीएवी कैंट, रेडिएंट इंटरनेशनल तथा तृतीय पुरस्कार माउंट लिट्रा पटना एवं आरपीएस गर्ल्स स्कूल को दिया गया। कार्यक्रम का समापन विजेता विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के साथ हुआ जहां सभी प्रतिभागियों को शिवालिक कॉलेज की ओर से प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## मझौलिया के दारोगा निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** कर्तव्य में लापरवाही को लेकर मझौलिया के दारोगा अरविंद कुमार को एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि थानाध्यक्ष मझौलिया को सूचना वीडियो प्राप्त हुआ जिसमें मझौलिया थाने के पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद कुमार के द्वारा ड्यूटी के दौरान आम जनों के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। प्राप्त सूचना वीडियो के जांच के उपरांत प्रथम दृष्टया आमजनों से गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किए जाने को लेकर उक्त पुलिस पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी को मिला ब्रिटेन का प्रतिष्ठित 'अंबुज नाथ बोस पुरस्कार'

### एंडोस्कोपी के क्षेत्र में नवाचार के लिए मिला सम्मान, बने दूसरे भारतीय वैज्ञानिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हैदराबाद/पटना।** एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी को लंदन के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस की ओर से वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अंबुज नाथ बोस पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें एंडोस्कोपी के क्षेत्र में उनके अग्रणी योगदान के लिए दिया गया है। रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस का यह पुरस्कार हर साल आयोजित होने वाले ऐतिहासिक हार्वेयन ऑरेशन समारोह के अवसर पर दिया जाता है। यह



परंपरा सन 1656 में प्रख्यात वैज्ञानिक विलियम हार्वे द्वारा स्थापित की गई थी जिसका उद्देश्य चिकित्सा विज्ञान में उत्कृष्ट अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। डॉ. रेड्डी का यह सम्मान भारतीय चिकित्सा जगत के लिए भी गर्व का क्षण है क्योंकि वे इस पुरस्कार को पाने वाले दूसरे भारतीय वैज्ञानिक हैं। उनसे पहले यह सम्मान वर्ष 1998 में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सी. गोपालन को मिला था। एआईजी हॉस्पिटल्स परिवार ने इस उपलब्धि पर डॉ. रेड्डी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने चिकित्सा अनुसंधान में नेतृत्व और नवाचार की मिसाल पेश की है और वे दुनिया भर के चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं।

## कैमूर को जोड़ने वाली सभी सीमाएं सील, एक्शन में प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मतदान के 24 घंटे पहले रविवार की शाम चुनाव प्रचार थमते ही जिला प्रशासन और एक्शन मोड में आ गया। जिला प्रशासन द्वारा जिले को जोड़ने वाली सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है। चुनाव प्रचार के लिए बाहर से आए नेताओं व लोगों को जिला छोड़ने का निर्देश दिया है। जिले के सभी होटलों, रेस्टोरेंट व अन्य स्थानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। किसी बाहरी व्यक्ति को पकड़े जाने पर नियम संगत कार्रवाई होगी।

डीएम सुनील कुमार व एसपी हरिमोहन शुक्ला ने शाम 6:20 बजे कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता आयोजित कर स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक जानकारी दी। डीएम एसपी ने कहा कि जिले के रामगढ़, मोहनियां सुरक्षित, भभुआ व चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। द्वय अफसरों ने बताया कि रामगढ़, मोहनियां व भभुआ के लिए रविवार को अपराह्न 6 बजे से प्रचार-प्रसार बंद हो गया है जबकि चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में अपराह्न 5:00 बजे से प्रचार-प्रसार बंद हो गया है। एसपी ने कहा कि कैमूर जिले के मतदाता व निवासी तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी को छोड़कर बाकी जो भी बाहरी व्यक्ति हैं, वो अविलम्ब जिला छोड़ने का निर्देश दिया गया है। जिले के होटलों, रेस्टोरेंट आदि ठहराव स्थलों में छापेमारी की जा रही है। वाहनों की चेकिंग, चेक नाका पर चेकिंग बढ़ा दी गयी है। बॉर्डर सीमा को सील किया जा चुका है। अंतर्राज्यीय जिलों से भी 11.11.2025 को ड्राई डे घोषित करने का अनुरोध किया गया है। डीएम एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव में गड़बड़ी व व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जेपी के गुनाहगारों की गोद में बैठे लोग शिक्षा न दें: डॉ. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मैदान में भाजपा नेता, पूर्व विधान पार्षद और बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद डॉ. रणबीर नंदन ने मोतिहारी में पार्टी के पक्ष में उतरे। मोतिहारी विधानसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद माननीय राधामोहन सिंह की उपस्थिति में विधायक एवं भाजपा के लोकप्रिय उम्मीदवार प्रमोद कुमार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। मोतिहारी स्थित पटौरा लाला टोला में आयोजित चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राधामोहन सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. रणबीर नंदन ने कहा कि एनडीए सरकार ने देश और प्रदेश में विकास कार्यों के जरिए समाज को नई दिशा दी है।



डबल इंजन की सरकार ने समाज के निचले स्तर तक के विकास के लिए काम किया है। बिहार को जिस प्रकार से पिछली सरकारों ने नीचे धकेलने का कार्य किया। सड़कों से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्र को जिस प्रकार से रसातल में पहुंचा दिया गया था, उससे बाहर निकालने में एनडीए सरकार ही कामयाब हो सकी। डॉ. रणबीर नंदन ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए एनडीए सरकार ने काम किया है। डॉ. नंदन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इंटरनेशनल स्तर पर देश की प्रतिष्ठा स्थापित की है, वह शानदार है। कांग्रेस और राजद हमेशा देश और प्रदेश को पीछे ले जाने में लगी रही है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से देश को पीछे ले जाने का काम किया है, उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। राजद आज ऐसे दल के साथ प्रदेश के चुनावी मैदान में है। डॉ. रणबीर नंदन ने सवाल किया कि बिहार और देश को नई दिशा देने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गुनाहगार कौन थे? जेल की कालकोठरी में उनके साथ ऐसा क्या हुआ कि आखिरकार उनकी जान चली गई। 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री ताशकंद में तो समझौता करने गए थे। उधर से उनका मृत शरीर आया। इसका गुनाहकार कौन था? आज इन मामलों के गुनाहकार कांग्रेस पार्टी के साथ राजद खड़ी है। डॉ. रणबीर नंदन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ही देश एवं प्रदेश की उन्नति के लिए काम कर सकती है। हमारे लिए प्रदेश की उन्नति महत्वपूर्ण है। हमारा परिवार आप सब हैं। समाज के विकास के लिए केवल हम ही आगे आते हैं। अपने घर और परिवार के लिए सत्ता की चाहत रखने वालों को बाहर करने का कार्य करना है। एनडीए उम्मीदवार प्रमोद कुमार के पक्ष में मतदान करें और प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाएं। कार्यक्रम में चित्रगुप्त समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शक्तिधाम में दो दिवसीय मंगसीर बदी नवमी का भव्य आयोजन 12 एवं 13 नवम्बर को

### सुहागिनें अखंड सुहाग के लिए सामूहिक नारायणी मंगल पाठ करेंगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय मंगसीर बदी नवमी का भव्य आयोजन बुधवार एवं गुरुवार 12 एवं 13 नवम्बर को शक्तिधाम, बैंक रोड में किया जाएगा। अग्रसेन भवन में तैयारी की अंतिम समीक्षा हेतु आयोजित बैठक के बाद यह जानकारी मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने दी। अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्री दादीजी का अलौकिक भव्य श्रृंगार देशी एवं विदेशी फूलों से किया जाएगा तथा पूरे शक्तिधाम मंदिर की भव्य सजावट की जायेगी। अग्रवाल ने बताया कि बुधवार 12 नवम्बर को शक्तिधाम में 1100 से अधिक महिलाओं द्वारा सामूहिक श्री दादीजी नारायणी मंगल पाठ संध्या चार बजे से किया जाएगा। सभी महिलायें पीली साड़ी एवं लाल चुनड़ी ओढ़कर एक साथ पाठ करेंगी। अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार 13 नवंबर को प्रातः 6:30 बजे दादीजीकी मंगल आरती होगी। इसके बाद राजस्थानी वेश भूषा में सजी महिलाओं द्वारा श्री दादीजी की पूजा अर्चना किया जाएगा। साथ ही दादीजी को छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि संध्या पांच बजे से दस बजे तक शक्तिधाम महिला मंडल द्वारा सुमधुर भजन एवं कीर्तन का आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि आज की तैयारी बैठक में अमर अग्रवाल, ओम पोद्दार, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, पवन भगत, सूर्य नारायण, संतोष अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

# चुनाव प्रचार थमा, प्रत्याशियों ने किया रोड शो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का प्रचार डिहरी विधानसभा में रविवार शाम थम गया। यहां 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। डिहरी विधानसभा के 2 लाख 97 560 मतदाता 10 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और महागठबंधन व अन्य प्रत्याशियों ने रोड शो और रैलियों को संबोधित किया। अब तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, लोक जनशक्ति पार्टी सुप्रीमो व केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, पार्टी के बिहार प्रभारी अरुण कुमार, महागठबंधन की ओर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, जनसुराज के स्टार प्रचारक आम्रपाली दुबे, आजाद समाजवादी पार्टी के नेता उत्तर प्रदेश के नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा, रैली व रोड शो कर चुके हैं। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशियों ने डोर टू डोर का नया अभियान शुरू कर दिया है। मतदान में अब 36 घंटे शेष बचे हैं और यही वजह है कि अब प्रत्याशी कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते। अपने को जीत के करीब मानने वाले किसी भी दल के नेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रत्याशियों ने वोटरों को अपने पक्ष में गोल बंद करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। सभी कार्यकर्ता और समर्थक अलग-अलग टीम बनाकर अपने विधानसभा क्षेत्र में घूम-घूम कर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

## निडर होकर मतदाता अपने मताधिकार का करें प्रयोग: एएसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** एसडीपीओ सह एएसपी संकेत कुमार ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान की अपील की। कहा कि हर मतदाता निडर होकर मतदान केंद्रो पर पहुंच भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कहा कि प्रशासन ने शांति व सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व तैयारियां की है। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। कहा कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

# शांतिपूर्ण चुनाव को ले वाहन जांच जारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव में विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के सभी थाना क्षेत्र व अंतरराजीय सीमा पर जिला पुलिस व केंद्रीय बल की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चेकिंग जारी है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार नक्सल प्रभावित रहे कैमूर पहाड़ी व उसके पाश्ववर्तीय इलाकों में चुनाव के पूर्व से ही एरिया डोमिनेशन किया गया। उन्होंने बताया कि डिहरी अनुमंडल के उत्तर प्रदेश व झारखण्ड की सीमा तक चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को एरिया डोमिनेशन व वाहन जांच अभियान जारी है। साथ ही जन संवाद किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा गया। साथ ही निष्पक्ष मतदान बाधक तत्वों की सूचना पुलिस को देने को कही। एसपी ने बताया कि आमजनों की समस्याओं का समाधान किया गया जिससे उनमें सुरक्षा की भावना और प्रबल हुई तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हुआ। अभियान में एसडीपीओ दो वंदना ए एसपी अतुलेश झा, जिला पुलिस, केंद्रीय बल व बिहार विशेष सशत्र बल के पदाधिकारियों व कर्मी शामिल थे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सहित छह संस्थाओं ने की एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** माकुन्स प्ले स्कूल ग्राउंड, सोफी हॉस्पिटल सासाराम में कायस्थ विकास परिषद न्यास रोहतास, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रोहतास, महावीर क्विज एंड टेस्ट सेंटर सासाराम, शाक्त अखाड़ा परिषद भारत, अखिल भारतीय संत समिति बिहार, श्रीमद् भागवत चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में सासाराम विधानसभा 208 के सम्मानित मतदाताओं से स्वच्छ एवं कर्मठ प्रत्याशी को अपना-अपना मत देने के लिए प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर प्रवीण कुमार सिन्हा अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा ने की और प्रेस ब्रीफिंग मनीष श्रीवास्तव मैथमेटिशियन सह प्रवक्ता कायस्थ विकास परिषद न्यास ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से पारस नाथ लाल, वीरेंद्र प्रसाद, कायस्थ विकास परिषद न्यास से अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, महासचिव अजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष अमित शेखर, महावीर क्विज एन्ड टेस्ट सेंटर के सचिव शैलेश कुमार, प्रवक्ता राजू, शाक्त अखाड़ा परिषद के महामंडलेश्वर स्वामी रंजितेशानंद जी महाराज सह प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति, श्रीमद् भागवत चेतना समिति के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार पांडेय एवं विवेकानंद चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. गौरी शंकर वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि सासाराम विधानसभा के वर्तमान परिस्थिति के अनुसार हमारा शहर प्राचीन और ऐतिहासिक है जो आप वर्तमान परिवेश में जल जमाव, यातायात समस्या सहित अनेक विकट परिस्थितियों में विकराल रूप से खड़ी है। इन सभी समस्याओं का समाधान जो प्रत्याशी योग्य होगा कर्मठ होगा और अपने उत्तरदायित्व एवं कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने वाला होगा, वैसे ही प्रत्याशी का चयन आमजन को करना चाहिए। हम सभी आपस में संयुक्त रूप से सलाह लेते हुए यह निर्णय लिया कि यहां कुल प्रत्याशियों की संख्या 22 है, लेकिन इसमें श्रीमती स्नेहलता एक ऐसी उम्मीदवार है जिनके पति एनडीए के घटक दल के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री भारत सरकार सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा हैं।

# बिहार में कलम का राज्य स्थापित करेंगे, बदलाव के लिए वोट करें : तेजस्वी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय प्रेमनगर माध्यमिक उच्चतर विद्यालय के खेल मैदान में रविवार को बिहार सरकार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में कलम की राज चलेगा। हमलोग कलम बांटने वाले हैं। इसलिए बिहार में बदलाव के लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि नौकरी के लिए तैयार रहिए जिस परिवार को सरकारी नौकरी नहीं उस परिवार को एक-एक नौकरी दिया जायेगा। महिलाओं को माई-बहिन मान योजना के तहत 2500 रुपए महीना के हिसाब से मकर संक्रांति को एकमुश्त 30 हजार रूपये खाता में जायेगा। जीविका दीदी को स्थाई कर दिया जायेगा। उनको 30 हजार रूपये महीना मिलेगा। गैस सिलेंडर 500 रूपये में मिलेगा। पेंशन 1500 रूपये किया जायेगा। किसानों को बिजली मुफ्त मिलेगी। अन्य परिवारों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि सारे वादे पूरे किए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश सरकार 20 साल तक मुख्यमंत्री के पद पर रख जितना काम नहीं कर पाएं। उतना मैं 20 महीने में कर के दिखाउंगा। लोगों से अपील किया कि इस बार बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी को एक-एक वोट लालटेन वाली बटन पर दबाकर जिताएं। सभा को साधु पासवान, रामनाथ यादव, बेशलाल यादव, कामता यादव, हरे राम यादव ने संबोधित किया।

## दलित, पिछड़ा और मजदूर वर्ग की आवाज को दबाने की हो रही कोशिश : साधु पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** राजद अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष साधु पासवान ने कहा कि देश और राज्य दोनों जगह गरीब, दलित, पिछड़ा और मजदूर वर्ग की आवाज को दबाने की कोशिश हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं 'मोदी की गारंटी-भरोसे की गारंटी', लेकिन देश के करोड़ों बेरोजगार नौजवान पूछ रहे हैं-कहां है वह भरोसे की गारंटी? कहां है रोजगार की गारंटी? आज हालत यह है कि देश में साइकिल चलाने वाला मजदूर, खेत जोतने वाला किसान और पढ़े-लिखे नौजवान तक सब बेरोजगार हैं। महंगाई आसमान छू रही है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा दलितों और पिछड़ों को 'छाती तोड़ने' की बात करते हैं-मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अब वह जमाना नहीं रहा। आज का दलित, आज का पिछड़ा जाग चुका है, शिक्षित है, संगठित है और अपने अधिकारों के लिए लड़ना जानता है और जब एक केंद्रीय मंत्री ललन सिंह खुलेआम यह कहते हैं कि दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों को वोट का अधिकार नहीं होना चाहिए तो यह संविधान पर हमला है, यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों का अपमान है। हम इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। साथियों मैं डिहरी की जनता को याद दिलाना चाहता हूं कि लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में डालमिया नगर को क्रय किया गया था ताकि वहां फिर से रोजगार पैदा हो, लेकिन आज तक वहां का कारखाना बंद पड़ा है। सरकार ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया। इसी तरह पाली पुल वर्षों से बंद है, लेकिन रेलवे और प्रशासन दोनों की चुप्पी बनी हुई है। क्या डिहरी की जनता विकास से वंचित रहेगी?

## कांग्रेस के तीन नेताओं पर कार्रवाई की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडेय ने तीन कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की अनुशंसा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से की है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में जिला अध्यक्ष ने लिखा है कि जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विवेक कुमार उर्फ डब्लू भैया, जिला युवा कांग्रेस प्रवक्ता पंकज कुमार तथा अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन रोहतास श्वेता देवी के द्वारा रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के विरोध में काम किया जा रहा है और पार्टी की विचारधारा के विपरीत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी से इन तीनों नेताओं को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है।

# सासाराम में जनसुराज का शक्ति प्रदर्शन, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के सासाराम में जनसुराज पार्टी ने एक विशाल रोड शो कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस रोड शो में पार्टी के प्रत्याशी विनय कुमार सिंह, नेता सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और लोगों से सीधे संवाद कर जनसमर्थन मांगा। शहर की सड़कों पर निकले इस कारवां को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। जनसुराज का यह रोड शो सासाराम विधानसभा क्षेत्र के बेदा से शुरू होकर सासाराम शहर के फजलगंज, कचहरी, पोस्ट ऑफिस, धर्मशाला, बौलीया, सागर, कादीरगंज, सपुललगंज, छवकोनवा, तकीया, बाराडीह तक पहुंचा। सभी जगहों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पूरे रास्ते में कार्यकर्ताओं ने जनसुराज प्रत्याशी विनय कुमार सिंह जिंदाबाद, प्रशांत किशोर जिंदाबाद नारे लगाए और जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान जनसुराज समर्थकों ने इसे बदलाव की शुरुआत बताया। मीडिया से बात करते हुए जनसुराज के प्रत्याशी विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने अचानक खजाना खोल दिया है। यह जनसुराज के अभियान का ही असर है कि योजनाओं की घोषणा की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार की जनता ने बदलाव का निश्चय कर लिया है और जनसुराज सत्ता में आकर पूरे राज्य का परिदृश्य बदल देगा। जनसुराज के रोड शो में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यकर्ताओं और आम जनता के उत्साह से यह साफ दिखा कि जनसुराज प्रत्याशी की जीत पक्की है। पार्टी का दावा है कि जनसुराज प्रत्याशी विनय कुमार सिंह भारी मतों से विजयी होंगे।

# रविदास समाज ने एनडीए प्रत्याशी स्नेहलता को दिया अपना समर्थन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय आकाश होटल में रविवार को तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के रविदास समाज की ओर से विधानसभा चुनाव को लेकर एक बैठक आहूत की गई जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके बाद पूरे समाज द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में सासाराम विधानसभा से एनडीए समर्थित आरएलएम पार्टी के उम्मीदवार स्नेहलता को सम्पूर्ण समर्थन देना है। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अमन कुमार दास तो वही कार्यक्रम का संचालन जदयू नेता अरुण कुमार द्वारा किया गया। बैठक में काफी संख्या में लोग पहुंचे जहां महिलाओं की संख्या काफी देखने को मिला। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपना सम्बोधन किया। कार्यक्रम की शुरुआत के कुछ ही देर बाद प्रत्याशी स्नेहलता बैठक में भाग लेने पहुंची जहां उपस्थित लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। खासकर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं में काफी जोश और जुनून देखने को मिला। उसके बाद स्नेहलता ने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों को बतायी और बोली कि महिलाओं का विकास और सुरक्षा केवल एनडीए सरकार ही कर सकती है। उन्होंने नीतीश कुमार द्वारा दलित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए किए गए कार्यों को भी बतायी। उन्होंने बताया कि 2005 से पहले कैसे दलितों और शोषितों पर अत्याचार किया जाता था, लेकिन जब से बिहार में नीतीश कुमार और एनडीए की सरकार बनी तब दलितों का विकास काफी हद तक हुआ। इसलिए उन्होंने एनडीए के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की। कार्यक्रम में आरएलएम के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार, समाजसेवी ओम जी, मुखिया प्रतिनिधि विनोद राम, सुरेंद्र राम, अजय कुमार, रवि कुमार, गजेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# उग्रवाद प्रभावित अधिकांश गांवों में पीने के पानी की घोर किल्लत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** विधानसभा क्षेत्र सू207 कैमूर पहाड़ी के उग्रवाद प्रभावित के अधिकांश गांव इस क्षेत्र में पड़ते हैं। विधानसभा के चुनावी महासंग्राम में इस विधानसभा के लोग पेयजल की समस्या को लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या पानी की है। कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल की समस्या के लिए लोग तरसते रहे हैं। चेनारी विधानसभा क्षेत्र दो भागों में बंटा हुआ है चेनारी के बारह शिवसागर के आठ पंचायत जिला मुख्यालय से पश्चिम और दक्षिण दिशा में है जबकि ठीक इसके विपरीत नौहटा व रोहतास के बीस पंचायत दूसरी तरफ पड़ता है। अधिकांश गांव में पेयजल की किल्लत रहती है। चुनाव हो रहा है अधिकांश भागों में पेयजल की संकट प्रचंड रूप लेनी शुरू कर दी है। चुनाव शुरू होते ही गांव के चौपाल पर पेयजल संकट की खूब चर्चा हो रही है। दो घुंट जल के लिए तरसते हैं इस विधानसभा में दो दर्जन ऐसे भी गांव हैं जहां पेयजल की समस्या को लेकर लोग अपने गांव से पूरे गर्मी माह में अधिकांश लोग पलायन कर जाते है। कई ऐसे गांव हैं जहां पेयजल की समस्या को लेकर शादी विवाह रुक जाती है इस विधानसभा में 306600 मतदाता हैं। जिला पूर्ण भाग पहाड़ी इलाका पड़ता है अधिकांश पहाड़ी भागों में पेयजल बहुत बड़ी समस्या है। चेनारी प्रखंड के भुरकुंडा और उरदगा औरैईया गांव प्रत्येक वर्ष पशुपालक गर्मी आने से 1 सप्ताह पूर्व ही पेयजल समस्या को लेकर पशु को लेकर पलायन हो जाते हैं। इस गांव में आज भी लोग गांव के जर्जर कुआं से प्यास बुझा रहे हैं। गांव में सरकारी चापाकल लगे हैं, लेकिन गर्मी शुरू होते ही यह चापाकल से पानी देना बंद हो जाता है। उधर नौहटा प्रखंड के दो दर्जन ऐसे गांव हैं जहां गर्मी में प्यास बुझाने के लिए लोग गांव से कोसों दूर पहुंचकर सोन नदी व नदी झरने के पानी से प्यास बुझाते हैं यहां से भी पशुपालक पलायन कर मैदानी भागों में अपना डेरा जमाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई गांव में पेयजल समस्या को लेकर मुख्यमंत्री निश्चय योजना के तहत विगत पांच सालों से नल-जल योजना शुरू की गई है, लेकिन अभी भी यह नल जल योजना पूर्ण रूप से चालू नहीं हो पाया है कहीं जमीन में पानी नहीं मिलना कहीं ठेकेदारों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बोरिंग कर समर समरबुल डालना पानी टंकी स्थल पर ही सप्लाई करता है। पूरे गांव में सप्लाई नहीं होती है। कहीं गांव में पाइप बिछाकर सप्लाई आपूर्ति नहीं की गई है। गांव में गर्मी की शुरुआत होते ही पेयजल की विकट स्थिति हो जाती है। पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि आजादी से अब तक पानी के लिए हम लोग तरस रहे हैं। सरकार हम लोगों को पेयजल की समस्याओं से भी निजात नहीं दिला रही है। कई स्कूलों में भी पेयजल अभाव के कारण मिड डे मील बंद हो जाते हैं। छात्रों को खाना खाने के बाद प्यास बुझाने के लिए घर आना पड़ता है। कैमूर पहाड़ी की तराई वाले भाग में भी यह समस्या है। हालांकि इस बार अधिकांश गांव में नल-जल योजना के तहत बोरिंग कर समरसेबल चालू कर दिया गया है जहां से लोग जल अपने घर पर ले जा रहे हैं, लेकिन कई गांव में जमीन के अंदर पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है।

## वरिष्ठ समाजसेवी विवेक पांडेय सोनू ने वृक्षारोपण कर मनाया शिवानी का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करगहर (रोहतास)।** आज के परिवेश में बेटियों का दर्जा बेटों से कम नहीं है। बेटियों ने गौरवान्वित करने के लिए कभी शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम कमाया तो कभी खेल के मैदान में। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक बेटी का जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया गया। करगहर निवासी गणेश पाण्डेय की पुत्री शिवानी पांडेय के जन्मदिन पर वरिष्ठ समाजसेवी विवेक पांडेय सोनू ने पहुंचकर आशीर्वाद दिया। वहीं एक पौधा लगाकर पर्यावरण का संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि बिटिया के जन्मदिन पर पेड़ लगाना शुभ होता है। उन्होंने कहा कि बेटियां भगवान की दी हुई सबसे बड़ा वरदान होती है जिसे हम घर की लक्ष्मी का दर्जा देते हैं। मौके पर पांडेय परिवार के नाम से मशहूर फेसबुक इंफ्लूएंसर यूट्यूबर प्रियंका पांडेय, रवि पांडेय, राहुल पांडेय, अजय पांडेय, पप्पू पांडेय, सत्यम पांडेय, अंकित पांडेय व डिलू पांडेय सहित कई अन्य मौजूद रहे जहां केक काट कर बिटिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। वहीं गणेश पाण्डेय के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी विवेक पांडेय सोनू को अंगवस्त्र व पुष्प हार से सम्मानित किया गया।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 79, गौड़ा बौराम | अफजल अली खाँ | ACJM-I Bisaul, जमालपुर थाना काण्ड सं०-61/10, | धारा-147, 148, 341, 323, 504 भा.द.वि. आर्म्स एक्ट, आर्म्स एक्ट | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 79, गौड़ा बौराम | अफजल अली खाँ | ACJM-II Bisaul, जमालपुर थाना काण्ड सं०-84/19 | धारा-341, 323, 504/34 भा.द.वि., स्वेच्छा से चोट पहुंचाना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# निष्पक्ष मतदान हेतु 399 बूथों के लिए तैयारी पूरी कर्मियों को आज मिलेगी इवीएम व वीवीपैट

**तैयारी**




इंटर विद्यालय डिस्पैच सेंटर से सामग्री वितरण संपन्न।
बूथों पर रैंप, पेयजल और 'पिट्ठू बैग' की सुविधा सुनिश्चित।

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के 11 नवंबर को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुविधापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। रजौली स्थित इंटर विद्यालय के प्रांगण में रविवार को डिस्पैच सेंटर से कुल 399 बूथों के लिए आवश्यक मतदान सामग्री का वितरण निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, डीएसपी गुलशन कुमार, दंडाधिकारी अशोक कुमार जिज्ञासू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने जानकारी दी कि मतदान प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण अब इवीएम और वीवीपैट के वितरण का है,जिसके तहत सोमवार को अहले सुबह से ही मतदान कर्मियों के बीच इवीएम एवं वीवीपैट का वितरण शुरू होकर संध्या तक बैलेट यूनिट का अंतिम वितरण किया जाएगा। सामग्री वितरण के दौरान बैलेट पेपर,कंपार्टमेंट, प्रपत्र, पिंक पेपर, पेपर सील और अमिट स्याही जैसी सभी आवश्यक सामग्री पीठासीन अधिकारियों को सौंप दी गई और कागजात की सुरक्षा के लिए मतदान कर्मियों को साधारण थैले के बजाय 'पिट्ठू बैग' दिए गए।लॉजिस्टिक्स के लिए कुल 49 सेक्टरों में 300 जीपीएस-ट्रैक लगे वाहन चुनाव कार्य में लगाए गए हैं,और प्रशासन ने मतदान कर्मियों के ठहरने, भोजन और परिवहन की पुख्ता व्यवस्था भी की है। प्रशासन ने जोर दिया है कि सभी बूथों पर 'सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं' उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि कुल 3,30,746 मतदाताओं को, जिनमें 1,58,427 महिला और 1,72,302 पुरुष मतदाताओं को बिना किसी असुविधा के मतदान का अवसर मिल सके, इसके तहत सभी मतदान केंद्रों पर रैंप की व्यवस्था की गई है। जिससे दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान कक्ष तक पहुंचने में आसानी होगी।बुनियादी सुविधाओं के तहत हर बूथ पर पेयजल,शौचालय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और प्रतीक्षालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। ब्रीफिंग के दौरान सभी मतदान कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, शुचिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उनके कर्तव्यों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई है।

## विस चुनाव को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर टेहटा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में एरिया डोमिनेशन एवं बूथ सत्यापन का कार्य किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन एवं बूथ सत्यापन का कार्य किया गया है। साथ ही लोगों को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील भी की है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के चक ढोंढा, इक्किल ढोंढा, मलाठी, सुगाँव, सुमेरा, बेरथु , सहित विभिन्न गांव में पुलिस पदाधिकारीयो के साथ फ्लैग मार्च एवं बूथ सत्यापन का कार्य किया गया है। जिसका सीधा उद्देश्य है कि आम लोग भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। साथ ही उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कुछ लोगों को चिन्हित भी किया गया है, यदि चुनाव के दौरान किसी प्रकार का उपद्रव फैलाने का प्रयास किया गया तो उन लोगों के विरुद्ध विधि संवत कार्रवाई की जाएगी। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान भी और तेज कर दिया गया है। जिसमें वाहनों की डिक्की, बैग, सहित संदिग्ध चीजों की तलाशी की जा रही है।

# करंट से दंपती की मौत, खेत में सिंचाई के दौरान हादसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में रविवार को खेत की सिंचाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बोरिंग से पानी चलाकर खेत में पटवन कर रहे एक दंपती की बिजली के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक चिट्टू बिंद (45) और उनकी पत्नी बबीता देवी (40) छह बच्चों के माता-पिता थे। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना पूरब पहियारा खंधा में तब हुई, जब चिट्टू बिंद सिंचाई के दौरान पानी का लीकेज देख उसे बंद करने के लिए आगे बढ़े। इस दौरान वह वहां पड़े एक कटे हुए बिजली तार के संपर्क में आ गए और करंट लगने से गिर पड़े। पति को तड़पता देख पत्नी बबीता देवी उन्हें बचाने दौड़ीं, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गईं और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने दोनों को गिरा देखा तो तुरंत बिजली की आपूर्ति बंद कराई और लोगों को जुटाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पर मृतकों के परिजन और रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ललित विजय ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिट्टू बिंद और बबीता देवी की पांच बेटियां और एक बेटा है। दोनों की अचानक मौत से छह बच्चों पर बड़ा संकट आ गया है। गांव में हर किसी की आंखें नम हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है। यह दर्दनाक हादसा खेतों में बिजली के खुले तारों और सुरक्षा व्यवस्था की लापरवाही पर सवाल खड़ा करता है। गांववासी मांग कर रहे हैं कि इस मामले में जांच हो और जिम्मेदारों पर कार्रवाई के साथ-साथ परिवार को सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

## रफीगंज में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइमस संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए रविवार को रफीगंज शहर में प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल हुए। इसमें थाना प्रभारी और पुलिस बल भी शामिल थे। मार्च का मकसद असामाजिक तत्वों में भय पैदा करना



और आम लोगों में प्रशासन के प्रति भरोसा कायम करना था। क्षेत्र के मुख्य बाजार, मेन रोड, महाराजगंज कलाली रोड से होते हुए थाना परिसर में जाकर समाप्त हुआ। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे बिना किसी डर या दबाव के मतदान करें और शांति बनाए रखें।

# मतगणना को लेकर डीएम ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आगामी 14 नवंबर 2025 को नालंदा जिले की सभी सात विधानसभाओं के चुनाव परिणामों के लिए मतगणना की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में आ गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा वार निर्वाची पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मतगणना कार्य से जुड़े तमाम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। गौरतलब है कि नालंदा जिले के 171 अस्थावां, 172 बिहारशरीफ, 173 राजगीर (अ.जा.), 174 इस्लामपुर, 175 हिलसा, 176 नालंदा तथा 177 हरनौत विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मतदान के बाद सभी पोल्ड इवीएम/वीवीपैट को नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ स्थित वज्रगृह सह मतगणना केंद्र में सुरक्षित रखा गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था किसी भी हालत में कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया



कि प्रत्येक निर्वाची पदाधिकारी प्रतिदिन वज्रगृह का निरीक्षण सुनिश्चित करें। 24x7 सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा बलों की तैनाती सतत जारी रहे। नियंत्रण कक्ष में विधानसभा वार सीसीटीवी फीड टीवी स्क्रीन पर लगातार प्रदर्शित होती रहे, जहां राजनीतिक दलों के अभिकर्ता पारदर्शिता के साथ सुरक्षा व्यवस्था देख सके। पार्टी अभिकर्ता प्रति घंटे निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी में समय व हस्ताक्षर दर्ज करेंगे, जिसकी निरंतर वीडियोग्राफी की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि वज्रगृह और मतगणना केंद्र में बिजली, इंटरनेट और सीसीटीवी सिस्टम किसी भी पल बाधित नहीं होना चाहिए। इसके लिए जेनसेट और इन्वर्टर बैकअप पूरी तरह एक्टिव रखा जाए। सभी सीसीटीवी कैमरे रोजाना टेस्ट किए जाएं।किसी भी तकनीकी त्रुटि के समाधान हेतु पालीवार तकनीकी कर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। शॉर्ट सर्किट व आगजनी से सुरक्षा के लिए आवश्यक उपकरण और सुरक्षा मानकों का अनुपालन अनिवार्य होगा। उन्होंने साफ कहा कि इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतगणना केंद्र में प्रवेश से पहले सभी कर्मचारी, पदाधिकारी और मजदूरों की गहन फ्रिस्किंग की जाएगी। सामग्री लेकर आने वाले वाहनों की सख्त चेकिंग होगी। पहचान पत्र अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि वज्रगृह और मतगणना केंद्र में सुरक्षा की तीन स्तरीय व्यवस्था पहले से लागू है, जिसे और मजबूत बनाए रखा जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतगणना कर्मियों की पूर्व-निर्धारित विस्तृत ब्रीफिंग कराई जाए ताकि मतगणना की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पूरी तरह पारदर्शी निष्पक्ष और सुचारू ढंग से संपन्न हो।

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। नवादा विधानसभा चुनाव आगामी 11 नवम्बर को होगा। प्रशासनिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है। नारदीगंज में आगामी 11 नवम्बर 2025 को 93 हजार 117 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 118 मतदान केंद्र बनाया गया है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा शांतिपूर्ण,भयमुक्त, निश्चय मतदान कराने के लिए 18 सेक्टर पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सेक्टर पदाधिकारी में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामसागर पाल को मतदान केंद्र संख्या एक, दो,13, 14 और 77 मतदान केंद्र पर रहेंगे। मध्य विद्यालय हंड़िया के प्राचार्य मनोज कुमार झा को मतदान केंद्र संख्या तीन, चार, पांच, आठ, नौ,10,15 और 16 में,उच्च माध्यमिक विद्यालय सभड़ी प्राचार्य सुबोध कुमार को मतदान केंद्र संख्या छह, सात, 75,76,78,79,80,81, उच्च माध्यमिक विद्यालय कोसला प्राचार्य दिलीप कुमार मिश्र को




मतदान केंद्र संख्या 11,12,17,18,19,20,21 मध्य विद्यालय पंडपा प्राचार्य विपिन कुमार विमल को मतदान केंद्र संख्या 22,23,24,25,26 उच्च माध्यमिक विद्यालय धनियावां प्राचार्य दुष्यन्त कुमार को 27,28,29,30,31,32,33 मध्य विद्यालय पड़रिया संजय कुमार को मतदान केंद्र संख्या 38,39,40,41,44,45 इंटर विद्यालय नारदीगंज प्राचार्य कृष्णकांत ईचा गुट्टू को मतदान केंद्र संख्या 34, 35, 36, 37, 42 प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेक कुमार गौरव को मतदान केंद्र संख्या 43, 49, 50, 51, 52, 53, 54,118 मध्य विद्यालय मधुवन प्राचार्य राजेन्द्र चौधरी को मतदान केंद्र संख्या 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61 गायत्री युगल इंटर विद्यालय डोहरा आंगे प्राचार्य राजेश कुमार को मतदान केंद्र संख्या 62, 63, 64, 65, 46, 47 इंटर विद्यालय ओड़ो प्राचार्य लक्ष्मीकांत लांगुड़ी को मतदान केंद्र संख्या 48,110,111,112,113 बीसीओ दीपक सक्सेना को मतदान केंद्र संख्या 66, 67, 68,69, 70,71,82, 83 उच्च माध्यमिक विद्यालय कहुआरा प्राचार्य विजय कुमार शर्मा को मतदान केंद्र संख्या 72, 73, 74, 87, 88, 89, 90,105 उच्च माध्यमिक विद्यालय डोमावर प्राचार्य प्रकाश को मतदान केंद्र संख्या 84, 85, 86, 91, 92, 93, 94, 95 कृषि समन्वयक संजय कुमार को मतदान केंद्र संख्या 96,97,102,103,104,106 कृषि समन्वयक अजय कुमार को मतदान केंद्र संख्या 107, 108, 98, 99, 100, 101 मध्य विद्यालय कहुआरा प्राचार्य सुधांशु कुमार को मतदान केंद्र संख्या 109,114,115,116 और 117 मतदान केंद्र की जिम्मेवारी दी गई है।

# सागर इंडिया चला रहे मतदाता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। फिल्म अभिनेता सागर इंडिया मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं। चौखट संस्था के बैनर तले सागर इंडिया की टीम अपने लिखे गीत कविता और नाटक के माध्यम से जिले के मतदाताओं को जागरुक करने में जोर सोर से लगे हैं। इसी क्रम में, आज नानू बीघा स्थित नेक्स्ट विजन लाइब्रेरी के समीप नुक्कड़ नाटक मतदान हम करें का प्रदर्शन किया गया। जिसका लेखन और निर्देशन सागर इंडिया ने किया। जिसमें प्रमुख कलाकार सागर इंडिया, अनुराधा पंडित, आदित्य आर्यन, आयुष राज, सचिन कुमार ने अपने अभिनय से मतदाताओं को मतदाता जागरूकता को लेकर आकर्षित किया और उन्हें एक-एक वोट की कीमत, अपने अभिनय से समझने की कोशिश की। वही इस नाटक में स्कूल जाते बच्चे की भूमिका में, आदित्य आर्यन ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। आदित्य ने अपने अभिनय से सबसे अपील किया कि वह एक छोटा बच्चा है पर अपने 18 साल होने का इंतजार कर रहा है। ताकि वह भी लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बन सके और मतदान कर सके। वहीं सागर इंडिया के लिखे मतदाता जागरूकता गीत जो इन दोनों वायरल हो रहे हैं अधिकार वोट मेरा, मतदान करें हम, अपनी उंगलियों की ताकत कि, पहचान करें हम, मतदान करें हम, मतदान करें हम। ने नए मतदाताओं को उत्साहित किया। अपने देसी अंदाज में मगही गीत वोटवा जरूरी है जी, देशवा के शान में, राष्ट्र धर्म ई भी है जी, राष्ट्र निर्माण में। गाकर मतदाताओं को मगही में मतदाता से मतदान देने की अपील की गई।

# कौन बनेगा त्रिकोणीय चुनावी चक्रव्यूह का अभिमन्यु

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा**

**नवादा**। विधानसभा चुनाव के आखिरी दिन प्रचार का शोर थम गया। किंतु चुनावी चर्चाएं गली गली गूंजने लगी है । हरेक नेता कार्यकर्ता अपने अपने प्रत्याशी की हवा बनाने में लगे हैं। उम्मीद से अधिक दावे प्रतिदावे में सभी उम्मीदवार कम से कम 50 हजार वोटों के अंतर से जीत रहे हैं। हालांकि प्रत्याशियों के चेहरे पर शिकन बढ़ता जा रहा है और अंदरूनी जोड़ घटाव में आटा-दाल का भाव साफ नजर आ रहा है। नवादा विधानसभा क्षेत्र में कुल 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। किंतु मुख्य मुकाबला त्रिकोणीय है। जिसमें एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी विभा देवी, महागठबंधन से राजद प्रत्याशी कौशल यादव और जन स्वराज पार्टी से अनुज सिंह का नाम उल्लेखनीय है। चौथा ध्रुव हिंदुवादी नेता जितेंद्र प्रताप जीतू जी बना रहे हैं। जो निर्दलीय ताल ठोक कर तीनों प्रत्याशियों का गणित गड़बड़ाने के लिए काफी है। वैसे चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि आखिरी मुकाबला आमने सामने का होना तय है क्योंकि जातीय समीकरण और वोटों का ध्रुवीकरण ही मुकाबले का मुख्य फैक्टर हो जाता है। इस हिसाब से देखें तो विभा देवी को मोदी-नीतीश की जोड़ी के अलावे पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद का खुल्लम खुल्ला आशीर्वाद प्राप्त है। इसलिए जनाधार का मिजाज कुछ ज्यादा ही आश्वस्त है । हालांकि उनके कोर वोटर में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि भूमिहार वोटरों पर अनुज सिंह की दावेदारी आज भी बरकरार है। वैसे बौद्धिक वर्ग का मानना है कि अनुज सिंह को केवल भूमिहार वोट से जीत दिलवाना कठिन है। कुछ अन्य वर्गों का भी लाभ मिल रहा है। इसलिए मतों का बिखराव रोक कर ही राजद उम्मीदवार को हराया जा सकता है। जाहिर है इस परिस्थिति में विभा देवी को लाभ मिलेगा । बाजार वोट पर जितेंद्र प्रताप जीतू फन काढ़ कर बैठे हैं, विभा देवी के ताबड़तोड़ जनसंपर्क ने उसे निरस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पिछड़ा, अतिपिछड़ा, कोयरी कुर्मी और महिला वोट आज भी जदयू के लिए सुरक्षित माना जा रहा है। पचपौनियां का वोट भी इनके लिए महत्वपूर्ण है।

अगर बात करें राजद के उम्मीदवार कौशल यादव की तो उनका कोर वोटर यादव और मुस्लिम है। जिसकी संख्या नवादा में अच्छी खासी है। इस वोट को खराब करने में राजद के केंद्रीय नेतृत्व ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। पिछले चुनाव में जदयू उम्मीदवार रहकर भी ये तीसरे स्थान पर खिसक गए थे। इस बार राजद के प्रति जातीय संवेदना को तोड़ने में पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद सफल हो रहे हैं। यहां के यादव समुदाय राजबल्लभ प्रसाद को ही नेता मानता रहा है। यादवों का वोट राजद में ही जाता है। लिहाजा बड़ी संख्या में इन वोटो का ध्रुवीकरण हो सकता है। गोविंदपुर से मो कामरान का टिकट काटने पर यहां के मुस्लिम मतदाता पहले ही नाराज हो चुके हैं। ऊपर से ओवैसी की पार्टी ने मुस्लिम वोटर में सेंध लगा दिया है। कुल मिलाकर नवादा 237 विधान सभा क्षेत्र का परिणाम स्पष्ट रूप से झलक रहा है। वैसे चुनाव में पल पल परिस्थितियां बदलती है। इसलिए अभी कुछ भी कहासुनी केवल अनुमान ही हो सकता है। देखना यह है कि इस चुनावी चक्रव्यूह को कौन अभिमन्यु भेद पाता है? नवादा विधानसभा का चुनाव परिणाम भूमिहार और यादव वर्ग पर निर्भर हो गया है।

# नवादा की छात्राओं ने रग्बी प्रतियोगिता में प्राप्त किया स्वर्ण पदक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रकाश प्रिय रंजन ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर, नवादा की छात्राओं ने जिले का नाम रोशन किया है। 8 नवम्बर 2025 को अरवल जिले में आयोजित बिहार सरकार स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रग्बी प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर-14 वर्ग में राधा कुमारी (वर्ग-9), सपना कुमारी (वर्ग-8) एवं मुस्कान कुमारी (वर्ग-8) ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं अंडर-17 वर्ग में कंचन कुमारी (वर्ग-11) ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के कोच इंद्रजीत कुमार (नेशनल प्लेयर) एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक करुणाकर पटेल को दिया, जिनके मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रशिक्षण से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर नवादा न्यायालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार मंगलवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर नवादा व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लाइब्रेरी हॉल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के




निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिल्पी सोनीराज व सचिव के साथ उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, मध्यस्थ अधिवक्ताओं, पैनल एवं डिफेंस अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों तथा पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष शिल्पी सोनीराज ने बताया कि हर वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार, मध्यस्थ गौरी शंकर प्रसाद सिंह, पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार, अरुण कुमार वर्मा, निरंजन कुमार, डिफेंस अधिवक्ता मो. साजिद अयूब खान, अमन जैन, अधिवक्ता रूपम कुमारी सहित न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभी कर्मी, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनता की आशाओं पर खरा उतरने का डॉ. अनुज ने दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले में अवस्थित इंग्लिश मॉडर्न स्कूल के सभाकक्ष में जन सुराज पार्टी की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को जन सुराज पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मो मसीह उद्दीन जन सुराज के प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह ने संबोधित किया। प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद सैयद मसीह उद्दीन ने प्रेस वार्ता के माध्यम से कहा की अब बिहार विधानसभा चुनाव के आखरी वक्त तक जन सुराज के साथियों तथा मतदाताओं को तन-मन-धन से मदद करने की एक मार्मिक अपील की।। उन्होंने कहा कि आपके आशा व अपेक्षा पर हम हमेशा खरा उतरने की गारंटी देते हैं ।

जन सुराज के प्रवक्ता ने आगामी 11नवम्बर 25 को होने वाले बिहार विधानसभा के दूसरे चरण




की चुनाव में नवादा जिला के पांचो विधानसभा से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट देकर बहुमत से विजयी बनाने की अपील की जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि पिछले 35 वर्षो से नवादा विधान सभा पर बर्चस्व व कब्जा या बंधक बना रहा है। मौजूदा वक्त की पुकार है कि एक सांपनाथ और दूसरे नागनाथ के हाथों में साढ़े तीन दशकों से कैद बेड़ी से मुक्ति दिलाना मेरी प्राथमिकता है । नवादा विधानसभा के जिन गांव में स्कूल नहीं है,वहां स्कूल खुलवाना, शिक्षा और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करना है। क्षेत्र के भूमिहीनों को बासगीत हेतु 5 - 5 डिसमिल जमीन उपलब्ध करवाना, बेघर वालों को पीएम आवास योजना के जरिये पक्का मकान मुहैय्या कराना,पेयजल और कृषि के क्षेत्र में हर खेत को पानी और हर हाथ को रोजगार से जोड़ना। साथ ही शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के लिए बिहारियों को अब दूसरे प्रदेश में पलायन करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। जन सुराज पार्टी के द्वय नेताओं ने खुलेआम कहा कि नवादा विधानसभा में शांति, सुरक्षा, विकास और समरसता के मूल दृष्टिकोण से जन सुराज के कर्मठ उम्मीदवार को बहुमत से बिहार विधानसभा भेंजे ताकि नवादा का समग्र चौमूंखी विकास द्रुतगति से हो सके।

# राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से हार रहे हैं तेजस्वी : नीरज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता व एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि महागठबंधन अपनी हार के भय से बौखला गया है। इसी बौखलाहट में अनाप-शनाप बयान देना शुरू किया है। नीरज कुमार रविवार को नवादा में महागठबंधन के प्रत्याशी विभा देवी के कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवादा जिले के सभी पांच विधानसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी। राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से खुद हार रहे हैं, इसका भय उन्हें पहले ही हो चुका था। इसलिए वे चुनाव प्रचार के दौरान



अपनी माता और बहन से क्षेत्र में प्रचार करवाने का काम किया। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब तेजस्वी नीतीश कुमार के साथ 17 महीने तक साथ रहे और शिक्षक नौकरी देने की बात करते हैं तो मैं खुले रूप से चैलेंज देता हूं कि वह बताएं कि किस फाइल के माध्यम से उन्होंने यह नौकरी दिलाने का काम किया। तेजस्वी यादव पर बरसते हुए नीरज कुमार ने कहा कि शिक्षा मंत्री उनके ही पार्टी के थे और उन्होंने शिक्षकों की नौकरी से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। जब इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लगी तो उन्होंने स्वयं ही शिक्षक नियोजन फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए इसे 72 घंटा के अंदर विधानसभा से पारित भी कर लिया। तेजस्वी और राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों चुनाव में बौखलाहट से काम ले रहे हैं। तभी कीचड़ में उछलकर तालाब को स्विमिंग पूल समझने लगे हैं। वे कुछ दूर और जाते तो उन्हें सिमरिया घाट का बेहतर सजावट किया हुआ पुल नजर आता। कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि अब इन लोगों का दिन लद गया है। अपने मां-बाप के सरकार की चर्चा नहीं करते हुए वह सिर्फ झूठ का पुलिंदा और झांसा देकर पब्लिक को भरमाने का काम कर रहे हैं। पब्लिक ऐसे लोगों के झांसे में नहीं आने वाली है और फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इस मौके पर प्रणव कुमार पांडे, दीपक कुमार मुन्ना, डॉ राजीव रंजन, जदयू जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, संतोष कुमार सिन्हा, अनिल कुमार चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, मनोहर पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## मतदाताओं को मतदान करने के लिए दिलाई गई शपथ

**नारदीगंज (नवादा)**। नवादा विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकांश अनुसूचित जाति के मतदाता रहें। यह कार्यक्रम नारदीगंज पंचायत वार्ड दस में आयोजित कर मतदान की महत्ता के बारें में जानकारी दी गई। अध्यक्षता सरपंच प्रवेश रविदास ने की। सरपंच ने कहा कि आगामी 11 नवम्बर 2025 मंगलवार को चुनाव है। आपका वोट बहुमूल्य होता है। जब इसकी अहमियत देश व समाज की दिशा देंगे। जनता समझ लें। तो यह किसी को सबक से कम नहीं होता है।

# मंडल कारा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के निर्देशन में आज मंडल कारा, नवादा में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेल प्रशासन एवं डिफेंस




अधिवक्ताओं द्वारा पारा विधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में डिफेंस अधिवक्ता उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 09 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य हमारे संविधान में निहित प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करना है, विशेषकर समाज के गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। यह दिवस विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के लागू होने की स्मृति में मनाया जाता है, जो 9 नवंबर 1995 को अस्तित्व में आया। इस अवसर पर डिफेंस अधिवक्ता उमेश्वर प्रसाद सिंह एवं धमेंद्र कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं जेल प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया : सीएम नीतीश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** रविवार को टिकारी विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी व निवर्तमान विधायक डॉ अनिल कुमार के पक्ष में वोट मांगने के लिए बिहार के निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मखपा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की प्रगति में बिहार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बिहार को बहुत आगे जाना है इस कारण 2005 के बाद वाली सरकार ही जनता चाहती है। रविवार को वायु मार्ग से चुनाव प्रचार अभियान समाप्त होने के कुछ घंटों पूर्व पहुंचे सीएम ने जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने 2005 के बाद सूबे को एक अलग दिशा दी है। वर्ष 2006 में स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। सरकार की उपलब्धि को गिनाते हुए श्री कुमार ने कहा कि बीपीएससी से सरकारी शिक्षकों की बहाली की, पांच राउंड में से तीन राउंड में दो लाख बासठ हजार लोगों की नियुक्ति हो गई है और 77 हजार बचे है उनकी भी बहाली होना ही है। राज्य में सड़क व पुल पुलिया का निर्माण कराया गया है। 2015 में सात निश्चय के तहत 2020 में सात निश्चय 2 के तहत काम किया। सभी विकास का काम तेजी से व अंतिम चरण में है। नौकरी देने की बात कहते हुए श्री कुमार ने कहा कि दस लाख नौकरी हमने दी, 10 लाख रोजगार को बढ़ाते हुए 40 लाख किया है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार मिलेंगे। हर तरह से काम किया। मुस्लिम समुदाय के लिए सभी मांग पूरी की। सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ा दी, बिजली की स्थिति पहले वाली सरकार ने कुछ नहीं किया था, लेकिन हमलोगों ने उसे दुरुस्त किया। इस बार सरकार बनने पर घरों में सोलर भी लगाये जाएंगे। इसके अलावा श्री कुमार ने गयाजी व टिकारी में कराये गये विकास कार्य को गिनबाए व एनडीए समर्थित हम प्रत्याशी डॉ अनिल कुमार को जीत का माला पहना पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके अलावा जन सभा को विजय चौधरी, पूर्व सांसद सुशील सिंह, राम कृपाल यादव, प्रत्याशी डॉ अनिल कुमार सहित अन्य नेताओं ने जनसभा को सम्बोधित किया। नीतीश कुमार के आगमन पर नेताओं ने माला पहना स्वागत किया। मंच पर लोजपा नेता कमलेश शर्मा, कुंडल वर्मा, अरविंद वर्मा, सागर दीवान, सिंधु जैन सहित कई लोग मंचासीन थे। सभा का संचालन जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष लक्ष्मी कुशवाहा ने की।

# मनोज तिवारी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, जनता ने डॉ. प्रेम कुमार के लिए दिखाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** गया विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, दिल्ली के सांसद और भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मनोज तिवारी के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में एक भव्य रोड शो निकाला गया। यह रोड शो गांधी मैदान से प्रारंभ होकर शादी घर, कौयरी बारी, रमना रोड, जी.बी. रोड, तेल बिगहा, रंग बहादुर रोड, स्टेशन रोड और बाटा मोड़ होते हुए संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और 'भारत माता की जय', 'डॉ. प्रेम कुमार जिंदाबाद' तथा 'मनोज तिवारी जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। रोड शो के दौरान मनोज तिवारी ने गया की पावन धरती को नमन करते हुए कहा कि उन्हें इस ऐतिहासिक भूमि पर अपने प्रिय साथी डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में आने का गर्व है। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार केवल गया के नहीं बल्कि पूरे बिहार के राजनीतिक पिलर हैं जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में बिना भेदभाव के हर वर्ग और समाज की सेवा की है। उन्होंने कहा कि गया की जनता ने लगातार आठ बार प्रेम कुमार को विधानसभा भेजकर यह साबित किया है कि सच्ची सेवा और ईमानदारी का कोई विकल्प नहीं होता। तिवारी ने कहा कि जब बिहार में जंगलराज का दौर था, तब प्रेम कुमार जैसे नेताओं ने जनता को उस अंधकार से निकालकर विकास के मार्ग पर अग्रसर किया। उन्होंने गया में सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों को डॉ. प्रेम कुमार के अथक प्रयासों का परिणाम बताया। मनोज तिवारी ने जनता से अपील की कि वे उन्हें नौवीं बार भारी मतों से विजय दिलाकर गया की आवाज को फिर विधानसभा में बुलंद करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और बिहार में एनडीए की सरकार बनने से इस यात्रा को और गति मिलेगी। उत्तर प्रदेश के मंत्री दारा सिंह चौहान भी इस रोड शो में शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, जदयू जिला अध्यक्ष राजू बरनवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज चंद्रवंशी, संजय सेठ, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, राहुल शर्मा, मुकेश शर्मा, विक्की शर्मा, उपेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, महिला आयोग की सदस्य पिंकी कुशवाहा, देवआनंद पासवान, सुनील कुशवाहा, उपेंद्र सांव, रंजीत बरहापुरिया, संजय सिंह, करुणा सिंह, लक्ष्मी प्रजापति, मनोज कुमार गुप्ता, अमर यादव और संतोष चंद्रवंशी सहित हजारों समर्थक उपस्थित रहे।

# एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 20 हजार के जाली नोट बरामद

## हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, मिली सफलता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में एसएसबी और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार को जाली नोटों और हेरोइन की बरामदगी का मामला सामने आया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर 8 नवंबर 2025 को एसएसबी की 'ई' समवाय धनगई की टीम ने कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देश पर सहायक कमांडेंट सनोज राज के नेतृत्व में यह अभियान चलाया। इस दौरान बाराचट्टी थाना पुलिस और एसएसबी के जवानों ने शोभ बाजार स्थित अनुष्का ऑनलाइन सेंटर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान चैनपुर निवासी अंशु कुमार, पिता जितेंद्र दास को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान उसके पास से लगभग पांच ग्राम हेरोइन और बीस हजार रुपये मूल्य के भारतीय जाली नोट बरामद किए गए। संयुक्त टीम ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर बरामद प्रतिबंधित सामग्री सहित थाना बाराचट्टी को विधिक कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने जाली नोटों की सप्लाई से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां दी हैं जिनकी सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। एसएसबी और पुलिस दोनों एजेंसियों ने इस सफलता को क्षेत्र में अपराध और अवैध कारोबार के खिलाफ एक बड़ी उपलब्धि बताया है। अधिकारियों का कहना है कि जाली नोटों के नेटवर्क और हेरोइन तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान के लिए जांच तेज कर दी गई है।

# विश्वविद्यालय की परम्परा में दीक्षांत समारोह बेहद महत्वपूर्ण : एस पी शाही

## मगध विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारी तेज, कुलपति ने किया स्थल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय में आगामी 22वें दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरों पर है। समारोह के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने समिति के सदस्यों और विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ राधाकृष्णन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की और तत्पश्चात आयोजन स्थल का निरीक्षण भी किया। बैठक में कुलसचिव प्रो. बी. के. मंगलम, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास, शिक्षकेतर कर्मी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी और अधिकारी उपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. दास ने बैठक में अब तक की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी और आयोजन समितियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को पुनर्स्थापित करने के लिए आगामी दीक्षांत समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है जिसे विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों और कर्मियों से इसे सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ सहयोग देने की अपील की। कुलसचिव प्रो. मंगलम ने समारोह को विश्वविद्यालय परिवार के उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया, वहीं कर्मी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार ने निष्ठा और एकजुटता से कार्य करने की बात कही। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समारोह के उपरांत संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा और एक स्मारिका तथा कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया जाएगा। बैठक के बाद कुलपति ने आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए अतिथि भवन के बगल की खाली जगह को समारोह स्थल के रूप में चयनित किया और विश्वविद्यालय अभियंता को वहां की साफ-सफाई और तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। समारोह स्थल पर लगभग तीन हजार लोगों की क्षमता वाला पंडाल बनाया जाएगा। दीक्षांत समारोह 25 नवंबर 2025 को आयोजित होगा जिसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति की उपस्थिति प्रस्तावित है।

# गुरुआ में बसपा नेता आकाश आनंद का आगमन, उमड़ा जनसैलाब



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के हाई स्कूल मैदान में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की एक भव्य चुनावी जनसभा आयोजित की गई जिसमें बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे एवं प्रदेश संयोजक आकाश आनंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आकाश आनंद के आगमन पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनसभा में मौजूद लोगों ने बसपा प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव (हाथी चुनाव चिन्ह) को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया और उन्हें माला पहनाकर समर्थन व्यक्त किया। बसपा प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव ने बताया कि गुरुआ की पावन धरती पर पहली बार आकाश आनंद का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि गुरुआ क्षेत्र में बसपा को हर वर्ग का अपार समर्थन मिल रहा है और इस बार का चुनाव परिणाम ऐतिहासिक रहेगा।

# लोकतंत्र के महापर्व की तैयारी चरम पर

## दूसरे चरण के मतदान को लेकर प्रशासन मुस्तैद, डिस्पैच सेंटर तैयार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी (गया)।** 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव को लेकर शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र संख्या 226 में प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है। अनुमंडल कार्यालय के ठीक सामने स्थित एसएमएसजी कॉलेज को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है जहां चुनावी गतिविधियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि डिस्पैचिंग से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को मतदान कर्मी दल को मतदान सामग्री वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगे कर्मियों से लेकर अधिकारियों तक के लिए भोजन और आवास की समुचित व्यवस्था की गई है। कॉलेज परिसर को लोकतंत्र के महापर्व की भावना से सजाया गया है। अनुमंडल अवर निर्वाचन पदाधिकारी रंजय कुमार ने जानकारी दी कि डिस्पैच सेंटर में वाहन कोषांग, मेडिकल सेल, नींबू पानी-शरबत, सत्तू और चाय स्टॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वाहन कोषांग में अपने वाहन लॉगबुक खुलवाने पहुंचे चालक रविकांत कुमार, गोविंद यादव और रामाश्रय राय ने बताया कि यहां की व्यवस्था अब तक की सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि 'लॉग बुक से लेकर भोजन तक सब कुछ सुव्यवस्थित मिल रहा है।' पुरुष एवं महिला पुलिस बल के लिए भी सुरक्षा और आवास की विशेष व्यवस्था की गई है। चुनावकर्मी दलों को मतदान सामग्री वितरण हेतु अलग-अलग पंक्तियों में सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है जिससे उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। तैयारियों की निगरानी बीडीओ स्नेहिल आनंद, सीओ उषा कुमारी, अनुमंडल नाजिर प्रेम सिंह सहित कई अधिकारी दिन-रात कर रहे हैं। प्रशासन ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को शांति, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना ही उनका संकल्प है।

# ट्रेन में चढ़ने के दौरान युवक गिरा, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। प्लेटफॉर्म नंबर-7 पर रांची जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक युवक गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश कुमार उर्फ पिंकू (46) के रूप में हुई है जो गयाजी के कोतवाली थाना क्षेत्र के कुमार कॉलोनी का रहने वाला है। उसके पिता का नाम कामता प्रसाद है। राकेश के शरीर का आधा हिस्सा पैर और कमर चलती ट्रेन के नीचे आ गया जबकि बॉडी का उपरी हिस्सा प्लेटफॉर्म और ट्रैक के बीच अटक गया। इस दौरान युवक करीब 20 मिनट तक तड़पता रहा। उसके कमर के नीचे का हिस्सा घसीटने से खत्म हो गया। ट्रैक पर मांस के लोथड़े बिखर गए। काफी मशक्कत के बाद भी जब शव नहीं निकल पाया तो प्लेटफॉर्म की साइड की दीवार को तोड़ा गया। इसके बाद कमर के ऊपर के हिस्से को बाहर निकाला गया। ट्रैक से मांस के लोथड़ों को पुलिस ने उठाया। इस दौरान जनशताब्दी एक्सप्रेस करीब 1 घंटे तक प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही।

## चुनाव प्रत्याशी पर हमला करनेवाला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के फजलाहा गांव में एक चुनावी प्रत्याशी की गाड़ी पर हमला कर देने के मामले में पुलिस ने रविवार को विजय यादव नामक एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि चुनावी प्रत्याशी की गाड़ी पर शनिवार को हमला किया गया था। चुनावी प्रत्याशी के साथ बदसलूकी करने के मामले में ड्यूटी पर तैनात रहे एक मजिस्ट्रेट ने शेरघाटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# महाबोधि मंदिर पहुंचे मल्लिकार्जुन खड़गे

## बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बोधगया स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल महाबोधि महाविहार मंदिर का दर्शन किया। उनके साथ कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल भी मौजूद थे। मंदिर परिसर में पहुंचने पर खड़गे का पारंपरिक स्वागत किया गया। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी और भिक्षु डॉ. दीनानंद तथा भिक्षु डॉ. मनोज ने उन्हें औपचारिक 'खाड़ा' स्कार्फ भेंट किया। मुख्य मंदिर के अंदर भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। मल्लिकार्जुन खड़गे ने मठ के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मुख्य मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्राचीन बोधि वृक्ष का दौरा किया जिसके नीचे भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। भिक्षुओं ने खड़गे के लिए आशीर्वाद और शांति के मंत्रों का जाप किया। खड़गे सुबह लगभग आठ बजे बोधगया पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर में बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान भी लगाया। पूजा के बाद उन्होंने महाबोधि सोसाइटी के प्रतिनिधियों और भिक्षुओं से मुलाकात की और मंदिर की ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। मीडिया से बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश आज भी पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने जोर दिया कि अहिंसा, करुणा और समानता का उनका संदेश समाज को एकजुट रखने की सबसे बड़ी शक्ति है। खड़गे ने यह भी कहा कि देश में बढ़ती असहिष्णुता और विभाजनकारी प्रवृत्तियों के बीच बुद्ध के सिद्धांतों को आत्मसात करना बेहद जरूरी है। अपनी यात्रा के बाद, खड़गे ने कहा कि इस पवित्र स्थल की यात्रा करना एक आध्यात्मिक सौभाग्य है जहां शांति, करुणा और ज्ञान का संदेश साकार हुआ। उन्होंने महाबोधि मंदिर की शांति और दिव्य ऊर्जा को उत्थानकारी बताया। उन्होंने कहा कि मैं अपने साथ गहन शांति और नई प्रेरणा का अनुभव करता हूं और मैं निकट भविष्य में इस पवित्र निवास की फिर से यहां आने की इच्छा रखता हूं।

# गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ विधानसभा चुनाव में आज प्रचार-प्रसार थम गया। सभी राजनीतिक दलों ने अंतिम चरण तक अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनावी माहौल के बीच यहां त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना साफ दिख रही है।

एक ओर भाजपा प्रत्याशी अपने कोर वोट बैंक के सहारे मजबूत स्थिति में नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव को दलित, मुस्लिम, यादव, पासवान और पाल समुदाय सहित अन्य पिछड़ी जातियों का समर्थन मिलता दिख रहा है जिससे गुरुआ के राजनीतिक समीकरण में नया रंग भर गया है।

वहीं राजद के पारंपरिक यादव-मुस्लिम समीकरण में इस बार दरार पड़ती दिख रही है। पूर्व विधायक विनय कुमार यादव को अपनी पकड़ बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इधर जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी संजीव कुमार सिंह की एंट्री ने भाजपा की मुश्किलें भी बढ़ा दी है। स्थानीय समीकरणों और मतदाता वर्गों में हो रहे बदलावों के कारण गुरुआ का चुनाव परिणाम इस बार बेहद दिलचस्प होने वाला है।


**बिहार सरकार**

**निर्वाचन विभाग**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय**

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष के संचालन से संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर मतदान की तिथि को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक कार्यरत रहेगा। इस नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/फैक्स नम्बर/ई–मेल निम्नवत् है :–

दूरभाष संख्या : 0612–2824001

फैक्स संख्या : 0612–2215611

ई–मेल : ceo_bihar@eci.gov.in
ceobihar@gmail.com

निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत/सूचना उपर्युक्त दूरभा"ा/फैक्स नम्बर/ई–मेल पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय को भेजी जा सकती है।

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR. No. 017447(Election) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें

संपादकीय

## ममदानी के सामने चुनौतियां

भारतवंशी और समाजवादी विचारों के जोहरान ममदानी ने दुनिया के सबसे बड़े शहरों में से एक न्यूयॉर्क के मेयर का चुनाव तो शानदार तरीके से जीत लिया है, लेकिन दो माह बाद पद संभालने के बाद उनके सामने कई चुनौतियां होंगी, जिनसे वो कैसे निपटते हैं, यह देखने की बात है। जोहरान भारतीय मूल के होने के साथ-साथ अमेरिका की आर्थिक राजधानी न्यूयॉर्क के सबसे युवा और पहले मुस्लिम मेयर भी हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी के रूप में 34 साल के ममदानी ने राष्ट्रपति ट्रंप की पार्टी के कर्टिस स्लिवा को तीसरे स्थान पर धकेलते हुए चुनाव में 50.4 फीसदी वोट हासिल किए। दूसरे नंबर पर निर्दलीय एंड्रू कुओमो रहे। जोहरान का जीतना ट्रंप के लिए तगड़ा झटका है। उन्हें एशियाई वोटरों का समर्थन तो मिला ही, साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की हार के बाद यह डेमोक्रेटों के बढ़ते जनसमर्थन का भी संकेत है। गौरतलब है कि जोहरान क्वामे ममदानी का जन्म साल 1991 में युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। ममदानी के पिता ने उन्हें एक क्रांतिकारी और घाना के पहले प्रधानमंत्री क्वामे एन्क्रूमा के नाम पर मिडिल नेम क्वामे दिया था। जोहरान मशहूर भारतीय-अमेरिकी फ़िल्म निर्देशक मीरा नायर और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के जाने-माने प्रोफ़ेसर महमूद ममदानी के बेटे हैं। युगांडा की राजधानी कंपाला में उन्होंने अपने शुरुआती दिन बिताए और फिर पांच साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका आ गए। सात साल की उम्र में वे न्यूयॉर्क आ गए। उन्होंने ब्रॉन्क्स हाई स्कूल ऑफ़ साइंस से पढ़ाई की। 2014 में उन्होंने बोडन कॉलेज से 'बैचलर इन अफ्रीकन स्टडीज़' में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। फिर उन्होने अमेरिकी नागरिकता हासिल कर ली। जोहरान ने सक्रिय राजनीति में क़दम रखने से पहले एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर काम किया। वे क्वींस, न्यूयॉर्क में बतौर फॉरक्लोज़र काउंसलर (घर ज़ब्ती मामलों में सलाहकार) काम करते थे। ममदानी कम आय वाले परिवारों की मदद करते थे जो, आर्थिक तंगी के कारण अपने घर खोने की कगार पर थे। उन्होंने देखा कि जिन परिवारों की मदद वह कर रहे थे, उनकी दिक्कतें केवल आर्थिक नहीं बल्कि नीतिगत भी थीं। इसी अनुभव ने उन्हें सक्रिय राजनीति की ओर प्रेरित किया ताकि वह नीतियां बदल सकें जो आम लोगों को प्रभावित करती हैं। 2020 में उन्होंने पहला चुनाव न्यूयॉर्क असेंबली के 36वें डिस्ट्रिक्ट (एस्टोरिया, क्वींस) से डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लड़ा। ज़ोहरान ममदानी पहली बार में ही जीत गए और न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली में पहले दक्षिण एशियाई और पहले सोशलिस्ट प्रतिनिधि बने। यकीनन जोहरान की जीत ऐतिहासिक है। खासकर तब कि जब ट्रंप ने खुलेआम जोहरान की आलोचना करते हुए उन्हें कम्युनिस्ट बताया था और कहा था कि अगर जोहरान जीते तो वो न्यूयॉर्क की आर्थिक मदद रोक देंगे। वैचारिक दृष्टि से उन्हें प्रगतिशील और वामपंथी विचारों का अनुयायी माना जाता है। ममदानी जो वादे करके सत्ता में आए हैं, उन्हें पूरा करना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि ट्रंप प्रशासन उनके काम में अड़ंगे डाल सकता है। वैसे न्यूयॉर्क का मेयर काफी शक्तिशाली होता है। 120 अरब डॉलर का बजट उनके पास होगा तथा 3 लाख कर्मचारी होंगे। जिनमें 30 हजार पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। जोहरान ने गरीबों के लिए मकान, किराए कम करने, फ्री में बस यात्रा तथा निर्धन लोगों की मदद करने जैसे कई वादे किए हैं। शायद इसीलिए उन्हें निम्न और मध्यह वर्ग का भारी समर्थन मिला है। लेकिन अमेरिका जैसे पूंजीवादी देश में इन वादों को पूरा करना आसान नहीं है। हो सकता है कि ममदानी का सीधे ट्रंप से टकराव हो। अगर ममदानी अपने वादे पूरे करने में कामयाब हो जाते हैं तो अमेरिका में वो नया इतिहास रच देंगे।

# सीमांचल से चंपारण तक दूसरे चरण का दारोमदार

**भाजपा-जदयू और राजद-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर वाली सीटों पर परिणाम न सिर्फ उम्मीदवार, बल्कि शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा से भी जुड़ जाते हैं। इसलिए सभी दलों ने प्रचार के आखिरी दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी और प्रदेश स्तर के नेता भी केंद्रीय नेताओं की रैलियों के साथ जनसंपर्क में व्यस्त हैं, ताकि मतदाताओं के मन में अंतिम वक्त में पार्टी के हक में माहौल बनाया जा सके। लोगों को डराने-धमकाने या बरगलाने के आरोप भी एक-दूसरे पर लग रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी कई विवादास्पद बयानों, रोड शो और भीड़ नियंत्रण को लेकर नेताओं पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप, जनसभा के वीडियो और वादों की गूंज हर तरफ है। ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने और शांति बनाए रखने की अपील नेताओं और प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही है। वोटर लिस्ट से लेकर मतदान केंद्रों में बेहतर व्यवस्था का दावा किया जा रहा है।**

**अजय कुमार**

हार विधान सभा के लिये प्रथम चरण के मतदान के बीच नेताओं ने 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान के लिए भी बिसात बिछा दी है। दूसरे चरण के मतदान के लिये आज सभी राजनैतिक दल चुनावी मैदान में प्रचार के लिये दिग्गज नेताओं के साथ जनता के बीच उतर रहे हैं। चुनाव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है, हर ओर जनसभाएं, रैलियां और नेताओं के काफिलों की हलचल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज और भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया हैं। इन सभाओं में मोदी मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत करने, एनडीए सरकार के विकास कार्यों और राष्ट्रहित के मुद्दों को सामने रखते हुए मतदान की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा वे सीमांचल और पूर्वी बिहार के मतदाताओं को जोड़ने के लिए इस रणनीतिक दौरे को महत्व दे रहे हैं। मोदी अगले दो दिनों में भभुआ, औरंगाबाद, सीतामढ़ी और पश्चिमी चंपारण में भी सभाएं करने वाले हैं, जिससे सत्ता पक्ष की चुनावी रणनीति स्पष्ट दिख रही है।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी आज औरंगाबाद तथा वजीरगंज में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। वे बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे हैं, विपक्ष की सरकार बनने पर बदलाव की संभावना को हवा दे रहे हैं। बिहार के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव भी आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और सीतामढ़ी समेत कई स्थानों पर जनसभाएं कर रहे हैं। उनकी हर रैली में रोजगार, शिक्षा, और सामाजिक-आर्थिक न्याय के वादे गूंज रहे हैं। महागठबंधन की ओर से जनसभा का फोकस युवाओं, किसानों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं पर है।

बसपा प्रमुख मायावती भी आज यूपी से सटी सीमांत सीटों पर रैलियां कर रही हैं। उनका पूरा जोर दलित वोटरों को साधने, पूर्व सरकारों की विफलताओं और बसपा की





बिना प्रचार खर्च, सत्ता पर भरोसे की रणनीति के इर्द-गिर्द घूम रहा है।

एनडीए के ओर से गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण में हुंकार भर रहे हैं, वहीं जेडीयू नेता व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लगातार सभाएं कर रहे हैं, मुख्य रूप से अपने सुशासन मॉडल और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बखान कर रहे हैं। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी चंपारण और मधुबनी में सभाएं कर एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं, जबकि विपक्ष उनके शासनकाल में हुई अराजकता, बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों पर कटघरे में खड़ा कर रहा है।

ऐसा पहली बार हो रहा है जब चुनाव के दूसरे चरण में इतने बड़े-बड़े नेता एक ही दिन, अलग-अलग जिलों में जनता के बीच जाकर संवाद कर रहे हैं। हर रैली, हर जनसभा मतदाताओं को रिझाने की होड़ को दिखाती है। गांव, कस्बों से लेकर शहरों तक, चौपालों और मैदानों में लोग सुबह से नेताओं की रैलियों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। महिलाएं, युवा, किसान, अल्पसंख्यक हर वर्ग की हिस्सेदारी इन सभाओं में देखी जा सकती है तथा उनके सवालों और वोटों का महत्व सभी दल अच्छे से समझ रहे हैं।

दूसरे चरण की वोटिंग में जिन प्रमुख नेताओं के भाग्य का फैसला होना है, उनमें अनेक बड़े चेहरे शामिल हैं। एनडीए से कई मंत्री, पूर्व मंत्री और ताकतवर विधायक, महागठबंधन से वरिष्ठ विधायक, नवोदित युवा उम्मीदवार और पूर्व आईएएस, आईपीएस अधिकारी तक इस बार मैदान में हैं। खासकर सीमांचल, मिथिलांचल, कोशी, चंपारण, मगध अंचल की सीटों पर भाजपा-जदयू, आरजेडी, कांग्रेस, बसपा, वाम दल, एआईएमआईएम जैसी पार्टियों के बड़े चेहरों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। बिहार में दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर वोट डाले जाएंगे जिनमें 1300 से ज्यादा उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें से कई विधायक, पूर्व विधायक, मंत्री, सांसद की सीटें भी हैं। यह भी दिलचस्प है कि दूसरे चरण के चुनावी रण में 43 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति बताये जा रहे हैं, जबकि लगभग 32 फीसदी पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। लगभग 133 महिलाएं भी मैदान में हैं, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय और कई स्थानों पर सीधा होता दिख रहा है।

भाजपा-जदयू और राजद-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर वाली सीटों पर परिणाम न सिर्फ उम्मीदवार, बल्कि शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा से भी जुड़ जाते हैं। इसलिए सभी दलों ने प्रचार के आखिरी दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी और प्रदेश स्तर के नेता भी केंद्रीय नेताओं की रैलियों के साथ जनसंपर्क में व्यस्त हैं, ताकि मतदाताओं के मन में अंतिम वक्त में पार्टी के हक में माहौल बनाया जा सके। लोगों को डराने-धमकाने या बरगलाने के आरोप भी एक-दूसरे पर लग रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी कई विवादास्पद बयानों, रोड शो और भीड़ नियंत्रण को लेकर नेताओं पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप, जनसभा के वीडियो और वादों की गूंज हर तरफ है। ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने और शांति बनाए रखने की अपील नेताओं और प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही है। वोटर लिस्ट से लेकर मतदान केंद्रों में बेहतर व्यवस्था का दावा किया जा रहा है।

मतदाताओं की नजर खासकर उन सीटों पर है जहां से कोई बड़ा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री या विपक्ष के नेता चुनाव लड़ रहे हैं। इसी कारण से सभी प्रमुख दल अपने प्रमुख चेहरों को आज ज्यादा से ज्यादा सीटों पर ले जा रहे हैं। रोड शो, नुक्कड़ सभा, मीडिया को बयान, सभाओं में क्षेत्रीय मुद्दों पर फोकस, हर तरफ राजनीति की गहरी हलचल साफ दिख रही है। कुल मिलाकर आज का चुनावी समर नेताओं की रैली, जनता की प्रतिक्रियाओं और सबसे अहम- मतदान के प्रति जागरूकता पर निर्भर है। जनता के हाथ में सत्ता की चाबी है और कौन नेता आज अपने भाषण, वादों, मुद्दों, और जनसंपर्क से यह भरोसा जगा पाता है, इसका फैसला मतदान के अगले चरणों में साफ हो जाएगा। यह चुनाव न सिर्फ प्रत्याशियों की जीत-हार बल्कि बिहार की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

### अध्यात्म

## हर स्थिति में सकारात्मक रहना चाहिए



सेवक राजा के लिए रोज अलग-अलग फल लेकर जाता था, एक दिन वह अंगूर लेकर गया तो राजा टोकरी में से एक-एक अंगूर उठाकर सेवक के ऊपर फेंकने लगा समय कैसा भी हो, हमें स्थिति में भगवान का आभार मानना चाहिए। हर स्थिति में हमारी सोच सकारात्मक ही होनी चाहिए, नकारात्मकता से बचना चाहिए। भगवान अपने भक्तों की भलाई ही करते हैं। इस संबंध में एक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक सेवक महल के बाग से अपने राजा के लिए रोज अलग-अलग फल लेकर जाता था। एक दिन राजा के बाग में नारियल, अमरूद और अंगूर एक साथ पक गए। सेवक ने सोच रहा था कि आज राजा के लिए कौन सा फल लेकर जाए। बहुत सोचने के बाद सेवक ने अंगूर तोड़कर टोकरी में रख लिए। अंगूर की टोकरी लेकर वह राजा के पास पहुंच गया। राजा अपने राज्य की समस्याओं की वजह से चिंतित थे और कुछ सोच रहे थे। सेवक ने टोकरी राजा के सामने रख दी और खुद थोड़ी दूर बैठ गया। चिंतित राजा गहरी सोच में था। वह टोकरी में से एक-एक अंगूर उठाता, कुछ खाता और कुछ सेवक के ऊपर फेंक रहा था। जब-जब राजा सेवक के ऊपर अंगूर फेंकता, सेवक हर बार कहता कि भगवान तू बड़ा दयालु है। कुछ देर बाद राजा ने ये बात सुनी कि सेवक बोल रहा है भगवान तू बड़ा दयालु है। ये सुनते ही राजा का ध्यान टूटा और उसने सेवक से पूछा कि मैं तुम्हारे ऊपर बार-बार अंगूर फेंक रहा हूं और तुम क्रोधित न होकर भगवान को दयालु क्यों कह रहे हो? सेवक ने राजा से कहा कि महाराज आज बाग में नारियल, अमरूद और अंगूर तीन तरह के पके थे। मैं सोच रहा था कि आपके लिए आज क्या लेकर जाऊं? तभी मुझे लगा कि आज अंगूर लेकर जाना चाहिए। अगर मैं नारियल या अमरूद लेकर आता तो मेरा हाल और बुरा हो जाता। इसीलिए में भगवान को दयालु कह रहा हूं। उस समय मेरी बुद्धि ऐसी कर दी कि मैं अंगूर ले आया। इसीलिए कहते हैं जो होता है, अच्छे के लिए होता है। समय पक्ष का हो या विपक्ष का, हमें हर स्थिति में भगवान का आभार मानना चाहिए।

# भारत की बौद्धिक अस्मिता का संकल्प

**भारत एक ऐसा देश है जिसकी पहचान उसकी सभ्यता और सांस्कृतिक परंपरा से होती है। यहाँ हजारों वर्षों से ज्ञान की धारा निरंतर बहती रही है। वेदों और उपनिषदों से लेकर आयुर्वेद, गणित, खगोल, साहित्य और संगीत तक, हमारी पांडुलिपियों ने विश्व को वह दिया है जो आज भी अद्वितीय और अनुपम है। किंतु इस धरोहर को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित करने और दुनिया तक पहुँचाने में हम बार-बार चूकते रहे। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हालिया कथन कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण 'बौद्धिक चोरी' को रोकेगा, अत्यंत प्रासंगिक और दूरदर्शी है। यह कथन केवल तकनीकी समाधान की ओर इशारा नहीं करता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का संकल्प भी है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारतीय पांडुलिपियाँ केवल कागज़ या ताड़पत्र पर लिखे शब्द नहीं हैं। वे समाज की स्मृति हैं, परंपराओं की कहानी हैं और ज्ञान की धरोहर हैं। इनमें विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, दर्शन और कला से लेकर जीवनशैली तक का संपूर्ण अनुभव सुरक्षित है। आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आज भी ऐसी औषधियों और चिकित्सा विधियों का उल्लेख मिलता है जिनकी प्रासंगिकता आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है। गणित और खगोल से संबंधित पांडुलिपियों में शून्य, दशमलव और ग्रह-नक्षत्रों की गति का इतना विस्तृत विवरण है कि पश्चिमी जगत ने उनसे प्रेरणा लेकर अपने वैज्ञानिक शोध को दिशा दी। संगीत और नृत्य की पांडुलिपियाँ हमारी कलात्मक परंपरा को जीवित रखने का आधार हैं।

दुर्भाग्य यह रहा कि इन पांडुलिपियों की रक्षा के मामले में हम लापरवाह साबित हुए। उपनिवेशकाल में अंग्रेज और अन्य यूरोपीय विद्वान यहाँ से अनगिनत ग्रंथ ले गए। उन्होंने उनका अध्ययन किया और कई बार उनके अनुवाद अपने नाम से प्रकाशित कर दिए। योग और ध्यान की पद्धतियाँ, जो भारत की आत्मा हैं, विदेशों में अलग रूप में प्रस्तुत की गईं और उनसे भारी व्यावसायिक लाभ उठाया गया। आयुर्वेदिक नुस्खों और औषधीय पौधों पर विदेशी पेटेंट दर्ज हुए। हल्दी और नीम जैसे सामान्य ज्ञान पर भी कंपनियों ने अपना अधिकार जताने का प्रयास किया। यह सब हमारे लिए चेतावनी है कि यदि हम अपने ज्ञान की रक्षा नहीं करेंगे, तो दुनिया उसे हड़प लेगी।

यही वह संदर्भ है जिसमें डिजिटलीकरण का महत्व बढ़ जाता है। जब कोई पांडुलिपि डिजिटल रूप में दर्ज होगी तो उसका स्रोत और स्वामित्व स्थायी रूप से भारत के नाम पर रहेगा। यह बौद्धिक चोरी को रोकने का सबसे प्रभावी साधन होगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटलीकरण से पांडुलिपियाँ सुरक्षित रहेंगी। समय, नमी, कीड़े और तापमान परिवर्तन से कागज़ व ताड़पत्र पर लिखी पांडुलिपियाँ क्षरण का शिकार होती हैं। डिजिटलीकरण उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि डिजिटलीकृत सामग्री दुनिया भर के शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। भारत का ज्ञान केवल संग्रहालयों की अलमारियों में बंद न रहकर वैश्विक मंच पर जीवंत रूप में सामने आएगा।

यह कार्य आसान नहीं है। भारत में अनुमानतः पचास लाख से अधिक पांडुलिपियाँ हैं। वे अलग-अलग भाषाओं और लिपियों में लिखी गई हैं– संस्कृत, पाली, प्राकृत, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उर्दू, अरबी, फ़ारसी और अन्य भाषाओं में। कई लिपियाँ अब प्रचलन से बाहर हैं। उन्हें पढ़ना, समझना और डिजिटलीकरण करना विशेषज्ञता की मांग करता है। प्रामाणिकता बनाए रखना भी चुनौती है। अनुवाद या डिजिटल स्कैनिंग के दौरान यदि त्रुटियाँ रह गईं तो मूल ज्ञान विकृत हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े कार्य के लिए वित्तीय संसाधन, प्रशिक्षित विशेषज्ञ और आधुनिक तकनीक की भी भारी आवश्यकता होगी।

सरकार ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन जैसी पहल की है, जो सराहनीय कदम है। परंतु यह कार्य केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, निजी संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों को भी इसमें भागीदारी करनी होगी। आधुनिक तकनीक का पूरा उपयोग करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें न केवल डिजिटलीकरण को आसान बना सकती हैं, बल्कि डेटा की सुरक्षा और खोजने की प्रक्रिया को भी विश्वसनीय बना सकती हैं।

यहाँ हमें वैश्विक अनुभव से भी सीखना चाहिए। यूरोप में ÷श्वह्वह्श्वश्चद्गड्ढठ्ठ÷ परियोजना के तहत लाखों दस्तावेज और कला कृतियाँ ऑनलाइन उपलब्ध कराई गईं। अमेरिका और जापान ने भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर का डिजिटलीकरण कर उसे वैश्विक स्तर पर साझा किया। इन प्रयासों ने उन देशों की बौद्धिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया। भारत यदि इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाता है, तो वह न केवल अपनी धरोहर को बचा सकेगा बल्कि विश्व को यह दिखा सकेगा कि ज्ञान की वास्तविक जन्मभूमि कहाँ है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भूपेन हजारिका का भी स्मरण किया। यह स्मरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि गहरी प्रतीकात्मकता रखता है। हजारिका ने अपने गीतों और संगीत के माध्यम से असम और भारत की आत्मा को स्वर दिया। उनकी रचनाएँ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का स्रोत थीं। वे हमें यह बताते हैं कि संस्कृति जीवित रहे तो समाज जीवित रहता है। जिस प्रकार हजारिका की रचनाएँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगी, उसी प्रकार पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण हमारी बौद्धिक स्मृतियों को अमर बनाएगा। इस संदर्भ में यह भी समझना होगा कि डिजिटलीकरण केवल संरक्षण का कार्य नहीं है। यह राष्ट्रीय पुनर्जागरण का अभियान है। जब हम अपने ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ेंगे, तब हम आत्मनिर्भर भारत के उस स्वप्न को साकार करेंगे, जिसमें परंपरा और नवाचार दोनों साथ चलते हैं। यह न केवल हमारी पहचान को सुदृढ़ करेगा बल्कि हमें वैश्विक मंच पर ज्ञान के वास्तविक स्वामी के रूप में स्थापित करेगा। यह ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भी बड़ा कदम होगा।

आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल आर्थिक संसाधनों या सैन्य शक्ति की नहीं है। प्रतिस्पर्धा इस बात की भी है कि किसके पास अधिक मौलिक ज्ञान और बौद्धिक संपदा है। यदि भारत अपनी पांडुलिपियों को डिजिटलीकृत कर उनका पेटेंट और स्वामित्व सुरक्षित कर लेता है, तो वह बौद्धिक संपदा की इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बन सकता है। इसके अलावा, यह हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी साधन बनेगा। जो पीढ़ी आज इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया में पल रही है, उसे तभी अपनी परंपरा से वास्तविक परिचय मिलेगा जब वह उसे डिजिटल रूप में देखेगी, पढ़ेगी और समझेगी।

पांडुलिपियाँ केवल अतीत का बोझ नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि ज्ञान कभी स्थिर नहीं रहता। उसे समयानुकूल सुरक्षित, संरक्षित और साझा करना आवश्यक है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारी धरोहर केवल संग्रहालयों में बंद रह जाएगी और दुनिया उससे वंचित रह जाएगी। डिजिटलीकरण उस सेतु का काम करेगा जो अतीत की गहराई को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ता है।

निस्संदेह, पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण एक लंबा और कठिन कार्य है। परंतु यह वही कार्य है जिससे हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और बौद्धिक स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। यह केवल किताबों और कागज़ों को सुरक्षित रखने का प्रश्न नहीं है, बल्कि हमारी आत्मा और पहचान को बचाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कि डिजिटलीकरण 'बौद्धिक चोरी' को रोकेगा, समय की पुकार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, समाज और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर इसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दें।

पांडुलिपियाँ हमारी स्मृति हैं। उनका डिजिटलीकरण हमें यह विश्वास दिलाता है कि भारत केवल अतीत की भूमि नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा भी है। जब हम अपने ज्ञान को संरक्षित करेंगे और उसे आधुनिक तकनीक से दुनिया तक पहुँचाएँगे, तब सचमुच भारत उस स्थान पर पहुँचेगा जहाँ वह सदियों से होना चाहिए था–ज्ञान का वैश्विक नेतृत्वकर्ता।

### आज का कार्टून

वोट चोरी से बिहार में सरकार बनाना चाहती है एनडीएः प्रियंका गांधी




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे। आज आपके सभी काम सफल होंगे।

**वृषभ**
अनावश्यक क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नजदीकी सम्बन्धों में सम्वादहीनता उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों को लेकर काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द उठायेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**कर्क**
किसी महत्वपूर्ण परियोजना में धन निवेश की योजना बनायेंगे। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। दानपुण्य में आप अत्यधिक रूचि लेंगे।

**सिंह**
परिजनों के साथ गम्भीर मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी देवस्थल की यात्रा कर सकते हैं। लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कन्या**
किसी तरह की बहसबाजी से आपको बचना चाहिये। गलत लोगों की सलाह के कारण व्यापार में नुकसान हो सकता है। पुरानी गलतियों को स्वीकारें।

**तुला**
व्यापार को लेकर नयी योजनायें बना सकते हैं। नयी नौकरी ही शुरुआत कर सकते हैं। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है।

**वृश्चिक**
परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जहाँ आवश्यक न हो वहाँ बोलने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है।

**धनु**
धार्मिक क्रियाओं में मन लगेगा। मतभेदों को दूर करने में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में किसी तकनीक त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। परिवार में आन्तरिक मतभेद उभर सकते हैं। अव्यवहारिक निर्णय लेने से नुकसान होगा।

**कुंभ**
आज का दिन अत्यन्त शुभ रहने वाला है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं। व्यापारियों योजनाओं में सफलता मिलेगी।

**मीन**
आज आपको कई नये लोगों से मुलाकात करनी पड़ सकती है। पड़ोसियों से सम्बन्ध खराब हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती का वीडियो व फोटो वायरल की धमकी का मामला दर्ज

**मनेर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती का पूर्व का फोटो व वीडियो एक युवक के द्वारा वायरल करने की धमकी का मामला थाने में दर्ज कराया गया है। पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर गांव के ही एक युवक को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि युवती एवं आरोपी युवक पूर्व से जान पहचान वाले है। इस संबंध में मनेर पुलिस ने बताया कि इस मामले में जांच कराने कार्रवाई की जाएगी।

### चिरैया में शांतिपूर्ण व निर्भीक मतदान सम्पन्न कराने को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक व भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर रविवार को एसडीपीओ सिकरहना उदयशंकर कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकला गया। जो प्रखंड मुख्यालय स्थित शांति चौक से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए बेलही स्थित दुर्गा मंदिर चौक तक पहुंची। जिसके बाद वापसी में चिरैया बाजार से बस स्टैंड चौक पहुंची। अंत में मार्च चिरैया थाना पर जाकर समाप्त हुई। मार्च में बिहार पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल के सैकड़ों जवानों ने भाग लिया। जिसके कारण समाज के कमजोर व्यक्तियों को बल मिला। मार्च के दौरान थानाध्यक्ष महेश कुमार ने आम लोगों से अपील किया कि आप लोग निर्भीक होकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो। थानाध्यक्ष ने आम लोगों के बीच सरकारी व निजी मोबाइल फोन उपलब्ध कराते हुए कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर बेधड़क संपर्क करेंगे। साथ ही कहा कि किसी तरह के संदिग्ध आचरण वाला व्यक्ति दिखे तो जरूर कॉल कीजिए। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। लोग पुलिस की इस कारवाई से काफी खुश नजर आ रहे थे।



### पुलिस ने तीन लाख 25 हजार कैश किया बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र अंतर्गत झंझरा ढाला के निकट बने एसएसटी चेक पोष्ट के करीब रविवार अर्थात चुनाव प्रचार के अंतिम दिन को जितना पुलिस ने सघन जांच के दौरान अवैध रूप से ले जाए जा रहे तीन लाख पचीस हजार रुपए कैश



बरामद किया है. जानकारी देते हुए जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि दिन के करीब पौने बारह बजे के आस पास जांच के दौरान छौड़ादानो थाना क्षेत्र के ग्राम मलाही जुआफर निवासी स्व. शिवचंद्र राय के पुत्र राघव राय के पास से उक्त राशि को पकड़ा गया है. जिसे कागजी प्रक्रिया के बाद अग्रतर कार्रवाई हेतु वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है. वहीं राघव ने बताया कि वह अपने अगरवा गाँव के रिश्तेदार से कर्ज लिया था जिसे वह लौटाने जा रहा था. उसे इस नियम की जानकारी नहीं थी।

### एकमा पावर ग्रिड में मेंटेनेंस कार्य को लेकर आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक एकमा ग्रिड क्षेत्र रहेगा प्रभावित**

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण 10 नवम्बर (सोमवार) को एकमा ग्रिड क्षेत्र में लगभग चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एकमा पावर ग्रिड के सहायक अभियंता ने बताया कि एकमा ग्रिड के 33 केवीए फीडर में जंपर कनेक्शन का कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। अभियंता ने बताया कि कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पानी भरने, घरेलू कार्यों और विद्युत उपकरणों से जुड़े जरूरी कार्य पहले ही पूरा कर लें, ताकि बिजली कटौती के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह मेंटेनेंस कार्य क्षेत्र में विद्युत वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं स्थायी बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### बनारस-खजुराहो के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 11 नवम्बर से

**छपरा/वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए बनारस-खजुराहो-बनारस के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन का उद्घाटन 8 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस स्टेशन से उद्घाटन विशेष गाड़ी (02582) के रूप में किया था। अब इसका नियमित संचालन 11 नवम्बर, 2025 से शुरू होगा। गाड़ी संख्या 26506 बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) चलेगी। यह सुबह 5:15 बजे बनारस से प्रस्थान कर विन्ध्याचल, प्रयागराज छिवकी, चित्रकूट धाम कर्वी, बांदा और महोबा होते हुए दोपहर 1:10 बजे खजुराहो पहुंचेगी। वापसी में 26505 खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 3:20 बजे खजुराहो से खुलेगी और शाम में उन्हीं स्टेशनों से गुजरते हुए रात 11:10 बजे बनारस पहुंचेगी। यह हाईस्पीड ट्रेन कुल 8 कोचों से सुसज्जित होगी और आधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगी। इसकी जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### आपसी विवाद में युवक की जमकर पिटाई

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पड़ावपर, थाना के पास रविवार की शाम को आपसी विवाद में एक युवक को पीट पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसे इलाज के लिए पुलिस अस्पताल अपने साथ ले गयी है। इधर थाने में सूचना होते ही थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के दलबल के साथ पहुंचे, तबतक हमला करने वाले भाग चुके थे। थानाध्यक्ष के अनुसार हमला करने वालों की पहचान हो चुकी है, सभी की गिरफ्तारी होगी। वही इस मामले में लोन रिकवरी एजेंट सह यार्ड के मालिक विष्णु कुमार ने तीन लोगों को नामजद करते हुए यार्ड में घुसकर हथियार के बल पर मारपीट करने एवं सोने की चैन छिनने का आरोप लगाया है।

# गौरीचक के बिहटा-सरमेरा हाइवे पर हुआ भीषण हादसा









## बिहटा-सरमेरा हाइवे पर ट्रैक्टर और ऑटो की भीषण टक्कर, ऑटो के परखच्चे उड़ गए - एक की मौत, तीन घायल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के सोना चक राष्ट्रीय उच्च पथ पर रविवार को एक ऑटो और ट्रैक्टर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई. इस भयावह सड़क हादसे में सिकंदरपुर फतुहा निवासी 28 वर्षीय सुधीर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं ऑटो में सवार गुड्डू पासवान (कंसारी, गौरीचक) और बबलू पासवान (बख्तियारपुर) समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो सवार लोग सोना चक गांव से बेलदारी चक की ओर जा रहे थे. बताया जा रहा है कि ऑटो राष्ट्रीय उच्च पथ पर रॉन्ग साइड से आ रही थी. तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयावह थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और ड्राइवर सुधीर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े. सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. देखते ही देखते वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई. करीब एक घंटे तक लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर बनी रही. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस हाईवे पर आए दिन ऐसे भीषण हादसे होते रहते हैं. बलुआ चक गांव के पास वाहनों की रफ्तार इतनी तेज रहती है कि अक्सर लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से गाड़ियों की गति नियंत्रित नहीं रहती. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव के सामने स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाया जाए. ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों. वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया. परिजन सुधीर कुमार के शव को देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे. परिजनों और ग्रामीणों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया. इसी तरह घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंचकर दहाड़ मारते हुए विलाप करने लगे. अस्पताल से लेकर घटनास्थल तक चीख-पुकार मची रही. सूचना मिलते ही गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे. उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा. हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है.

## जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत किशोर और एनडीए के स्टार प्रचारक पवन सिंह रोड शो में नहीं पहुंचे

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल- 10 विधान सभा चुनाव के आज अंतिम प्रचार के दिन पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार रक्सौल शहर में रोड़ शो करने वाले जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत किशोर और एनडीए के स्टार प्रचारक और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने सुपर स्टार पवन सिंह किन्हीं कारणों से अपने पहले से तय रक्सौल रोड़ शो कार्यक्रम में नहीं पहुँच सके। इसके बाद चुनाव में भाग लेने वाले प्रमुख तीनों दलों के प्रत्यसियों, महागठबंधन समर्थित कांग्रेस के श्याम बिहारी प्रसाद, एनडीए समर्थित भाजपा के प्रमोद सिन्हा और जन सुराज पार्टी प्रत्यासी भुवन पटेल को अपने अकेले के भरोसे ही सड़को पर उतर कर अपनी अपनी ताकत दिखानी पड़ी। तीनों प्रत्याशी अपने- अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ अकेले ही रक्सौल शहर के सड़को पर उतर पड़े और



जनता के बीच पहुंचे,इनमे बीजेपी प्रत्यासी प्रमोद सिन्हा के साथ स्थानीय सांसद संजय जयसवाल जरूर उनके साथ दिखे पर वह बात नदारत दिखी जो पवन सिंह के आने से दिखती। कमोबेश यही हाल जनसुराज पार्टी के प्रत्यासी भुवन पटेल की भी दिखी। अंतिम समय तक जन सुराज पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का इंतजार करते रहें लेकिन वे समय मर नही पहुंच सके, जिसके बाद चुनाव प्रचार की समय सीमा खत्म होता देख वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ अकेले ही शहर के सड़को पर उतरे।

## जंगल राज को भगाने के लिए मोतिहारी से अपराधी को हराना जरूरी : मोहन यादव

**मोतीहारी (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रविवार को नेहरू स्टेडियम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जंगलराज को भगाने के लिए मोतिहारी से अपराधी को हराना जरूरी है। मौके पर स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह, भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे। वही गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र रविवार को एनडीए के रंग में रंग गया। मखनिया उच्च विद्यालय के खेल मैदान में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ के जोश और नारों की गूंज से पूरा मैदान थर्रा उठा।एनडीए प्रत्याशी राजू तिवारी के समर्थन में पहुंचे चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की राजनीति अब ह्णबिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्टह्व के नारे पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की दिशा पकड़ी है और अब यह गति रुकने नहीं दी जाएगी।चिराग पासवान ने कहा यह चुनाव बिहार के भविष्य की लड़ाई है। जैसे महाभारत में धर्म की जीत हुई थी, वैसे ही बिहार




में भी सच्चाई और विकास की जीत होगी।उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि कठिन दौर में राजू तिवारी ने उनका साथ नहीं छोड़ा।जब मैं अकेला था, तब राजू तिवारी मेरे साथ खड़े थे। जनता उन्हें जिताकर भेजेगी तो सरकार में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी,ह्व चिराग ने यह कहते ही सभा में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।जनसभा के दौरान हर तरफ ह्णराजू तिवारी जिंदाबादह्व और ह्णचिराग पासवान अमर रहेह्व के नारे लगते रहे।मंच संचालन प्रदेश महासचिव अशोक मिश्रा ने किया, जबकि स्थानीय नेताओं हीरालाल गिरी, ध्रुव चौरसिया, विवेकानंद पांडेय, जितेन्द्र सिंह, प्रभुनाथ दुबे, अजीत सिंह, दिनेश कुशवाहा सहित कई कार्यकताओं ने भी जनता से एनडीए प्रत्याशी के समर्थन की अपील की।मखनिया मैदान में उमड़ी भीड़ ने यह संदेश साफ कर दिया गोविंदगंज में एनडीए की लहर चल रही है और जनता अब विकास के साथ है।

## दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल में एक माह से ठप है अल्ट्रासाउंड सेवा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापना नहीं होने की वजह से अल्ट्रासाउंड की सुविधा आम मरीजों को नहीं मिल पा रहा है, जो स्वास्थ्य सेवा व सुविधा को लेकर सवाल खड़ा कर रहा है. अस्पताल में आम मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर गरीब मरीजों के लिए अस्पताल में इलाज करवाने के बावजूद बाहर निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में पैसा खर्च कर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है, जो आम मरीजों को काफी भारी पड़ रहा है. अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नही होने से अस्पताल पहुंचे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. साथ ही सभी मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए ढाई माह पूर्व अल्ट्रासाउंड मशीन भी आया हुआ है और एक कमरे में शोभा का वस्तु बना हुआ है. बता दे कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा सिर्फ गर्भवती महिलाओं को ही है. अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक डा बलराम का आईजीआईएमएस और महिला रेडियोलॉजिस्ट का भी तबादला हो गया है. जिसके वजह से अनुमंडलीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली हो गया है. इस वजह से अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला लग गया है जिससे पिछ्ले एक माह से गर्भवती महिलाओं का अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच सेवा बंद हो गया है.अस्पताल में प्रत्येक दिन करीब 400 से 500 की ओपीडी होती है तो वहीं 10 से 15 प्रसव कराया जाता है. ऐसे में ओपीडी में आने वाली 40 से 45 गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कराया जाता है. रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण महिलाएं निजी केंद्रों पर जांच कराने के लिए मजबूर हो रही हैं.अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा नीभा मोहन ने बताया कि अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का तबादला हो गया है. जिसको लेकर सिविल सर्जन से अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक को तैनाती करने के लिए पत्र भेजा गया है.परंतु अभी तक किस का पदनियुक्ति नही किया गया है.

## एकमा थाना में पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, 13 हजार रुपए का जुर्माना वसूला

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया, जिससे क्षेत्र में वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया। जांच अभियान मांझी-बरौली एसएच-96 व छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 मुख्य सड़क के आमडाढ़ी ढाला के समीप सहित कई मार्गों पर चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट चलने वाले चालकों, वाहन के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस आदि की सघन जांच की गई। कई वाहन चालकों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिलने पर मौके पर ही जुमार्ना वसूला गया। थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने बताया कि इस दौरान लगभग 70 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से लगभग 13 हजार का जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व नियमों का पालन कराने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**फुलवारीशरीफ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**

## अनवार दिराहा हत्याकांड का मुख्य आरोपित आफताब मलिक गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ के चर्चित अनवर आलम उर्फ अनवार दिराहा हत्याकांड का मुख्य आरोपी आफताब मलिक उर्फ आफताब आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.





आफताब मलिक पटना जिले के टॉप 10 अपराधियों में शुमार रहा है. फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नौसा स्थित सन-साइन अपार्टमेंट में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया. पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन और जमीन से संबंधित कुछ कागजात बरामद किए हैं. सिटी एसपी (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 19 मई 2025 को फुलवारी शरीफ के इमारत-ए-शरिया के पास जमीन कारोबारी सह किसान अनवर आलम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 779/25, दिनांक 19.05.2025, धारा 103(1)/61(2) भारतीय न्याय संहिता-2023 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. घटना के बाद से ही नामजद आरोपी आफताब मलिक फरार चल रहा था. पुलिस कई महीनों से उसकी तलाश कर रही थी. सीसीटीवी फुटेज में हत्या की पूरी वारदात कैद हुई थी, जिसके आधार पर इससे पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. वहीं, मुख्य आरोपी आफताब मलिक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. रविवार को मिली गुप्त सूचना के बाद थानाध्यक्ष फुलवारी शरीफ गुलाम शहबाज आलम के नेतृत्व में टीम गठित कर नौसा स्थित सन-साइन अपार्टमेंट में छापा मारा गया, जहां से आफताब मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार अपराधी आफताब मलिक उर्फ आफताब आलम, पिता महताब आलम उर्फ महताब, साकिन कर्बला, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना का निवासी है. पुलिस ने बताया कि वह लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय था और राजधानी पटना के कई थानों में उस पर दर्जनों मामले दर्ज हैं. इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, डकैती, हमला और आर्म्स एक्ट जैसे संगीन मामले शामिल हैं.सिटी एसपी ने बताया कि आफताब मलिक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है. पुलिस उसे रिमांड पर लेकर फुलवारी शरीफ और पटना के आसपास हुई अन्य आपराधिक घटनाओं के बारे में पूछताछ करेगी. गिरफ्तारी के बाद इलाके में पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है. आफताब मलिक का आपराधिक इतिहास के बारे में बताया गया कि उसके खिलाफ पिरबहोर, फुलवारी शरीफ और अन्य थानों में दर्ज कुल 10 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले हैं. इनमें 2017 से लेकर 2024 तक हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, रंगदारी और हिंसक झड़प जैसे प्रकरण दर्ज हैं. छापेमारी दल. पु.नि. सह थानाध्यक्ष गुलाम शहबाज आलम, फुलवारी शरीफ थाना के साथ शिवशंकर कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने अहम भूमिका निभाई.


## छपरा से आनंद विहार के बीच 10 व 11 नवंबर को चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छठ महापर्व के बाद यात्रियों की वापसी यात्रा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने छपरा-आनंद विहार टर्मिनल-छपरा के बीच पूजा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन वाया गोरखपुर चलेगी। रेलवे जनसंपर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के अनुसार 05081/05082 पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन 10 और 11 नवम्बर को किया जाएगा। 05081 छपरा-आनंद विहार टर्मिनल पूजा स्पेशल 10 नवम्बर को दोपहर 3:00 बजे छपरा से खुलेगी। यह मशरक, दिघवा दुबौली, थावे, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद होते हुए अगले दिन सुबह 10:45 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05082 आनंद विहार टर्मिनल-छपरा पूजा स्पेशल 11 नवम्बर को दोपहर 1:00 बजे आनंद विहार टर्मिनल से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:00 बजे छपरा पहुंचेगी।

## पारस एचएमआरआई में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**488 मरीजों ने पारस हॉस्पिटल की आधुनिक तकनीक के साथ जांच और अनुभवी डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श का उठाया लाभ**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारस एचएमआरआई पटना की ओर से रविवार, 9 नवम्बर को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इसमें बीपी, शुगर, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग समेत कई तरह की जांच और परामर्श मुफ्त दिए गए. शिविर में 488 मरीजों ने पारस एचएमआरआई की आधुनिक तकनीक के साथ जांच और अनुभवी डॉक्टरों से परामर्श का लाभ उठाया. शिविर में सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई. पारस एचएमआरआई के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मरीजों को परामर्श दिया. पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस एचएमआरआई आम जनता की सेवा के लिए समर्पित है. मरीजों के विश्वास और संबंध को बनाए रखने के लिए इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाते



रहेंगे. डॉक्टरों की टीम में डॉ. बिकास सौरभ (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. अभिषेक (न्यूरोलॉजी), डॉ. जसविंदर सिंह (ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. जावेद अनवर (कार्डियोलॉजी), डॉ. चंदन (सीटीवीएस), डॉ. करण भार्गव (गैस्टेंट्रोलॉजी), डॉ. कुमार अभिषेक (पोमोलॉजी), डॉ. मसीहुल्लाह (जनरल सर्जरी), डॉ. आरएन टैगोर (ऑन्कोलॉजी), डॉ. बीएम प्रकाश (डेंटल), डॉ. राजीव रंजन (बाल चिकित्सा), डॉ. अमितेश कुमार (ईएनटी), डॉ. शशि कुमार (नेफ्रोलॉजी), डॉ. नाज़िया निगार (स्त्री रोग), डॉ. सुधांशु कुमार (नेत्र विज्ञान), डॉ. सुकृति कुमारी (आहार विशेषज्ञ) और डॉ. राजीव कुमार (यूरोलॉजी) शामिल थे.

## समाज सुधार पर आधारित नाटक ने दिया संदेश- जनता सहयोगी को ही देती है मौका

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के तहत महेश चौधरी द्वारा लिखित और मिथिलेश कुमार पांडे निर्देशित नाटक समाज के 'बेहतरी में सहयोगी को जनता देती है मौका' का मंचन फुलवारी शरीफ के वाल्मी में किया गया. नाटक की शुरूआत कलाकार करण कुमार के स्वरबद्ध प्रेरक गीत 'जागो जागो ए भईया, जागो ए बहना, अपने सपनों को साकार करो, आओ हम सब मिलकर नया संसार बनाएं...' से की गई. गीत की मधुर धुन ने वातावरण को जागरूकता और उत्साह से भर दिया. नाटक की कथा एक ऐसे नेता के इर्द-गिर्द घूमती है जो चुनाव जीतने के बाद नगरवासियों के





सम्मान समारोह में अपने समाजसेवी जीवन की झलक साझा करते हैं. वे बताते हैं कि उन्होंने कॉलेज जीवन से ही समाज के उत्थान के लिए कार्य शुरू कर दिया था. उन्होंने सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, भ्रूण हत्या, बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशाखोरी और अंधविश्वास के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया. उनका कहना था कि ये सभी बुराइयां समाज के लिए कोढ़ हैं और इन्हें खत्म करने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि हर नागरिक की है. उन्होंने कहा कि समाज में सुधार तभी संभव है जब हम सब मिलकर प्रयास करें. यही जागरूकता और सकारात्मक कार्य की वजह से आज उन्हें जनता का प्यार और विश्वास मिला है. मंच के वरीय रंगकर्मी महेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्यकारों और लोक कलाकारों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे अपनी कला और साहित्य के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों पर प्रहार करें और जन-जागरण का संदेश फैलाएं. उन्होंने कहा कि ऐसे नाटकों के माध्यम से समाज में बदलाव की अलख जगाना ही असली उद्देश्य है. नाटक के प्रमुख कलाकारों में महेश चौधरी, सौरभ, करण कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीकांत कुमार, देव दर्शन, अंशी सिंह और सक्षम शौर्य शामिल थे. दर्शकों ने सभी कलाकारों के अभिनय की सराहना की और नाटक के संदेश को सराहा.

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव प्रचार का शोर थमा, कल होगा मतदान, तैयारी हुई पूरी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान को लेकर मंगलवार को राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के चुनावी प्रचार की अवधि संध्या छह बजे समाप्त हो गयी। इसके साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की शोर थम गया, अब कोई भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल चुनावी सभा, जुलूस, बैठक व चौपाल का आयोजन नहीं कर सकेंगे, वैसे सिर्फ उम्मीदवार अपने क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सकते हैं। वहीं, चुनाव प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के साथ ही सभी उम्मीदवार व राजनीतिक दल पोलिंग एजेंट बनाने में जुट गये। इसके साथ ही मतदान केंद्रों को अर्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया गया। शहर व ग्रामीण इलाके के होटल, लॉज को खाली कराने काकाम किया जा रहा है। बाहरी लोगों को क्षेत्र को छोड़कर जाने का आदेश दिया जा चुका है। जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में 3156 मतदान केंद्रों पर 26.26 लाख मतदाता 72 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के दिन नौ विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 3156 मतदान केंद्रों पर इन पेलिंग एजेंट की तैनाती होगी, ये मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित कराने का कार्य करेंगे, साथ ही इनके समक्ष ही मतदान व राजनीतिक दल के अधिकारी मॉक पोल की प्रक्रिया को संपन्न करायेंगे, इसके बाद मतदान शुरू होगा, जबकि शाम में मतदान समाप्त होने के बाद इनके समक्ष ही सभी इवीएम व वीवीपैट सील कर दिये जायेंगे।

### बूथ मैनेजमेंट में जुटे राजनीतिक दल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव प्रचार के खत्म होने के साथ ही राजनीतिक दलों के द्वारा बूथ मैनेजमेंट में जुट गये।एक-एक बूथ को जीतने की तैयारी चल रही। चुनाव लड़ रहे 72 उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों ने मंगलवार को अंतिम दिन चुनावी प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

### नरकटियागंज व सिकटा से 3345 पोलिंग पार्टी ने किया योगदान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को नरकटियागंज और सिकटा विधानसभा के लिए कृषि बाजार प्रांगण में बने योगदान स्थल सह डिस्पैच सेंटर पर पोलिंग पार्टियों ने योगदान किया। सोमवार को सामग्री के साथ ये पार्टियां अपने अपने बूथों के लिए रवाना होंगी। प्रेक्षक नेहा जैन की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने पोलिंग पार्टियों को निर्भीक होकर मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार के मतदान में कुछ बदलाव किया गया है। जैसे प्रत्येक बूथ से वेबकास्टिंग और मतदाताओं के मोबाइल रखने के लिए जुट का थैला सभी बूथ पर उपलब्ध रहेगा। आरओ ने कहा कि बूथों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। निर्धारित समय पर मॉकपोल संपन्न कर मतदान प्रक्रिया आरंभ करानी है। इधर गोदाम में पूरे दिन पोलिंग पार्टियों का योगदान होता रहा। योगदान के लिए बनाए गए 63 टेबल में नरकटियागंज के लिए 33 एवं सिकटा के लिए 30 टेबल पर सेक्टर पदाधिकारियों के समक्ष 3345 पोलिंग पार्टी ने अपना योगदान किया। इस दौरान बारी बारी पार्टियां पहुंचती रही और उनका पोस्टिंग होता रहा। इस मौके पर एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश नारायण सिंह, बीएओ राजेश कुमार यादव, समेत अन्य कई पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### भगवान की मूर्तियां लदी पिकअप ट्रक से टकराई

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव के पास शनिवार की देर रात भगवान की मूर्तियां लदी एक पिकअप सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में पिकअप पर सवार दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय ग्रामीण पंकज कुमार यादव ने बताया कि पिकअप राजस्थान से भगवान की मूर्तियां लेकर चंपारण के खजुरिया जा रही थी। लखनपुर पहुंचने पर सड़क किनारे खड़ी ट्रक से पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और मूर्तियां टूट गईं। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से सड़क जाम हटवाया। इस बीच ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। पिकअप सवार ने बताया कि लगभग पांच लाख रुपये मूल्य की मूर्तियां टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं।





### मांझी के शनिचरा बाजार में देवी जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के शनिचरा बाजार में शनिवार की रात महाबीरी पूजा समिति की ओर से भव्य




देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रामप्रिय दास एवं संत त्रिभुवन दास ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद ख्याति प्राप्त कलाकार सजल कुमार ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनके सुमधुर भजनों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। पूरी रात देवी भक्ति के गीतों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। पंडाल में महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान समिति की ओर से कई गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह में ई. सौरभ सन्नी, दीपक वर्मा, पूजा शर्मा, संजीव कुमार श्रीवास्तव, अशोक यादव, अजय कुमार यादव, डब्ल्यू. कुमार एवं दीपक कुमार ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रंजन शर्मा ने किया।

# देश को झुकाने के लिए सारी राष्ट्र विरोधी शक्तियां एकजुट हो गई हैं : मोहन यादव

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में चिरैया विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति संकल्पित है। प्रत्येक परिवार की महिलाओं को उद्यमी बना कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। जीविका से जुड़ी महिलाओं के खाते में दस -दस हजार रुपए भेजा गया है। शीघ्र ही दो -दो लाख रुपए भेज दिए जाएंगे। कहा कि सुख और समृद्धि प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी कमल के फूल पर विराजमान होती है। कमल का फूल शांति और उन्नति का प्रतीक है। जो भाजपा का चुनाव चिन्ह भी है। बिहार की संस्कृति माता सीता से जुड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में देश धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बना है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या, काशी, वाराणसी, मथुरा व उज्जैन धार्मिक




संस्कृति का गवाह बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर बनने से सैकड़ों छोटे बड़े व्यवसायियों को रोजगार मिला है। अब बारी है माता सीता का मंदिर बनाने का जो लोग राम का विरोध करते है, वे देश के लिए क्या सोच सकते है। वे बीच - बीच में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे भी लगाते रहे। उन्होंने कहा कि रामजन्म भूमि पूजन में मंदिर निर्माण का विरोध करने वाले वह मुस्लिम भाई भी मौजूद थे। अगर नही थे तो राहुल और कांग्रेस के लोग जो राम के नही हुए, वे देश के क्या होंगे। देश को झुकाने के लिए सारी राष्ट्र विरोधी शक्तियां एकजुट हो गई है। दुःख होता है कि कांग्रेस और उनके सहयोगी लोग भी विरोधियों के सुर में सुर मिला रहे है। मोहन यादव ने भाजपा प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता के कमल निशान पर बटन दबा कर तीसरी बार विधान सभा पहुंचाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे ऐसा अनुभव हो रहा है कि मैं अपने घर में स्वजनों के बीच हूं। आपका स्नेह, प्यार और उत्साह मुझे मोहित कर लिया है। मंच की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता व संचालन श्रीभगवान साह ने किया। मौके पर उत्तर प्रदेश के मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, भाजपा के जिला महामंत्री राकेश यादव, योगी अखिलेश्वर दास, गोपाल शर्मा, संजय सिंह, अजय साह, राजीव रंजन, राकेश यादव, संजय प्रसाद, सूर्य नारायण प्रसाद, जयराम प्रसाद निषाद, गांधी यादव, चिन्ता देवी, प्रभुनारायण जयसवाल, आंनद कुमार, चंदन पटेल, मिथलेश यादव सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बिहार में बनेगी एनडीए सरकार : मोहन यादव

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राम मनोहर लोहिया खेल मैदान में रविवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह साध्वी निरंजन ज्योति ने नरकटिया विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी विशाल कुमार शाह के पक्ष में एक महती जनसभा को सम्बोधित किया. सीएम श्री यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और बिहार का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नाता है. बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी. बिहार में एनडीए रुपी पांडव की सरकार बनाने के लिए जनता प्रतिबद्ध है. वहीं साध्वी निरंजन ज्योति ने राम सीता के जयघोष के बीच बिहार में डबल इंजन की सरकार को बनाने की अपील करते हुए मोदी नीतीश सरकार के विकास की योजनाओं को गिनाते हुए प्रत्याशी विशाल कुमार को जिताने की अपील किया. वहीं प्रत्याशी विशाल कुमार शाह ने स्थानीय विधायक को भ्रष्टाचारी बताते हुए खुद को नरकटिया का उम्मीद और भविष्य बताते हुए विजय हेतु जनता का आशीर्वाद मांगा. सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय व संचालन रामभूपेश कुमार ने किया. वहीं सभा को सम्बोधित करने वालों में अमरेंद्र सिंह, कौशल ठाकुर, शैलेन्द्र प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, विनोद यादव, सहित कई प्रमुख वक्ता शामिल थे।



## एनडीए के पक्ष में मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साहः डा. संजय

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पश्चिमी चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा है कि बिहार में



एनडीए के पक्ष में जनता में अभूतपूर्व उत्साह है। आम लोगों को केंद्र और बिहार सरकार की ओर से मिल रही सुविधा, मुफ्त 125 यूनिट बिजली, हर महिला को 10 हजार रुपये, स्वास्थ्य सुविधा के कारण ऐसा हुआ है। वे रविवार को अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि मैं चुनाव प्रचार में औरंगाबाद से लेकर सहरसा और पूरे बिहार का भ्रमण किया। ऐसा अभूतपूर्व उत्साह पहले देखने को कभी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि नए बिहार बनाने का संकल्प लिया गया है। 13 औद्योगिक पार्क खोले गए हैं। गृहमंत्री ने गंगा किनारे डिफेंस कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। इन सब कारणों से बिहार का युवा उत्साहित है। यह उत्साह प्रधानमंत्री के बिहार विधानसभा चुनाव के आखिरी चुनावी सभा कुड़िया कोढ़ी में भी दिखा। उन्होंने कहा कि सबके समझ में आ गया है की लड़ाई भाजपा और महागठबंधन के बीच है। बीच में आने वाली वोट कटवा पार्टी अब कहीं दिखाई नहीं दे रही है। डा. जायसवाल ने कहा कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में रिकार्ड मतदान हुआ है। दूसरे चरण में भी एनडीए के पक्ष में रिकार्ड मतदान होगा। उन्होंने दूसरे चरण में 70 प्रतिशत मतदान और चंपारण के सभी 21 सीट जीतने का दावा किया। मौके पर भाजपा नेता रवि सिंह, मनोज सिंह, विजय कुमार मौजूद रहे।

### जय भोजपुरी जय बिहार जय एनडीए- पवन सिंह

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनडीए सरकार बिहार में जंगलराज का खात्मा कर अमन चौन का राज कायम किया है। पीएम मोदी व सीएम नितिश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास कर रहा है। पूरे बिहार में चौतरफा विकास दिख रहा है। उपरोक्त बातें रविवार को भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने रामपूर खेल मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी समृद्ध वर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपिल करते हुए कहा एनडीए सरकार गांव गांव गली गली विकास पहुंचाने का काम किया है। एनडीए सरकार सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार पुल्ली विधायक दिलिप वर्मा भागवत ठाकुर रानी सिंह रंजेश वर्मा आदि ने सभा को संबोधित किया।



## चिरैया विधानसभा क्षेत्र के 288997 मतदाता 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे कल

**कुल 357 बूथों में 170 बूथ संवेदनशील घोषित, मतदान कल**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में 11 नवंबर को चिरैया विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त विधानसभा में कुल दो लाख अठ्ठासी हजार नौ सौ सन्तानवें मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 155334 है जबकि 133655 महिला व 8 अन्य मतदाता है। वहीं सेवा मतदाताओं की संख्या 286 है। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ बूथों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस विधानसभा क्षेत्र से निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता, पूर्व विधायक सह राजद प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव, जनसुराज पार्टी से संजय कुमार, पूर्व राजद प्रत्याशी व वर्तमान में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अच्छेलाल प्रसाद यादव सहित कुल छह उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे है। भाजपा प्रत्याशी पिछले दो बार से इस सीट पर अपना कब्जा जमाए हुए है और तीसरी बार जीतने के लिए अपनी एड़ी चोटी एक किए हुए है। विदित हो कि उक्त विधानसभा क्षेत्र में दो प्रखंड चिरैया एवं पताही शामिल है। जिसमें कुल 38 पंचायत है। चिरैया में 23 तो वहीं पताही में 15 पंचायत है। चिरैया प्रखंड में कुल 179883 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें पुरुष मतदाता 97115 व महिला 82762 तथा 6 अन्य मतदाता है। जिनके लिए 216 बूथ बनाए गए हैं। वहीं पताही प्रखंड में कुल 109114 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें पुरुष मतदाता 58219 व महिला 50893 एवं 02 अन्य है। जिसके लिए 141 बूथ बनाए गए है। दोनों ही प्रखंडों में कुल नौ महिला मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, चिरैया विधानसभा क्षेत्र में कुल 170 बूथ संवेदनशील घोषित किए गए हैं। प्रशासन ने इन संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। हर बूथ पर पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल की तैनाती रहेगी। साथ ही मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इधर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन काफी चुस्त दुरूस्त है। चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर चिरैया में कुल 918 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें 700 लोगों के द्वारा बांड भरा जा चुका है। साथ ही दो लोगों को थाना बदर किया गया है। विधि व्यवस्था के मद्देनजर हर बिंदुओं पर पैनी निगाह रहेंगी।

# बिहार में भारी बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार : शिवराज सिंह चौहान

**कोटवा (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को कोटवा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी सचिंद्र प्रसाद सिंह के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में इस बार एनडीए की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। चौहान ने कहा कि आज जनता के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बसे हुए हैं। मोदी और नीतीश कुमार मिलकर ग्यारह हो गए हैं, जिससे विपक्ष का कोई तोड़ नहीं है। राजद पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि आर का मतलब रंगदारी, जे का मतलब जंगलराज और डी का मतलब डकैती है। लालू-राबड़ी के शासनकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय बिहार में न सड़क थी, न बिजली थी। बिजली के पोल पर चिड़िया बैठी रहती थी और अंधकार छाया रहता था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौर में आईएएस अधिकारियों तक के साथ



अत्याचार होते थे, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं था। राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर तंज कसते हुए चौहान ने कहा कि गलत लोगों का नाम अगर वोटर लिस्ट में जुड़ गया है तो उसे हटाना ही चाहिए। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या विदेशी घुसपैठियों का नाम वोटर लिस्ट में रहना चाहिए? इस पर जनता ने जोरदार ह्यनहींह्व में जवाब दिया।केंद्रीय मंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि अब धान की खरीद एमएसपी पर की जाएगी। साथ ही कहा कि लालू राज में महिलाओं के खाते में कभी पैसा नहीं आता था, जबकि आज मोदी सरकार में ह्वदीदियां लखपतिह्व बन रही हैं और आने वाले समय में ह्वकरोड़पति दीदियांह्व बनेंगी। सभा की अध्यक्षता पवन राज ने की, जबकि संचालन राजेश्वर प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सचिंद्र प्रसाद सिंह, लोनी विधायक नंदकिशोर गुजर, जेडीयू नेता संजय सिंह, सैफुल्लाह उर्फ बाबू साहब, सजावल राम, प्रभावती देवी, अमित कुमार विनोद, सत्येंद्र सहवाग, संजय यादव, वीरेंद्र पटेल, जटाशंकर सिंह, गप्पू सिंह, शोभा सिंह, पवन राज और शशिरंजन सहित कई नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया। सभा स्थल पर भारी जनसमूह उमड़ा रहा।

## जिले में मतदान केंद्रो पर सुरक्षा की फुलप्रूफ व्यवस्था

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधान सभा चुनाव के द्वितीय चरण के अन्तर्गत मंगलवार यानी 11 नवंबर को जिले में मतदान होगा। रविवार संध्या 6 बजे से प्रचार का शोर थम गया। विधान सभा चुनाव के हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए हर व्यवस्था की गई है। सीएपीएफ एवं पुलिस के जवान हर मतदान केंद्र पर तैनात रहेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने प्रत्रकारों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर घर से निकलें और मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। डीएम ने बताया कि मतदान के 72 घंटे पहले भारत नेपाल सीमा सील कर दिया गया है। 24 घंटे पहले जिले के लगने वाले उत्तर प्रदेश की सीमा भी सील कर दी जाएगी। दियारा क्षेत्र में 19 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां के मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए नाव की व्यवस्था की गई है। ताकि उन्हे कोई असुविधा नहीं हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वैसे तो सभी बूथों पर सीएपीएफ के जवानों की तैनाती की गई है, लेकिन 1191 बूथ क्रिटिकल चिह्नित किए गए हैं, जहां विशेष नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने बताया कि मतदान के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। जिले के सभी सात डीएसपी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर नजर रखने के साथ-साथ बाइक क्यूआरटी के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाहर से चुनाव प्रचार को आए सभी संबंधित राजनीतिक दलों के नेताओं को मतदान के24 घंटे के अंदर जिले से बाहर हर जाल मे चला जाना है। आयोग के निर्देश के मुताबिक होटलों की जांच के लिए छापेमारी की जाएगी।



## चंपारण की सभी 21 सीटों पर एनडीए की जीत तयः रणवीर नंदन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन ने कहा है कि इस बार चम्पारण के सभी 21 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए स्वीप करेगा। प चम्पारण के बिभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर वापस आने के बाद बेतिया में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को वे संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगो का जिस प्रकार से रुझान आ रहा है उससे स्पष्ट है कि शत प्रतिशत सीटें एनडीए की झोली में आ रही है। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार के संयुक्त विकास नीति ने इस क्षेत्र में राजग को मजबूत किया है। और बिहार का भबिष्य नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ आने वाला है। प्रो नंदन ने कहा कि पीएम मोदी ने सड़क, रेल, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी के रूप में मजबूत आधारभूत संरचना दी। वही नीतीश ने उस विजन को जमीन पर उतारने का काम किया। मुख्यमंत्री के बिभिन्न क्षेत्रो में ठोस कार्य ही आज बिहार के महिला शसक्तीकरण साबित हुआ है। उन्होंने मतदाताओं से पहले मतदान फिर जलपान की अपील की।



### पवन खेड़ा और कन्हैया कुमार ने किया रोड शो

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने रविवार को मझौलिया में अपनी ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया। लालसरैया स्टेडियम से कांग्रेस के दिग्गज नेता पवन खेड़ा, कन्हैया कुमार और आई.पी. गुप्ता ने कांग्रेस प्रत्याशी ओशी अहमद के समर्थन में भव्य रोड शो की शुरूआत की। रोड शो में हजारों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए, जिन्होंने हाथ में तिरंगा और पार्टी का झंडा लेकर ह्वकांग्रेस लाओ, प्रदेश बचाओह्व के नारे लगाए।रोड शो लालसरैया स्टेडियम से बखरिया, जौकटिया होते हुए बेतिया मनुआ पुल तक पहुंचा। जानकारी के अनुसार, पवन खेड़ा, कन्हैया कुमार और आई.पी. गुप्ता का काफिला जौकटिया तक ही रहा, जहां से वे वापस लौट गए। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी ओशी अहमद ने अपने समर्थकों के साथ रोड शो को बेतिया तक जारी रखा।

# चुनाव की मॉनीटरिंग के लिए शुरू हो गए कंट्रोल रूम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी अंतिम चरण में है। शनिवार की शाम से जिला कंट्रोल रूम की शुरूआत हो गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह से सभी कर्मी एक्टिव मोड में रहेंगे। रविवार को मतदान कर्मियों का योगदान हुआ। सोमवार दोपहर के बाद डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो जायेगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट से कॉल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पोलिंग पार्टियां निर्धारित समय पर निकल चुकी हैं या नहीं। डीएम ने निर्देश दिया कि डिस्पैच के एक घंटे बाद संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क कर यह पुष्टि करनी होगी कि पोलिंग पार्टियां अपने बूथ तक पहुंच गयी हैं या नहीं। मतदान के दिन सुबह से हर घंटे अपडेट लिया जायेगा। वोटिंग शुरू होने से पहले मौक पील की जानकारी प्राप्त करनी होगी।डीएम ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बूथ पर एक या शून्य पोलिंग एजेंट की स्थिति न हो. यदि ऐसा पाया जाता है तो वहां तुरंत माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किये जायेंगे।वोटिंग के दौरान यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी या विलंब होता है, तो संबंधित बूथ से तत्काल रिपोर्ट ली जायेगी, हर दो घंटे पर मतदान के प्रतिशत की जानकारी ली जायेगी और उसकी एंट्री करायी जायेगी, उन्होंने कहा कि समय पर एंट्री नहीं होने पर शाम की अंतिम एंट्री भी बाधित हो सकती है। कट्रोल रूम के पदाधिकारी के साथ बैठक के बाद डीएम ने विधान सभा क्षेत्र के लिए कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया। बताया कि चुनाव संबंधी किसी भी समस्या या शिकायत के लिए मतदाता सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए निम्नलिखित नंबर जारी किये गये हैं।

**निर्वाचन संबंधी शिकायत या सूचना हेतु जारी किए गए दूरभाष नंबर**



| विधानसभा क्षेत्र | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 01-वाल्मीकिनगर- | 06254-246617 |
| 02-रामनगर (अ.जा.) | 06254-246618 |
| 03-नरकटियागंज | 06254-246619 |
| 04-बगहा | 06254-246620 |
| 05-लौरिया | 06254-246621 |
| 06-नौतन | 06254-246630 |
| 07-चनपटिया | 06254-246631 |
| 08-बेतिया | 06254-246632 |
| 09-सिकटा | 06254-246634 |

जिला प्रशासन द्वारा आम मतदाताओं एवं निर्वाचन कर्मियों से अपील की गई है कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत या सूचना उपर्युक्त नंबरों पर तत्काल साझा करें ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# बिहार में इंडी गठबंधन की सरकार बनना तय : तेजस्वी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। बिहार विधानसभा चुनाव अपने अंतिम दौर में है। पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो चुका है, जबकि दूसरे चरण के लिए वोटिंग 11 नवंबर को होगी। इसी बीच हसपुरा के पथरौल–देवहरा हाईस्कूल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जोरदार जनसमर्थन का दावा किया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार ने की, जबकि संचालन सीपीआई नेता अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह ने किया। दोनों नेताओं ने सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि "बिहार की जनता बीस वर्षों से अधिक समय से चली आ रही सरकार से ऊब चुकी है, जिसका स्पष्ट संदेश पहले चरण के मतदान में मिल गया है।'' तेजस्वी यादव ने मंच से कहा कि जनता इस बार सीधे एनडीए सरकार पर मुकाबले में है और पहला चरण ही बता रहा है कि हवा इंडिया महागठबंधन के पक्ष में चल चुकी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर हर घर से एक सदस्य को सरकारी नौकरी, भूमिहीन परिवारों को महिला के नाम पर 5 डिसमिल जमीन, हर मां-बहन को 2500 रुपये मासिक (सालाना 30 हजार), 200 यूनिट मुफ्त बिजली, दिव्यांगजनों को 2500 रुपये मासिक पेंशन और 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार बनने के बाद मकर संक्रांति के दिन 'माई-बहन योजना' के तहत 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि ऐसा बिहार बनाया जाएगा जहां पढ़ाई, दवाई और कमाई के लिए युवाओं को राज्य से बाहर न जाना पड़े। सभा में मौजूद भीड़ से उन्होंने अपील की कि इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अमरेन्द्र कुशवाहा को भारी मतों से जीत दिलाएं। कार्यक्रम को सांसद अभय कुशवाहा, राजाराम सिंह समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि "नीतीश कुमार अब तेजस्वी यादव की सोच और घोषणाओं की नकल करने में लगे हैं।'' वक्ताओं ने कहा कि विकसित बिहार के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाना जरूरी है। सभा में रूपा पासवान, सोनम कुशवाहा, अनूपमा कुमारी, श्याम सुन्दर, सुरेश प्रसाद सिंह, देवरूप पासवान, क्षमा भारती, नागेश्वर यादव, राम एकबाल सिंह, शंभु भारती, भोला कुरैशी, मिथलेश सिंह, बिन्देश्वरी शर्मा, नंदलाल सिंह और दिनेश कुशवाहा भी मौजूद थे।

### अवैध बालू खननः

## हसपुरा पुलिस ने किया बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। अवैध बालू खनन पर कार्रवाई करते हुए हसपुरा थाना पुलिस ने कनाप रोड मोहल्ला स्थित पुलिया के पास से बालू से भरा ट्रैक्टर जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, सोन नदी से अवैध रूप से निकाली गई बालू को लेकर चालक हसपुरा की ओर आ रहा था। गश्ती के दौरान पुलिस टीम जब कनाप रोड इलाके में पहुंची, तो चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम लवकुश कुमार, निवासी– केरा महावीर, थाना दाउदनगर, बताया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि अवैध खनन के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर चालक को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डीएलएसए और विधि महाविद्यालय द्वारा संयुक्त विधिक शिविर, छात्रों की दमदार भागीदारी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। रविवार को नवादा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) और नवादा विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज रहीं। उनके साथ डीएलएसए सचिव धीरेंद्र पांडेय एवं एसीजेएम अरविंद कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा भी मौजूद रहे। शिविर में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की तथा दो प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी। नाटकों के माध्यम से समाज में महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं तथा लोक अदालतों की भूमिका को जीवंत रूप से दर्शाया गया। नाटकों का निर्देशन क्षमा सिंह, श्याम किशोर मिश्रा, डॉ. मिहिर, सपना राजमणि एवं नेहा कुमारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पीड़ित विज्ञान (विक्टिमोलॉजी), दंड विज्ञान (पेनोलॉजी), गवाह संरक्षण, वैकल्पिक विवाद निपटारा (एडीआर), अभिवचन सौदेबाजी (प्ली बार्गेनिंग) तथा भारतीय न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। इन विषयों पर चर्चा के साथ-साथ उपस्थित लोगों को मुफ्त विधिक सहायता, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा की विभिन्न योजनाओं तथा लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय प्राप्त करने की जानकारी दी गई। यह शिविर विधिक जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी अपने कानूनी अधिकारों के बारे में पूछताछ की और कई मामलों में मौके पर ही परामर्श प्राप्त किया। डीएलएसए की ओर से बताया गया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य आम जन तक न्याय की पहुंच को सरल बनाना है ताकि कोई भी व्यक्ति कानूनी सहायता से वंचित न रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने छात्रों की प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विधिक जागरूकता के लिए इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

# निर्दलीय प्रत्याशी चुन्नु शर्मा के समर्थन में उतरे तेज प्रताप



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच जहानाबाद में चुनावी प्रचार का पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा के समर्थन में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव ने शहर में भव्य रोड शो किया। रोड शो में समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।करीब 45 मिनट तक चले इस रोड शो के दौरान तेज प्रताप यादव खुली गाड़ी में खड़े होकर जनता का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। समर्थकों के बीच लगातार नारेबाजी होती रही तथा कार्यकर्ताओं ने चुन्नू शर्मा को विधानसभा चुनाव में विजयी बनाने का संकल्प दोहराया। रोड शो को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी थी। जिला प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला पुलिस बल के जवानों के साथ-साथ तेज प्रताप यादव को प्रदत्त वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा टीम भी लगातार मुस्तैदी से उनकी सुरक्षा में लगी रही। तेज प्रताप के इस रोड शो से जहानाबाद की चुनावी सियासत में नई ऊर्जा और हलचल देखने को मिली है। अब देखना यह होगा कि इस रोड शो का चुनावी समीकरण और मतदाताओं के रुझान पर कितना प्रभाव पड़ता है।

# अपराधी पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों का बहिष्कार करेंः प्रेम यूथ फाउंडेशन

**दनियावां (पटना)/नबिटा सं**। दनियावां, फतुहा और खुशरूपुर क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संस्था प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान तेज़ किया गया है। संस्था के संस्थापक गांधीवादी प्रेम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन— दोनों ही गठबंधन के लगभग 60 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई उम्मीदवारों पर संज्ञेय अपराध के भी गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अपराधी प्रवृत्ति के लोगों या उनके निकट संबंधियों को उम्मीदवार बनाकर लोकतंत्र की गरिमा का हनन कर रहे हैं। जहां सरकारी नौकरी में एक चपरासी या सिपाही बनने के लिए चरित्र प्रमाणपत्र आवश्यक है, वहीं जेल में बंद दुर्दांत अपराधियों को भी टिकट मिल जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान में संशोधन कर अपराधी पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। प्रेम कुमार ने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे उम्मीदवार को वोट दें जो ईमानदार हो, जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी का सम्मान करता हो, नशा और भ्रष्टाचार से दूर हो, तथा जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता हो। उन्होंने आग्रह किया कि वोट देते समय भय, दबाव या लालच से दूर रहकर केवल स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को चुनें।

# गैस एजेंसी की पहल पर मतदाता जागरूकता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार सवेरा एचपी गैस एजेंसी औरंगाबाद द्वारा एक सृजनात्मक पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत एजेंसी के माध्यम से एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति के दौरान ग्राहकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। वितरण कर्मियों ने प्रत्येक उपभोक्ता से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आगामी 11 नवंबर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। एजेंसी द्वारा गैस वितरण वाहनों पर मतदान से संबंधित स्लोगन और अपीलें भी प्रदर्शित की गई, जिससे आमजन को लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी के लिए उत्साहित किया जा सके। संदेश दिया गया कि हर घर की आवाज़ बने, हर वोट से लोकतंत्र सजे। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने सवेरा एचपी गैस एजेंसी की इस जन-जागरूकता पहल की सराहना की और अन्य संस्थानों से भी इस प्रकार की सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

# गोह के भाजपा प्रत्याशी ने हसपुरा बाजार में किया जनसम्पर्क



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। गोह विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार ने रविवार को हसपुरा बाजार में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। पार्टी कार्यालय से निकलकर उन्होंने हसपुरा बाजार, हसपुरा डीह, कनाप रोड और पंजाब नेशनल बैंक परिसर होते हुए पुनः बाजार मार्ग से होकर अभियान का समापन पार्टी कार्यालय में किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्पवर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे, जिनमें लोजपा नेता विजय कुमार अकेला, रालोमो नेता विनोद कुशवाहा, सत्येंद्र चौधरी, इबरार अहमद, बैजू कुमार, धनंजय कुमार मुन्ना, सत्येंद्र पासवान, श्रीकांत वर्मा और वीरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। पूरा हसपुरा बाजार "नरेंद्र मोदी जिंदाबाद", "नीतीश कुमार जिंदाबाद", "एनडीए गठबंधन जिंदाबाद", "डॉ. रणविजय कुमार जिंदाबाद" तथा "गोह का नेता कैसा हो — रणविजय बाबू जैसा हो" जैसे नारों से गूंज उठा। जनसंपर्क के दौरान डॉ. रणविजय कुमार ने लोगों से संवाद कर विकास कार्यों में सहयोग और समर्थन की अपील की।

# जहानाबाद पहुंचे जदयू नेता नीरज कुमार तेजस्वी से किए सवाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच सियासी बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। बुधवार को जहानाबाद पहुंचे जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव विकास की बात करने की बजाय केवल वादों की राजनीति कर रहे हैं और जनता को भावनात्मक जाल में फंसाने की कोशिश में लगे हैं। नीरज कुमार ने तेजस्वी पर तंज कसते हुए कहा,"तेजस्वी यादव बताएं, क्या नौकरी अब जमीन के बदले देंगे? राघोपुर में हार का डर उन्हें परेशान कर रहा है, इसलिए वे झूठे दावों का सहारा ले रहे हैं।"तेजस्वी यादव के "कच्चा हूं, सीख रहा हूं" वाले बयान पर भी उन्होंने कड़ा पलटवार किया। नीरज कुमार ने कहा कि 36 साल की उम्र के बाद भी अगर तेजस्वी खुद को कच्चा बता रहे हैं तो जनता समझ ले कि इतने वर्षों में भी ये राजनीति में पके नहीं बल्कि अब भी अधकचरे ही हैं। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार अगर बनी तो बिहार में एक बार फिर जंगलराज की वापसी दिखाई देगी, जिसकी भयावहता बिहार ने पहले ही झेली है। नीरज कुमार ने दावा किया कि तेजस्वी यादव पर अंतरराज्यीय चार केस दर्ज हैं, ऐसे में विकास मॉडल और सुशासन की बात करना उनके लिए हास्यास्पद है। नीरज कुमार के इस बयान के बाद जहानाबाद में चुनावी मुकाबला और अधिक तीखा होता नजर आ रहा है।


# सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दाउदनगर में मतदाता जागरुकता

> "हर वोट है ज़रूरी - लोकतंत्र की डोर हमारी भागीदारी से ही मजबूत होती है"

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज नगरपालिका कार्यालय के पास, दाउदनगर में जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी ज्ञान प्रकाश के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें पंजीकृत सांस्कृतिक दल "भारती कला मंच, बक्सर" ने नाटक, गीत और संवादों के माध्यम से आमजन को 11 नवंबर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने लोगों को लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। "हर वोट है ज़रूरी - लोकतंत्र की डोर हमारी भागीदारी से ही मजबूत होती है" के संदेश के साथ उपस्थित लोगों ने मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक प्रदर्शन का आनंद लिया और मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश पूरे क्षेत्र में फैलाया गया।

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर एस.यू. कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दनियावां (पटना)**। वंदे मातरम् राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ पर एस.यू. कॉलेज, हिलसा में आयोजित "वंदे मातरम् सप्ताह (फेज-1)" के दूसरे दिन शनिवार को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. संदीपा इंद्रा के नेतृत्व में हुआ। अपने संबोधन में डॉ. संदीपा ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियाँ छात्रों में राष्ट्रप्रेम, ज्ञानवृद्धि और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। प्रतियोगिता में तीन दर्जन से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों से वंदे मातरम्, स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका उन्होंने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किए, जिसमें खुशी, सोनाली सुमन, विकास, विंदु, भारती, बबली, मुस्कान और रौशन प्रथम श्रेणी में चयनित हुए। द्वितीय श्रेणी में शिशुपाल, लक्ष्मण राज, प्रिय रानी, नेहा कुमारी सिंह, सोनी कुमारी, रिंकी कुमारी और शिशु रंजन चयनित हुए। तृतीय श्रेणी में कन्हैया कुमार प्रभाकर, मुस्कान कुमारी, तनु केशरी, काजल, प्रीति, मनीष राज और आर्यन कुमार सक्सेना को स्थान मिला। चयनित प्रतिभागियों को 14 नवंबर को आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. अश्विनी कुमार झा, डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. प्रकाश चंद्र चौरसिया, डॉ. सम्राट सरकार, शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने इसे प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक पहल बताया।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई दिशा पाई है : मांझी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पकरीबरावां स्थित कृषक महाविद्यालय के खेल मैदान में रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी एवं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जनसभा को संबोधित किया। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन दोनों नेताओं ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अरुणा देवी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई दिशा पाई है। उन्होंने कहा कि आज हर जिले में सड़कें, पुल-पुलिया, स्कूल और अस्पताल का जाल बिछा है, यह सब नीतीश सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि आज बिहार बदल रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, युवाओं को रोजगार मिल रहा है और समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाएं चल रही हैं। मांझी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि जिन लोगों ने बिहार में जंगलराज कायम किया था, वे फिर से सत्ता में आने का सपना देख रहे हैं, लेकिन अब जनता उन्हें मौका नहीं देगी। बिहार की जनता विकास चाहती है और वह केवल एनडीए से संभव है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भी विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल झूठे वादे कर जनता को भ्रमित करने में लगा है, जबकि नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब जान चुकी है कि कौन काम करता है और कौन केवल भाषण देता है। कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने जनता से अपील की कि बिहार के विकास और सुशासन की निरंतरता बनाए रखने के लिए एनडीए की प्रत्याशी अरुणा देवी को भारी मतों से विजयी बनाएं। सभा स्थल पर भारी जनसैलाब उमड़ा रहा। पूरा मैदान जनसमूह से खचाखच भरा हुआ था। नेताओं के भाषण के दौरान बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंजता रहा।

# इस बार अपने बच्चों के भविष्य के लिए हमें वोट दें : अभिराम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र में प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के दौरान अपनी पूरी ताकत झोंक दी। जहानाबाद विधानसभा से जन सुराज के प्रत्याशी अभिराम सिंह ने अपने हजारों समर्थकों के साथ अपने आवास प्रतिभा नगर से निकले और इरकी, सरथुआ, मांदिल, करौता, बसंतपुर होते हुए शकूराबाद पहुंचे जहां सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने लोगों से कहा कि इस बार वोट अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर करें। जन सुराज पार्टी शिक्षा में सुधार, पलायन को रोकने, स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करने के वादे के साथ चुनाव मैदान में है। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर का यह वादा है कि बिहार की सत्ता में आते ही सबसे पहले पलायन को रोका जायेगा। राज्य में सरकारी स्कूलों की शिक्षा को सुदृढ़ किया जायेगा। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रत्याशी अभिराम सिंह शकूराबाद से महुआ बिगहा, नेहालपुर होते हुए जामुक, किनारी, टाली, कल्पा, कामदेव बिगहा पहुंचे। सभी जगहों पर उन्होंने लोगों से आशीर्वाद मांगा। उनके साथ, मुन्ना हुसैन, पूर्व प्रमुख रेखा पासवान, शिक्षाविद अक्षय शर्मा, लवकुश शर्मा समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# मदनपुर बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं, लोगों को असुविधा



> मदनपुर बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से शौच के लिए भटकते हैं लोग
> संगत रोड पर व थाना गेट में बेकार पड़ा है शौचालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में 1500 से अधिक दुकानें हैं लेकिन सार्वजनिक शौचालय की कमी एक बड़ी समस्या बन गई है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर महिलाओं और दुकानदारों को। बाजार में आने वाले लोगों को खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य को ठेस पहुंचती है। महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की कमी के कारण सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि उन्हें शौचालय की सुविधा नहीं मिल पाती है। दुकानदारों को भी परेशानी होती है, क्योंकि ग्राहक परेशान होकर बिना समान लिए लौट जाते हैं। खुद दुकानदार भी शौच करने के लिए यहां-वहां भटकते हैं। मदनपुर संगत रोड पर और थाना के गेट के बगल में बना सार्वजनिक शौचालय भी बदहाल स्थिति में है। शौचालय के कमरों में कचड़े की अंबार लगा हुआ है और उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे लोगों को और भी परेशानी हो रही है। बता दें कि मदनपुर मेला में प्रत्येक रविवार को लगने वाले साप्ताहिक पशु मेला में पशुओं और साग-सब्जी, फल, रोजमर्रा की सामग्री तक की बिक्री होती है, जिसमें औरंगाबाद के अलावा गयाजी और झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के लोग बेचने या खरीदारी करने आते हैं। उन्हें शौचालय की सुविधा नहीं मिल पाती है, जिससे उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया।

# बसों में नहीं है फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के सड़कों पर चल रही अधिकांश यात्री बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था नहीं है। यहां तक की बसों में यात्रियों की सुरक्षा के उपाय नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक सभी सवारी वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित संसाधन होना अनिवार्य है। आपात स्थिति से निपटने के लिए वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए परंतु अधिकांश बसो में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। परिवहन नियमों का पालन कराने को लेकर संबंधित विभाग का कोई ध्यान नहीं है और न ही विभाग इसके लिए कोई जांच करता है। लिहाजा यात्रियों की सुरक्षा हमेशा ताक पर रहती है। जिले में चल रही बसों में सुरक्षा मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। बस मालिकों को केवल अपनी कमाई से ही मतलब रहता है। उन्हें यात्रियों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं रहती। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से कई प्राइवेट बसों का परिचालन होता है। काफी संख्या में यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। कुछ वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें दवाई, मल्हम, पट्टी के बजाए गैर जरुरी सामान रखे जाते हैं। उस बॉक्स में वाहनों के औजार ही मिलते हैं। वाहन चालकों और उपचालकों को किट के संबंध में जानकारी भी नहीं रहती। उन्हें प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है। एक बस चालक ने बताया कि केबिन में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें कौन-कौन सामान होना चाहिए इसकी जानकारी नहीं है। परिवहन नियमों के अनुसार सड़कों पर चलने वाली बसों में इमरजेंसी गेट होना अनिवार्य है। ताकि आपात समय में यात्री बस से बाहर निकल सकें लेकिन सड़कों पर दौड़ने वाली बसों में अब इमरजेंसी गेट नहीं लगवाए जा रहे हैं। बस संचालकों को लगता है कि जितनी जगह में इमरजेंसी गेट होगा, वहां दो सीट बना देने से कमाई हो जाएगी परंतु बस में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर यात्रियों को एक ही गेट से निकलना पड़ेगा। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका रहती है। अग्निशमन यंत्र या फस्ट एड बॉक्स न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 5600 से 7000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बावजूद वाहन चालकों और मालिकों में इस कानून नहीं है। विभागीय अधिकारी भी नियमित इसकी जांच नहीं करते हैं। लिहाजा बेखौफ होकर यात्रियों की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए वाहनों का परिचालन हो रहा है।

# राष्ट्रीय विधिक दिवस पर निकली भव्य जागरुकता रैली

## न्याय की पहुंच हर नागरिक तक सुनिश्चित करने का लिया संकल्प




फोटो केप्शन-2 रैली में शामिल विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) बेगूसराय की ओर से एक विशाल विधिक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली एडीआर भवन से निकाली गई। जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की जानकारी और सहायता पहुंचाना था। इस रैली का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 9 नवंबर 1987 को अस्तित्व में आया और 9 नवंबर 1995 से यह पूरे देश में लागू हुआ। इस दिवस का उद्देश्य है कि समाज के कमजोर वर्गों, जरूरतमंदों और वंचितों को न्याय तक समान और निःशुल्क पहुंच प्राप्त हो सके। रैली में पैनल अधिवक्ता, विधिक स्वयंसेवक, एलएडीसी के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, व्यवहार न्यायालय के कर्मी एवं समाजसेवी शामिल हुए। रैली एडीआर भवन से निकलकर कैटीन चौक, नगर निगम चौक, नगर थाना चौक, कचहरी चौक, अंबेडकर चौक, ट्रैफिक चौक होते हुए राजकीय अयोध्या लॉ कलेज पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत, बालसा और अन्य जनकल्याणकारी विधिक योजनाओं की जानकारी दी।रैली के बाद राजकीय अयोध्या ल कॉलेज परिसर में एक भव्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने की। जबकि संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य ने किया। अपने संबोधन में आर्य ने कहा आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सभी अधिवक्ता, विधिक स्वयंसेवक एवं विधि छात्र समाज में जाकर लोगों को लोक अदालत से मिलने वाले लाभों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों के छोटे-मोटे विवाद सुलह के आधार पर निःशुल्क और शीघ्र हल होते हैं, जिससे न्याय व्यवस्था पर बोझ कम होता है और आम जनता को त्वरित न्याय मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विधिक सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्रों) को सम्मानित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने चयनित पीएलवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकार सह पीएलवी हरेराम दास, रूबी कुमारी, पिंकी कुमारी, प्रभात कुमार सिंह, वीरेंद्र चौधरी, मुकिंदर पासवान, प्रमोद रजक, किरण कुमारी, शालिनी, सुमन कुमारी, अफजल अमानुल्लाह, बूटेश कुमार, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार ठाकुर, रोशन कुमार जुल्फिकार, शैलेश कुमार, रेखा कुमारी, एवं जया कुमारी शामिल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार झा, पंकज कुमार, विष्णुदेव भक्त, हेमंत कुमार, रवीश कुमार सिन्हा, सुनील प्रसाद,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार, सहायक सचिव विनोद कुमार, एलएडीसी के केके अशोक कुमार सिंह, शशिभूषण बाबू, अशोक कुमार झा, वीरेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, डीएलएसए के सहायक इंद्रसेन शर्मा, उदय कुमार, संगम मिश्रा, शशि कुमार, रंजीत कुमार, सौरभ कुमार, आलोक कुमार, जयप्रकाश नायब, रामष्ण, बबलू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित थे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि हर नागरिक तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस ऐसे ही संकल्पों को सशक्त करने का प्रतीक है। विधिक साक्षरता ही सशक्त समाज की नींव है, और लोक अदालत उसके त्वरित न्याय का माध्यम।

# बालू लदा हाइवा की ठोकर से घायल युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। धनरूआ थाना क्षेत्र के सकरपुरा मोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही बालू लदी हाईवा की ठोकर से गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल युवक को पटना स्थित जीवनदीप अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार तड़के करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तिनेरी निवासी शंकर पासवान के पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। धर्मेंद्र बीते 8 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे निजी काम से घर से निकला था। सकरपुरा मोड़ पर टेंपो से उतरकर जैसे ही वह सड़क पार कर रहा था, तेज रफ्तार हाईवा ने रॉन्ग साइड से आते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता शंकर पासवान के लिखित बयान पर धनरूआ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। हादसे के बाद हाईवा कादिरगंज की ओर भाग रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों और कादिरगंज पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान राजेंद्र कुमार, पिता सुरेश सिंह, निवासी मखदूमपुर दोखड़ा (सिगोड़ी) के रूप में हुई है। पीड़ित परिवार ने आरोपी चालक पर कड़ी कार्रवाई और न्याय की मांग की है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

# बिहार में एनडीए की सरकार तय, जनता ने दिया भारी समर्थनः स्मृति ईरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर**। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है और राज्य को पलायन व बेरोजगारी जैसी बड़ी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। वे पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी मुरारी पासवान के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं। ईरानी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में जनता ने एनडीए को भारी समर्थन देकर अगले चरणों की दिशा साफ कर दी है। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश का जनमत एनडीए के पक्ष में मजबूती से खड़ा है।

उन्होंने कहा कि 2005 से पहले के 'लालू राज' में बिहार लालटेन युग में फंसा हुआ था, विकास ठप था और चारों ओर जंगलराज का बोलबाला था, जिससे आम जनता त्रस्त थी। लेकिन डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है और आज बिहार में अमन-चैन, बेहतर कानून व्यवस्था और तेज विकास का माहौल है। स्मृति ईरानी ने कहा कि महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को लेकर एनडीए कई योजनाएं चला रही है। लाखों जीविका दीदियों को दस-दस हजार रुपये की सहायता दी गई है, जिसे वापस नहीं लिया जाएगा। आगे चलकर इन्हें दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी। सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि इस चुनाव में महागठबंधन का सफाया तय है और प्रदेश में पुनः नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा तथा भाजपा के वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयोजक दिलीप मिश्रा ने भी संबोधित किया।

# बिहार में झाझा विधानसभा सीट पर का कौन होगा सिरमौर, एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर

**विनय कुमार**

**झाझा (जमुई)**। झारखंड की सीमा से सटे जमुई जिले में बिहार के मिनी शिमला के नाम से मशहूर सिमुलतला को अपनी कोख में समेटे झाझा विधानसभा क्षेत्र इन दिनों चुनावी गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जहां एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवार एक दुसरे को पटखनी देने की फिराक में मैदान में उतरे हैं। वर्ष 2025 का झाझा विधानसभा चुनाव भी काफी दिलचस्प नजर आ रहा है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने जहां बिहार सरकार के पूर्व मंत्री दामोदर रावत पर एक बार फिर विश्वास दिखाया है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच यहां सीधा मुकाबला है, लेकिन जन सुराज पार्टी के डॉक्टर नीलेन्दु दत्त मिश्रा, बहुजन समाज पार्टी के शिवराज यादव और और निर्दलीय मोहम्मद इरफान समेत कुल नौ उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट पर जनता दल यूनाइटेड के दामोदर रावत विजयी हुए थे। दामोदर रावत को कुल 76 हजार 9 सौ 72 वोट मिले थे, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार राजेंद्र प्रसाद दूसरे नंबर पर रहे थे, जिन्हें 75 हजार 2 सौ 93 वोट मिले थे और श्री प्रसाद महज 1 हजार 6 सौ 79 वोटों के अंतर से पराजित हुए थे। लेकिन इस बार राजद ने राजेंद्र प्रसाद को टिकट न देकर जय प्रकाश नारायण यादव को उम्मीदवार बनाया है। श्री यादव की इस मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जदयू के उम्मीदवार से अक्सर कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। झाझा एक जनरल सीट है जिसका ज्यादातर इलाका ग्रामीण क्षेत्रों से मिलकर बना है। जहां कुल तीन लाख 38 हजार 6 सौ 67 मतदाता हैं। इनमें से अनुसूचित जातियों की जनसख्या करीब 15.85 फीसदी, अनुसूचित जनजातियों की 4.42 फीसदी और मुस्लिम समुदाय के लगभग 11.2 फीसदी मतदाता है। झाझा विधानसभा क्षेत्र से 1952 में कांग्रेस के चंद्रशेखर सिंह, 1957 में दो विधायक कांग्रेस के भागवत मुर्मू और चंद्रशेखर सिंह , 1962 में सोशलिस्ट पार्टी के श्रीकृष्ण सिंह, 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के शिवनंदन झा, 1969 में कांग्रेस के चंद्रशेखर सिंह, 1972 में सोशलिस्ट पार्टी के शिवनंदन झा, 1977 में जनता पार्टी के शिवनंदन झा, 1980 में कांग्रेस के शिवनंदन यादव, 1985 में कांग्रेस के शिवनंदन यादव,1986 में कांग्रेस के डॉ.रविंद्र यादव,1990 में जनता दल के शिवनंदन झा ,1995 में कांग्रेस के डॉ.रविंद्र यादव 2000 में समता पार्टी के दामोदर रावत, 2005 फरवरी में जदयू के दामोदर रावत,2005 अक्टूबर में जदयू के दामोदर रावत, 2010 में जदयू के दामोदर रावत 2015 में भारतीय जनता पार्टी के डॉ.रविंद्र यादव और वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड के दामोदर रावत चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे। वर्ष 1957 के विधानसभा चुनाव में झाझा दो सदस्यीय क्षेत्र था इसलिए एक आरक्षित वर्ग के और एक सामान्य वर्ग के विधायक चुने गए थे। इस क्षेत्र से पहली बार चुनाव जीतने वाले चंद्रशेखर सिंह बाद में बिहार के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी बने थे। इस बार 2025 का चुनावी समर भी कुछ वैसा ही दिखाई पड़ रहा है और जातीय समीकरण को साधने में हर प्रत्याशी लगा हुआ रहा है। इन दिनों झाझा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमा गया है। विकास के मुद्दों के साथ जातीय समीकरणों पर नेता जोर दे रहे हैं। विभिन्न समुदाय अपने-अपने तरीके से समीकरण साधने में लगे हैं। देखना यह है कि झाझा की गद्दी पर फिर दामोदर रावत की वापसी होगी या जनता किसी दूसरे नेता पर विश्वास जताएगी। इस क्षेत्र में 11 नवंबर को वोट डाले जाएगें और 14 नवंबर को मतपेटी खुलने के बाद झाझा के नये प्रतिनिधि का एलान होगा। फिलहाल सभी प्रत्याशी अपनी जीत की रणनीति बनाने में जुटे हैं और अंतिम क्षणों तक जनसंपर्क के माध्यम से जनता को लुभाने की कोशिश जारी है।

# मतगणना केंद्र का अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय**। रविवार को अपर सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह द्वारा बाजार समिति स्थित सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के वज्रगृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मनिटरिंग सिस्टम, पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था आदि का विस्तृत जायजा लिया।इसके साथ ही उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए चिन्हित मतगणना हल एवं कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह परिसर में अभ्यर्थियों एवं अभ्यर्थियों के चुनाव अभिकर्ता के लिए बज्रगृह परिसर में बनाए गए चिन्हित स्थल पर सीसीटीवी का निरीक्षण किया एवं वहां उपस्थित अभ्यर्थियों एवं अभ्यर्थियों के चुनाव अभिकर्ता से बातचीत की तथा उनकी सुझावों को सुना और आवश्यक बिंदुओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तीन मोबाइल चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट**। चकिया थर्मल हल्ट के समीप रेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी के मामले में तीन युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शुकरर कुमार (22) पिता रोहित निषाद एवं अमर निषाद (21) पिता वकील निषाद, दोनों निवासी कसहा दियारा, थाना मरांची, जिला पटना तथा कुंदन कुमार (18) पिता कार्तिक महतो, निवासी लवकी सिमरिया घाट विंदटोली, थाना चकिया, जिला बेगूसराय शामिल हैं।इनके पास से चोरी के 8 मोबाइल बरामद किए गए हैं। इस संबंध में रेल थाना बरौनी में कांड संख्या 212 दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# काला धान बना किसानों की आर्थिक मजबूती का नया आधार, कम लागत में बेहतर मुनाफा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी**। मसौढ़ी प्रखंड के कई गांव इस समय काला धान की खेती के लिए मॉडल क्षेत्र बनते दिख रहे हैं। स्वाद और सेहत के अनूठे गुणों से भरपूर इस धान की खेती सैकड़ों एकड़ में हो रही है, जिसने किसानों को कम लागत में अधिक आय का नया विकल्प उपलब्ध कराया है। प्रगतिशील किसान नागेंद्र सिंह पिछले कई वर्षों से कई बीघा भूमि पर जैविक तरीके से काला धान की खेती कर रहे हैं। वे स्वयं जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं और अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं राजाबिगहा के मनोज कुमार यादव सहित कई किसानों ने नवीन प्रयोग करते हुए इस बार काला धान की खेती को प्राथमिकता दी है। बाजार में काला धान की कीमत सामान्य धान की तुलना में कई गुना अधिक है। स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 400 से 800 रुपये प्रति किलो तक रहती है, जबकि विदेशों से भी इसकी अच्छी मांग बनी हुई है। हालांकि इसकी पैदावार सामान्य धान की तुलना में कम होती है, परंतु ऊंची कीमत मिलने से किसानों को बेहतर लाभ हो रहा है। सामान्य धान की घटती कीमतों को देखते हुए नागेंद्र सिंह जैसे कई किसानों ने काला धान को आय का स्थिर स्रोत अपनाया है। कृषि विशेषज्ञ नवीन कुमार सिंह बताते हैं कि काला चावल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो शरीर को डिटॉक्स और साफ रखने में मदद करता है। बढ़ते प्रदूषण और अस्वस्थ जीवनशैली के बीच यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। उन्होंने बताया कि काला चावल डायबिटीज रोगियों के लिए भी बेहद लाभकारी है और नियमित सेवन से दवाइयों पर निर्भरता कम हो सकती है। काला धान की बढ़ती लोकप्रियता ने मसौढ़ी के किसानों को नई दिशा दी है, साथ ही जैविक खेती की ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का झुकाव भी तेजी से बढ़ा है।

# विकसित बिहार के लिए जनता कर रही एनडीए को समर्थनः अन्नपूर्णा देवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर**। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भाजपा की वरिष्ठ नेत्री अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को यहां कहा कि बिहार को विकसित राज्य बनाने का संकल्प जनता ने एक बार फिर मज़बूत कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गारंटी पर जनता का भरोसा अटूट है, इसी कारण राज्य में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता स्थिर, विकासोन्मुख और सुशासन देने वाली सरकार चाहती है। प्रथम चरण के चुनाव रुझान इस बात का प्रमाण हैं कि जनता एनडीए को भारी समर्थन दे रही है, और दूसरे चरण में यह समर्थन और व्यापक होगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर महिलाएं और युवा वर्ग विकास, सुरक्षा और सुशासन के नाम पर बढ़-चढ़कर मतदान कर रहे हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार ने हर क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति की है। आज राज्य विकास के विभिन्न मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और हर तबके के लोगों का भरोसा एनडीए सरकार पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन में बिहार में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। अंत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पुनः एनडीए सरकार को समर्थन देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ. एन. के. यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार, राजेश जैन और बंटी यादव भी मौजूद थे।

# ट्रैक्टर रोककर सात लोगों ने की बर्बर पिटाई, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी**। मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा चक गांव के पास एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित हरेंद्र मांझी, पिता उपेंद्र मांझी, निवासी भखरा चक, ने सात लोगों के विरुद्ध मसौढी थाना में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, हरेंद्र मांझी मजदूरी कर ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बैरागीबाग पुल के पास पहुंचे, गांव के ही मुन्ना पासवान, आलोक कुमार, विष्णु पासवान, गुड्डू पासवान, पोखन पासवान, रोशन पासवान और हजारी पासवान ने ट्रैक्टर रुकवाकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस हमला में पीड़ित और विजेंद्र मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनके सिर पर गहरी चोट आई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद शाम में आरोपी उनके घर पहुंच गए और पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। हमले का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# मखदुमपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। आगामी 11 नवंबर को मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को मतदान कर्मियों ने अपना योगदान दिया। सुबह 11 बजे से ही मतदान कर्मी निर्धारित स्थल पर पहुँचने लगे, जहाँ उन्हें मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक सामग्री और दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशासन की निगरानी में किया गया।जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मतदान कर्मी किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और किसी भी राजनीतिक या प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में न आएं। डीएम ने कहा कि यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता दिखाई दे, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पूरे चुनावी प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ खड़ा रहेगा।वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में केंद्रीय पुलिस बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड तैनात किए जाएंगे ताकि मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। एसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान जिले के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तारेगना रेल थाना में महिलाओं के लिए शुरू हुआ हेल्प डेस्क बंद, शिकायतों के समाधान पर पड़ा असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। पटना–गया रेलखंड के तारेगना रेल थाना में महिलाओं की समस्याएँ सुनने और समाधान के लिए शुरू की गई महिला हेल्प डेस्क अब बंद कर दी गई है। 22 फरवरी 2023 को शक्ति मिशन के तहत इसकी शुरुआत हुई थी, जिससे महिला फरियादियों को काफी राहत मिली थी। महिला पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में वे अपनी शिकायतें सहजता से दर्ज करा पाती थीं, लेकिन कुछ ही महीनों में यह व्यवस्था समाप्त हो गई। पहले पुरुष पदाधिकारी ही महिलाओं की शिकायतें सुनते थे, जिसके कारण कई संवेदनशील मामलों में महिलाएँ खुलकर अपनी बात नहीं रख पाती थीं। इस स्थिति को बदलने के लिए महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई थी। हालांकि, स्थानीय सूत्रों के अनुसार उक्त यूनिट को बाद में किसी अन्य थाने में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे महिला शिकायतकर्ताओं को पुनः असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व इंचार्ज रानी कुमारी ने बताया कि तारेगना में महिला हेल्प डेस्क पर प्रतिदिन कई प्रकार की शिकायतें दर्ज होती थीं—ट्रेन में छिनतई, छेड़खानी, अश्लील व्यवहार, महिला बोगी में उत्पीड़न जैसे मामलों में महिलाएँ बेझिझक मदद मांगती थीं। हेल्प डेस्क बंद होने के बाद इन शिकायतों के समाधान में कठिनाई बढ़ गई है। रेल थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही इस दिशा में पहल की जाएगी और तारेगना रेल थाना में महिला हेल्प डेस्क को पुनः शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अररिया**। रविवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का आयोजन बड़े ही उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर छात्रों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यथा फैंसी ड्रेस, रंगोली, सांस्कृतिक नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट, एवं प्रोजेक्ट वर्क में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

छात्रों में अपनी उपलब्धियों को लेकर अत्यधिक उत्साह और प्रेरणा देखी गई, वहीं अभिभावक भी अपने बच्चों की प्रगति देखकर बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया आर्ट एंड क्राफ्ट मॉडल, जिसमें बिहार की संस्कृति एवं त्यौहारों की झलक को सुंदरता से प्रदर्शित किया गया। इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पुरस्कार बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जो छात्र इस बार अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, वे भी इन सम्मानित छात्रों से प्रेरणा लेकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस बार का परिणाम पिछली बार की तुलना में अधिक उत्कृष्ट रहा है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे विद्यार्थी और ऊंचाइयां छुएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया गया।

# मतदान के बाद मसौढ़ी में बढ़ी पुलिस गश्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। विधानसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के बाद मसौढ़ी पुलिस पूरी तरह सतर्क मोड में नजर आ रही है। वोटिंग के बाद राजनीतिक तनाव, आपसी विवाद या हिंसक घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। चुनावी समीक्षा की चर्चाएं हर चौक-चौराहे पर चल रही हैं, ऐसे में वाद-विवाद की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस की टीम लगातार निगरानी कर रही है। स्थानीय थानों को निर्देश दिया गया है कि शाम के समय विशेष रूप से पेट्रोलिंग तेज रखें और संदिग्ध वाहनों की सख्ती से जांच करें। मतदान समाप्त होने के बाद अर्धसैनिक बलों की कंपनियां अन्य जिलों में भेज दी गई हैं, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी अब स्थानीय पुलिस के हाथों में है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त, वाहन जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का अभियान जारी है। पुलिस का प्रयास है कि मतदान के बाद किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना, माहौल बिगाड़ने की कोशिश या शराब एवं हथियार तस्करी पर सख्ती से रोक लगाई जा सके, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था कायम रहे।

# पति से उत्पीड़न के बाद महिला ने की नदी में कूदकर जान देने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। पुनपुन थाना क्षेत्र में आत्महत्या के प्रयास की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पारिवारिक कलह, वैवाहिक तनाव, प्रेम-प्रसंग में धोखा और परीक्षा में असफलता जैसे कारणों से लोग पुनपुन नदी को अपनी जान देने का आसान रास्ता समझने लगे हैं। हालात यह हैं कि पिछले दिनों में यह चौथी घटना है जब किसी ने नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया हो। रविवार को एक बार फिर ऐसी ही घटना सामने आई, जब पति से उत्पीड़न से परेशान एक महिला ने पुनपुन नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की सतर्कता से उसकी जान बचाई जा सकी। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि महिला की पहचान ममता देवी, पति अशोक चौधरी, निवासी चलियाराचक (पुनपुन) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ममता देवी पारिवारिक तनाव से व्यथित होकर नदी में कूद गई थीं, लेकिन ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कर उन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि लगातार इस प्रकार की घटनाएं चिंताजनक हैं और यह मौजूदा सामाजिक व पारिवारिक तनावों का संकेत देती हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला को परामर्श उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

# चोरी की मोबाइल बरामद

**नावकोठी**। नावकोठी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत खोये हुए मोबाइल को मोबाइल धारक को उपलब्ध कराया गया। मोबाइल धारक नावकोठी के मुरारी चौधरी का पुत्र नीरज कुमार है। इनका मोबाइल 9 फरवरी को खो गया था। इसकी सूचना नावकोठी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने नयी तकनीक से अनुसंधान कर इसे साहेबपुर कमाल से बरामद किया। खोया हुआ मोबाइल नौ महीने के बाद मिलने से मोबाइल धारक का चेहरा खिल उठा।

# धमदाहा में सम्राट चौधरी की हुंकार : 'अब लालटेन की लौ नहीं, विकास की रोशनी चाहिए बिहार को'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** रविवार का दिन धमदाहा विधानसभा के लिए राजनीतिक तापमान बढ़ाने वाला रहा। केनगर प्रखंड के गोकुलपुर पंचायत स्थित धरम काँटा परिसर में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जदयू की भावी प्रत्याशी लेशी सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'बिहार अब लालटेन युग में लौटने वाला नहीं है।'

उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 'लालू यादव ने एक समय कहा था—सड़कें हेमा मालिनी के गाल जैसी चमकेंगी, लेकिन उनके शासनकाल में यह समझना मुश्किल था कि सड़क गड्ढे में है या गड्ढा सड़क में।' सम्राट चौधरी ने तंज कसा कि 'वो दौर था जब अपहरण, रंगदारी, फिरौती और गुंडाराज आम बात थी। आज बिहार एनडीए के नेतृत्व में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उदाहरण बन चुका है।' डिप्टी सीएम ने विशेष रूप से जीविका दीदियों को भरोसा दिलाया कि



'किसी को भी 10 हजार रुपये वापस नहीं करना पड़ेगा। यह विपक्ष की साजिश है जो महिलाओं को बरगलाने की कोशिश कर रही है।' उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के खाते में राशि नहीं पहुंची है, उनके खातों में नवंबर माह में राशि भेजी जाएगी। महिलाओं के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्प हैं।' सभा के दौरान मंच संचालन कर रहे जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनिल मेहता ने कहा कि 'धमदाहा की जनता विकास चाहती है, और यह तभी संभव है जब तीर के निशान पर बटन दबे।' वहीं, मंच पर उपस्थित जदयू प्रत्याशी लेशी सिंह ने भावुक होकर कहा 'मैंने धमदाहा की सेवा जाति, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर की है। आज मैं मजदूरी मांगने आई हूं—आपके आशीर्वाद की मजदूरी। मुझे विश्वास है कि इस बार धमदाहा में विकास और इंसानियत की जीत होगी।' उन्होंने महिलाओं से अपील की कि 'महिला सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तीर छाप पर वोट दें।' सभा को शिवहर के सांसद रमेश कुशवाहा, मुखिया नीरज कुमार मेहता, सुबोध मेहता, और मंटू कुशवाहा सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि धमदाहा की जनता इस बार विकास के प्रतीक तीर छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय सुनिश्चित करेगी।

## अबकी बार अति पिछड़ा का बेटा होगा मुख्यमंत्री : मुकेश सहनी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज /धमदाहा/पूर्णिया।** बिहार की राजनीति में रविवार को मीरगंज का मैदान नई दिशा का संदेश दे गया। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने गरारी नागपुरिया में आयोजित जनसभा से ऐलान किया 'महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार का मुख्यमंत्री अति पिछड़ा वर्ग से होगा।' सहनी ने कहा कि अब बिहार को थकी हुई सोच नहीं, युवा नेतृत्व चाहिए। उन्होंने नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री अब अस्वस्थ हैं, इसलिए बिहार की बागडोर अब नए और ऊर्जावान हाथों में होनी चाहिए।

उन्होंने वादा किया कि हर घर के एक युवा को सरकारी नौकरी और हर महिला को 30,000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, प्रत्येक बुजुर्ग को 1500 मासिक पेंशन देने का संकल्प भी दोहराया।

सहनी ने भाजपा-जदयू गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा 'इन दलों ने बिहार को मजदूर सप्लाई प्रदेश बना दिया है। लोगों को पाँच किलो अनाज के भरोसे पर रोक रखा गया है, जबकि सपनों को कुचल दिया गया है।'

# मतदान है अधिकार भी, जिम्मेदारी भी, बनमनखी में जागी लोकतंत्र की चेतना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन में जिले के ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता की मुहिम लगातार तेज होती जा रही है। प्रशासनिक स्तर से लेकर स्वयं सहायता समूहों तक हर कोई 'शत-प्रतिशत मतदान' के लक्ष्य को साकार करने के लिए कदम से कदम मिला रहा है।

इसी क्रम में बनमनखी प्रखंड के रामनगर फरसाही मिलिक पंचायत (बूथ संख्या-147) में डीपीएम जीविका के नेतृत्व में ममता उछ्रएवं राधा ग्राम संगठन की सक्रिय




सहभागिता से शुक्रवार को एक प्रेरक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शपथ ग्रहण से हुई, जहां उपस्थित महिलाओं और युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके बाद संवाद सत्र में मतदान को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि 'एक वोट से बदलाव संभव है, इसलिए हर मतदाता का योगदान अनमोल है।' गांव की गलियों से लेकर पंचायत भवन तक गूंजा एक ही संदेश—'11 नवंबर को हर मतदाता मतदान केंद्र जरूर जाए, लोकतंत्र को और मजबूत बनाए।' इस मौके पर ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उनके उत्साह ने यह साबित किया कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिला भी अब अपने मताधिकार को लेकर जागरूक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र की मिसाल पेश कर रही है।

# चुनाव प्रचार का शोर थमा, प्रत्याशियों ने झोंकी अंतिम ताकत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** दूसरे चरण मे होने वाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जिले मे राजनीतिक सरगर्मी चरम पर रही। रविवार को शाम होते ही प्रचार का शोर थम गया। लेकिन इससे पहले सभी दलों के उम्मीदवार व निर्दलीय प्रत्याशी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया। जिसमें बड़ी जनसभाओं से लेकर बाइक रैलियाँ और डोर-टू-डोर कैंपेनिंग तक शामिल थे।

प्रचार के आखिरी दिन कई पार्टियों के बड़े नेताओं ने क्षेत्र में आकर अपनी पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। इन जनसभाओं में नेताओं ने अपनी उपलब्धियों को गिनाया और विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। कुछ उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन के लिए बड़े रोड शो का सहारा लिया। सैकड़ों समर्थकों ने झंडे लहराते हुए और नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में



घूमकर एक माहौल बनाने की कोशिश की। इन रैलियों ने मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक भी प्रभावित किया, पर यह प्रत्याशियों का अंतिम जोर दिखाने का तरीका था। वही कुछ प्रत्याशी ने बड़े आयोजनों के बजाय, सैकड़ों कार्यकताओं के साथ डोर-टू-डोर कैंपेनिंग पर अधिक भरोसा जताया। उनका मानना था कि व्यक्तिगत संपर्क से मतदाताओं को सीधे अपनी बात समझाना अधिक प्रभावी होता है।अपने समर्थकों के साथ गली-मोहल्लों में घूमकर हर घर तक पहुंचने की कोशिश की। उन्होंने छोटे-छोटे समूहों में लोगों से मुलाकात की, उनसे हाथ मिलाया और अपनी जीत के लिए समर्थन माँगा। वही प्रचार का शोर थमने के साथ ही अब सभी उम्मीदवार और दल शांतिपूर्ण तरीके से मतदान की तैयारी में जुट गए हैं। अब सारी उम्मीदें मतदाताओं के निर्णय पर टिकी हैं। 11नवंबर को होने वाले मतदान के बाद ही यह तय होगा कि जनता ने किस उम्मीदवार और किस पार्टी के अंतिम प्रयास पर मुहर लगाई है। चुनावी मैदान में उतरे सभी सूरमाओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और अब वे मतपेटियों के खुलने का इंतजार करेंगे।

# थमा चुनावी शोर, लोगों ने ली राहत की सांस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में चुनावी शोर थम जाने से लोगों को लाउडस्पीकर की आवाज से राहत मिल गई है। हलांकि अभ्यर्थियों का जनसंपर्क जारी रहेगा।चुनाव को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में तुफानी चुनाव प्रचार चला। राजग तथा महागठबंधन के बड़े-बड़े नेताओं तथा सिनेस्टारों के साथ जनसुराज संस्थापक प्रशांत किशोर एवं एआईएमआईएम नेता असुद्दीन ओवेसी रोड शो और चुनावी सभाओं में अपने विपक्षियों के विरुद्ध जमकर बरसे।

इस दौरान नेताओं ने दूसरे गठबंधन को भ्रष्टाचारी और चोरों का समूह साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। लेकिन इसके बाद भी आम मतदाताओं की चुप्पी को तोड़ पाने में सफल नहीं हो पाये। प्रचार समाप्त होने के बाद अब मतदाता खुलने लगे हैं। सभी विधानसभाओं में सिटिंग विधायक एक गठबंधन के उम्मीदवार हैं।लेकिन समर्थकों में उनके प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। बागी निर्दलीय प्रत्याशी गठबंधन के प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ने को लेकर पसीना बहा रहे हैं। खासकर जिले का कटिहार और कदवा विधानसभा में हॉट सीट बन गया है। जहॉ एनडीए गठबंधन ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और लगातार चार बार के विधायक रहे तारकिशोर प्रसाद पर भरोसा जताया है तो विपक्षी गठबंधन की ओर से भाजपा पृष्टभूमि के विधान पार्षद अशोक अग्रवाल एवं मेयर उषा देवी के पुत्र सौरभ अग्रवाल वीआइपी पार्टी से चुनाव मैदान में हैं। जनसुराज के डा. गाजी अहमद शरीक की उपस्थिति त्रिकोणीय संघर्ष होने की ओर इशारा कर रहा। लेकिन टिकट नहीं मिलने से नाराज बागी राजद के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री डा.रामप्रकाश महतो निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में दोनों हीं गठबंधन के लिए सिरदर्द बने हुए है। क्योंकि उनकी लोकप्रियता भी है। वहीं कदवा विधानसभा में स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा काफी असरदार नजर आ रहा है। लोग दोनों हीं गठबंधन के प्रत्याशी से नाराज हैं। कांग्रेसी विधायक शकील अहमद खॉ से नाराजगी का कारण उनका क्षेत्र में कम रहना तथा उसका कोई प्रभावी प्रतिनिधि का नहीं होना बताया जा रहा है,तो वहीं जदयू प्रत्याशी पूर्व सांसद पर संसदीय काल में क्षेत्र के विकास की अनदेखी का आरोप लग रहा है।

## लापता गोलू के गरीब मां- बाप की सुनने वाला कोई नहीं

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घर से प्राइवेट लाइब्रेरी में पढ़ने गया सत्रह वर्षीय गोलू चार दिन बाद भी वापस नहीं लौटा घर वाले का रो रोकर बुरा हाल हैं । परिजन अनहोनी की आशंका से काफी भयभीत हैं। मामला मनसाही थाना क्षेत्र के कजरा निवासी संजय यादव जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरन पोषण करता हैं। उसका सत्रह वर्षीय पुत्र गोलू कुमार जो स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलहरा गोरगामा का इंटर प्रथम वर्ष का छात्र हैं। वह बीते छः नवंबर को दिन के करीब ग्यारह बजे अपने मां को कहा कि वह बबलू यादव के लाइब्रेरी में पढ़ने की बात कह कर घर से निकला मगर अब तक वापस नहीं लौटा गोलू अपने माता पिता की तीन संतान में इकलौता पुत्र हैं,दो बहन एक भाई में सबसे छोटा हैं।

# 20 वर्षों में राज्य का विकास नहीं हुआ : तारिक अनवर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सह कटिहार सांसद तारिक अनवर ने बिहार की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में पिछले 20 वर्षों में राज्य का विकास नहीं हुआ है, खासकर कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मामले में। रविवार को कटिहार में प्रेसवार्ता कर उन्होंने कहा कि जब तक बिहार में रोजगार नहीं मिलेगा, पलायन रुकेगा नहीं।

बिहार की तुलना अन्य राज्यों से करते हुए उन्होंने कहा कि सभी राज्यों का विकास हुआ है, लेकिन बिहार अभी भी पीछे है। केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए तारिक अनवर ने कहा कि सरकार सिर्फ झूठे वादे करती हैं और बिहार के लिए कुछ नहीं करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि जब तक सरकारें बिहार के विकास के लिए ठोस कदम नहीं उठाएंगी, तब तक राज्य की स्थिति नहीं सुधरेगी। बिहार के लोगों को रोजगार और विकास के अवसर प्रदान करने के लिए सरकारों को गंभीर प्रयास करने होंगे। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी. एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कट्टा का उपयोग कर बिहार के लोगों का अपमान किया है।

## प्रसार प्रभारी के असामयिक निधन पर शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** हिंदी दैनिक अखबार के प्रसार प्रभारी श्याम किशोर सिंह का गत मंगलवार की देर शाम एक सड़क दुर्घटना बाद इलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया। वे हिन्दी दैनिक अखबार के प्रसार प्रभारी के पद पर कार्यरत थे। इस हृदय विदारक घटना से जिले के पत्रकार, एजेंट, हॉकर और मीडिया जगत से जुड़े सभी सहयोगियों में गहरा शोक व्याप्त है। दुःखद और अप्रत्याशित मौत की खबर मिलते ही जिले के तमाम एजेंटों, पत्रकारों, हॉकरों ने स्व. श्याम किशोर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक संतप्त साथियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

# मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के लिए नेटवर्क उपलब्ध कराने को लेकर बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला प्रशासन समय से पूर्व चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। बिना किसी व्यवधान के सभी कार्य संपन्न हो। इसकी प्रशासनिक तैयारी जो शोर से चल रही है। जिसमें संचार सुविधा की भूमिका भी अहम मानी जा रही है।

मतदान दिवस पर वेबकास्टिंग के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर निर्बाध नेटवर्क सुविधा सुनिश्चित कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मनेश कुमार मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें टेलीकॉम सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल एवं बीएसएनएल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने चुनाव प्रक्रिया में सहजता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में संचार सेवाओं का विशेष महत्व बताया। उन्होंने कमजोर नेटवर्क वाले एवं शेडो क्षेत्र की सूची संबंधित टेलीकॉम कंपनियों के साथ साझा कर मतदान दिवस से पूर्व इन सभी स्थानों पर नेटवर्क क्षमता में वृद्धि, रिपीटर की व्यवस्था एवं आवश्यक तकनीकी समायोजन कर लेने का निर्देश दिया। ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की संचार बाधा उत्पन्न नहीं हो। टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को चुनाव की तिथि से पहले ही सभी मतदान केंद्रों पर पूर्ण रूप से कार्यशील और विश्वसनीय नेटवर्क सेवा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के कालीगंज में राज्य सभा सदस्य सह मशहूर शायर इमरान प्रतापगढी ने महागठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनोहर प्रसाद सिंह के पक्ष में जन सभा को संबोधित किया।अपने संबोधन में श्री प्रतापगढी ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया. बिहार में डब्ल ईंजन की सरकार में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन, गरीबी का बोलबाला बताया. उन्होने बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने और बिहार मे बदलाल को लेकृ महागठबंधन के मनिहारी विधान सभा से संयुक्त प्रत्याशी मनोहर प्रसाद सिंह को हाथ छाप पर मतदान करने की अपील की. कहा कि बिहार मे बदलाव की व्यार चल पडी है. इह बार तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनाने के लिज, बिहार में बदलाव लाने को लेकर मतदान की अपील की. कहा कि सूबे मे महागठबंधन की सरकार का गठन होने पर हर घर के एक सदसःय को सरकारी नौकरी, महिलाओं के खाते में एक मुस्त तीस हजार रुपये,



भूमिहीन प्रति परिवार पांच डिसीमिल जमीध दिये जाने. का भरोसा दिलाया।

सांसद तारिक अनवर ने भी अपने संवोधन में बिहार का मुस्तकबिल बदलने को लेकर गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। इस मौके पर महागठबंधन के घटक दल के नेताओं ने भी संवोधित किया. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील यादव,युवा नेता चिन्मय अतीक सिंह, सोहराब, रज्जी ईमाम सहित अन्य अनेक मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### औरंगाबाद-गया समेत...

5326 बूथ हैं। 45388 सामान्य बूथ और 11 सहायक बूथ बनाए गए हैं। दूसरे चरण में 3 करोड़ 7० लाख 13556 वोटर हैं। इसमें 7 लाख 69 हजार 356 फर्स्ट टाइम वोटर हैं। 943 थर्ड जेंडर भी वोट डालेंगे। दूसरे चरण में 43 एनआरआई वोटर भी हैं। 100 साल से अधिक उम्र के 6255 वोटर हैं जबकि सेवा मतदाताओं की संख्या 63373 है। दूसरे चरण में कई दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है। इसमें नीतीश कुमार के सबसे वरिष्ठ मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव (सुपौल), नीतीश कुमार के नजदीकी मंत्री लेसी सिह (धमदाहा), पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी (बेतिया), मंत्री शीला मंडल (फुलपरास) के अलावे एकमात्र मुस्लिम मंत्री जमा खान (चैनपुर) शामिल हैं। बिहार में दूसरे चरण के दौरान जिन जिलों में चुनाव होना है उसमें पश्चिम और पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर शामिल हैं। इन सभी जिलों की 122 सीटों पर मतदान होने हैं। यहां 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### 2005 से पूर्व शाम..

कोई विवाद न हो। चाहे हिदू हो या मुस्लिम, हमने सबके लिए काम किया। रोजगार के मुद्दे पर नीतीश कुमार ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने 2020 में 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का वादा किया था। अब 10 लाख नौकरी का काम हो गया है और रोजगार पाने वालों की संख्या भी 40-50 लाख हो गई है। अब हमने तय कर दिया है कि अगले 5 साल में 1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा।

### एनडीए के पक्ष में ..

दुनिया में 11वें स्थान से बढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिदूर ने भारत की ताकत को पूरी दुनिया के सामने साबित किया है। अब हमारी सेना स्वदेशी अस्त्र-शस्त्रों से लैस हो रही है। वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष का घोषणा पत्र एक छलावा है, जो कभी पूरा नहीं हो सकता। एनडीए सरकार ने जो कहा, वह किया और आगे भी जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी। सभा की अध्यक्षता प्रवीण कुमार व संचालन दीपक उपाध्याय ने किया।

### हर घर देंगे एक...

को नई दिशा चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जात-पात और धर्म के नाम पर नहीं बल्कि विकास और रोजगार के मुद्दों पर वोट करें। उन्होंने बिहार को नई दिशा देने के लिए छह आधारों-पढ़ाई, दवाई, सिचाई, कड़ाई, कार्रवाई और सुनवाई का उल्लेख किया। उन्होंने पलायन को रोकने और वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाकर 15०० रुपए करने का भी आश्वासन दिया। पलायन रोकने के लिए नई औद्योगिक नीति लाने की बात कही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि जनता उन्हें ताकत देती है तो एक 'नया बिहार' बनेगा जहां किसी को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। तेजस्वी यादव ने जनता से एकजुट होकर महागठबंधन समर्थित उम्मीदवारों को वोट देकर विजयी बनाने का आग्रह किया। इस दौरान नवीनगर के महागठंधन समर्थित राजद प्रत्याशी आमोद चंद्रवंशी, कुटुंबा से कांग्रेस के राजेश राम, औरंगाबाद से कांग्रेस के आनंद शंकर सिह, ओबरा से राजद के ऋषि कुमार, रफीगंज से राजद के डॉ गुलाम शहीद एवं गोह से राजद के अमरेंद्र कुशवाहा मौजूद रहे।

# कसबा में बदलाव की गूंज : राजनीति के नए समीकरण लिख रहा जनसमर्थन

## जनता अब वादों से नहीं, कार्यसंस्कृति और विश्वसनीयता से तय कर रही अपनी दिशा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** कसबा विधानसभा का राजनीतिक परिदृश्य इस बार बिल्कुल नया और जीवंत दिखाई दे रहा है। वर्षों की चुप्पी और उपेक्षा के बाद जनता अब अपने भीतर के बदलाव को आवाज दे रही है। यही कारण है कि कसबा की गलियों, बाजारों और चौपालों में अब एक नया संवाद शुरू हुआ है — यह संवाद है उम्मीदों का, जिम्मेदारी का और आने वाले कल की नई रूपरेखा का।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी नितेश कुमार सिंह इस संवाद के केंद्र में हैं।

एक सफल व्यवसायिक जीवन से निकलकर जब उन्होंने राजनीति की राह पकड़ी, तो बहुतों को यह कदम अप्रत्याशित लगा था। लेकिन कुछ ही समय में उन्होंने साबित कर



दिया कि जनसंपर्क केवल भाषणों या नारों का विषय नहीं, बल्कि विश्वास का पुल है। उनका यह पुल अब कसबा के मतदाताओं के दिलों में मजबूती से जुड़ चुका है। हाल के दिनों में उनकी पदयात्रा ने क्षेत्र की राजनीतिक हवा में नई सरगर्मी ला दी है। बथना चौक से लेकर बनैली बाजार, गुरही राजवंशी टोला, घोड़दौड़ सराउचिया, गडबनेली बाजार, मदरघाट, टिकापुर तक उनका काफिला जिस तरह आगे बढ़ा, वह किसी अभियान से कम नहीं है। इसके बाद कसबा नगर के मदरसा चौक, तीन पनिया, हनुमान चौक, महावीर चौक, तमनगंज से लेकर जवानपुर तक जिस जोश और उत्साह के साथ जनता उनसे मिली, उसने यह साफ कर दिया कि जनता अब केवल सुनने नहीं, बल्कि बोलने और बदलाव को आकार देने निकली है। महिलाओं की भागीदारी इस बार के चुनावी परिदृश्य की सबसे उल्लेखनीय तस्वीर बनकर उभरी है। नितेश कुमार सिंह के संवाद कार्यक्रमों में आधी आबादी का उत्साह इस बात की गवाही देता है कि कसबा का सामाजिक परिवेश अब बदलाव को तैयार है। वहीं युवाओं के बीच उनकी सादगी और स्पष्ट सोच ने भरोसे की एक नई कहानी लिख दी है। कसबा के मतदाता इस बार यह तय कर चुके हैं कि विकास किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सोच की पहचान है। नितेश कुमार सिंह का अभियान इसी सोच को स्वर दे रहा है। जनता अब समझ चुकी है कि राजनीति में वही सफल होगा जो जनता के बीच रहकर जनता के सपनों को समझ सके। यह कसबा का नया अध्याय है — जहां चुनाव से अधिक चर्चा है विचारों की, और नारों से अधिक भरोसा है संवाद का। यही कसबा की राजनीति का नया चेहरा है, जो आने वाले समय में बिहार के राजनीतिक नक्शे पर अपनी अलग पहचान छोड़ने को तैयार है।

## मतदान है अधिकार भी, जिम्मेदारी भी बनमनखी में जागी लोकतंत्र की चेतना

**पूर्णिया//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन में जिले के ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता की मुहिम लगातार तेज होती जा रही है। प्रशासनिक स्तर से लेकर स्वयं सहायता समूहों तक हर कोई 'शत-प्रतिशत मतदान' के लक्ष्य को साकार करने के लिए कदम से कदम मिला रहा है। इसी क्रम में बनमनखी प्रखंड के रामनगर फरसाही मिलिक पंचायत (बूथ संख्या-147) में डीपीएम जीविका के नेतृत्व में ममता उछ्रएवं राधा ग्राम संगठन की सक्रिय सहभागिता से शुक्रवार को एक प्रेरक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुआ बिहार का विकास : मांझी

## केन्द्रीय मंत्री ने की एनडीए प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** रविवार को मदनपुर खेल मैदान में आयोजित विशाल चुनावी सभा को केन्द्रीय मंत्री सह हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रफीगंज विधानसभा से एनडीए के उम्मीदवार प्रमोद कुमार सिंह को भारी मतों से जीता कर विधानसभा में भेजें, उन्हें मंत्री बनाने का काम किया जाएगा। कहा कि नीतीश कुमार जब किसी कारण मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए थे तब वे एक गरीब महादलित के बेटा जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाने का काम किए थे। जबकि नीतीश कुमार चाहते तो वे किसी जाति के लोगों को बना देते। वहीं जब लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री से हटे तो वे अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया था। अब लालू-राबड़ी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। श्री मांझी ने कहा कि जब वर्ष 2005 में एनडीए गठबंधन जीती और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने तब बिहार में



विकास होना शुरू हुआ। अपहरण, दंगा फसाद, लूटपाट होना बंद हुआ। सुशासन की सरकार में हर लोग भयमुक्त होकर रहने लगे। आज चारों तरफ रोड का जाल बिछाया हुआ है। मैं 1980 से विधायक हूं। मैंने सब कुछ देखा है। उस समय रोड, पीने की पानी, बिजली नहीं हुआ करता था। विकास का नाम नहीं था। लेकिन आज विकास ही विकास है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह को चुनाव चिन्ह तीर छाप पर बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनाने का काम करें। वहीं जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि प्रमोद सिंह पहले से ही समाज के लोगों को सेवा करते आ रहे हैं। वे अपना जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दिए हैं। अब उन्हें जीताएं और तेजी से विकास करने का काम करेंगे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने मतदाताओं से अपील की कि प्रमोद कुमार सिंह को तीर छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जीताने का काम करें। राजद और इण्डिया गठबंधन के लोग आम जनता को गुमराह कर नौवीं फ़ेल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उनके मकसद पुरा नहीं होने देना है। सभा में राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर पासवान ने जदयू का दामन थामा। सभा की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह एवं संचालन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने किया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पियूष रंजन उर्फ रिशु सिंह, मुखिया भोला ठाकुर, अनिल ठकराल, जदयू जिला उपाध्यक्ष नीतु सिंह, अखिलेश मेहता, गीता देवी, लवलेश गहलौत, किरण बाला, शिवपूजन यादव, पंकज कुमार सिंह, रणविजय मेहता आदि मौजूद रहे।

# मतदान को लेकर सभी थानों में रेड अलर्ट, झारखंड से लगी सीमाएं सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- औरंगाबाद में मतदान को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम
- केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 103 कंपनियां तैनात
- नक्सली इलाकों में 13 रूटों पर कड़ी निगरानी

**औरंगाबाद।** में मतदान को लेकर बेहद कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस क्रम में जिले के सभी थानों में रेड अलर्ट जारी किया गया है तथा झारखंड से लगी सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 103 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है जिसमें से दो कंपनी सीमा सुरक्षा बल की है। इसके साथ-साथ नक्सली इलाकों में 13 संवेदनशील रूट की पहचान कर यहां पर सड़कों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि पोलिंग पार्टियां निशंक होकर मतदान केंद्र तक जा सके और वापस लौट सकें। जिले के 402 बूथों को अतिसंवेदनशील माना गया है जहां पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध होंगे। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि औरंगाबाद जिले में मतदान को देखते हुए बड़ी संख्या में निरोधात्मक कार्रवाई की गई है और 13000 लोगों को बांड डाउन किया गया है। इसके साथ-साथ 125 लोगों के विरुद्ध जिला अथवा थाना बदर की कार्रवाई की गई है। जिले के शत- प्रतिशत लाइसेंसी हथियारों का वेरिफिकेशन किया जा चुका है और हथियार जमा कराए जा चुके हैं। मतदान के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम होंगे। जिले के सभी मतदान केंद्र 1405 भवनों में स्थापित हैं जिनमें प्रत्येक पर केंद्रीय सशस्त्र बल की एक सेक्शन टुकड़ी तैनात रहेगी। जहां पर ज्यादा बड़े बूथ हैं वहां पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जा रहा है। इस प्रकार प्रत्येक मतदान केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके लिए अन्य जिलों से भी पुलिस बल औरंगाबाद पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। औरंगाबाद पुलिस द्वारा पिछले एक पखवाड़े से लगातार एरिया डोमिनेंस अभियान चलाया जा रहा है और जिले में सीमा क्षेत्र में 34 नाके स्थापित किए गए हैं जहां पर पहले जिला पुलिस को तैनात किया गया था और अब उन्हें केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स के हवाले कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान मादक पदार्थ की बरामदगी, अपराधियों की धर पकड़ और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए भी निरंतर अभियान चलाया गया है और इसमें जिला पुलिस को अच्छी उपलब्धि हासिल हुई है।

# ट्रेन से गिरकर जख्मी युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू-गया रेलखंड पर अवस्थित जम्होर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंजूराही गांव निवासी स्व. मनीष कुमार के पुत्र 20 वर्षीय अंकुश राजा के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक युवक ट्रेन द्वारा जम्होर से डिहरी ऑन-सोन की जा रहा था। इसी क्रम में अनियंत्रित होकर ट्रेन से गिर पड़ा जिसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि युवक की मृत्यु ट्रेन से गिर जाने से हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# औरंगाबाद जिले में 18 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान : डीएम

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में 16 प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की चुनाव प्रचार समाप्ति की घोषणा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने प्रेस वार्ता कर अब तक की चुनाव तैयारी से संबंधित स्थिति की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। जिले के छह विधानसभा में 76 प्रत्याशी के लिए 1828361 मतदाता वोट करेंगे। जिले में 2279 बूथ बनाए गए है जिसमें 402 बूथ नक्सल प्रभावित चिह्नित किए गए है। सामान्य बूथों पर 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे जबकि नक्सल प्रभावित बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होंगे। सेक्टर पदाधिकारियों की संख्या 215, जोनल दंडाधिकारी 52 एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी 12 है। आदर्श मतदान केन्द्र 22, सखी मतदान केन्द्र 62, पीडब्लूडी मतदान केंद्र 2, मिक्स मतदान केंद्र 359 एवं यूथ मतदान केंद्र 6 है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में अब तक कुल 16 प्राथमिकी दर्ज की गई है। सेक्टर के 215 वाहनों को ईएलई ट्रेस एवं पोलिंग पार्टी के वाहनों के परिचालन को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जायेगा। मतदान के दिन निगरानी के लिए जिला स्तर पर तीन कन्ट्रोल रूम-योजना भवन, समाहरणालय सभागार एवं जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के कॉफ्रेंस रूम में कार्यरत है। योजना भवन में एकीकृत नियंत्रण कक्ष जहां मतदान केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरा की निगरानी। कानून और व्यवस्था एवं वीटीआर की रिपोर्टिंग हेतु कर्मी एवं पदाधिकारी की नियुक्ति की जा चुकी है। समाहरणालय सभागार में प्रो ऐप से पीठासीन पदाधिकारी द्वारा



की जाने वाली इन्ट्री की निगरानी होगी। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम से वाहनों में लगे जीपीएस एवं ईएलई ट्रेस का माध्यम से ईवीएम वाले वाहनों की निगरानी की व्यवस्था की गयी है। निर्वाची पदाधिकारी के स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की गयी है। चयनित एजेन्सी द्वारा तीन टीवी मॉनिटर पर सीसीटीवी का डिस्प्ले बारी-बारी से देखने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर को पोलिंग पार्टी का मिलान हो चुका है। जबकि आज यानी 10 नवंबर को ईवीएम एवं मतदान सामग्री, मतदान दल को हस्तगत कराया जायेगा। सभी मतदान केंद्र भवनों पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तैनाती की गई है। सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर तैनात किया गया है। विजिलेंस एवं फ्लाइंग स्क्वाड लगातार सक्रिय हैं। जीपीएस सिस्टम नियंत्रण और कक्ष (कंट्रोल रूम) 24 घंटे कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है कि औरंगाबाद जिले में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हो। किसी भी प्रकार की अनियमितता या विधि-विरुद्ध गतिविधि को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी, राजनीतिक दलों एवं नागरिकों से अपील है कि वे निर्वाचन आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान वातावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी, ताकि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इसके साथ ही मतदान दिवस पर प्रत्येक उम्मीदवार, उनके एजेंट और समर्थकों के लिए एक-एक कुल तीन वातानुकूलित वाहनों की ही अनुमति होगी। जिलाधिकारी यह भी स्पष्ट किया है कि फोटो मतदाता पर्ची को पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र पर वैध फोटो पहचान पत्र या सूचीबद्ध 12 में से किसी एक दस्तावेज को साथ लाना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि जिन मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, वे उसी के आधार पर मतदान कर सकेंगे। वहीं, जिनके पास यह पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, वे आयोग द्वारा स्वीकृत 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों में से किसी एक का उपयोग कर अपनी पहचान स्थापित कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि सभी छह विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। सभी 2279 मतदान केदो पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा जिला पुलिस के भी जवान तैनात रहेंगे। सुरक्षा ऐसी की गई है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। सभी मतदान केंद्रों पर लाईव वेबकास्टिंग, की व्यवस्था की गई है केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती के पुख्ता इंतज़ाम रहेंगे। जिले में 34 चेक पोस्ट बनाए गए है जहां 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। झारखंड से सटे बोर्डर इलाकों में 11 चेक पोस्ट बनाए गए है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली मौजूद रहे।

# त्रिविक्रम की जीत से औरंगाबाद में होगी स्वर्ण युग की शुरुआत : योगी आदित्यनाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार त्रिविक्रम नारायण सिंह की जीत विकास, सुशासन और स्वर्ण युग की शुरुआत करेगी। उन्होंने एक वीडियो मैसेज के माध्यम से औरंगाबाद के मतदाताओं से अपील की कि वह सुशासन और विकास के साथ-साथ बिहार में भी राम राज्य की आधारशिला मजबूत करने के लिए एनडीए सरकार को फिर सत्ता में लाएं और इसी कड़ी में औरंगाबाद से भाजपा के उम्मीदवार त्रिविक्रम नारायण सिंह का जीतना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से त्रिविक्रम नारायण सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने के अपील की। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के तहत प्रत्यक्ष रूप से औरंगाबाद के मतदाताओं से बातचीत करने नहीं आ सके वरना उनकी काफी इच्छा थी कि वह औरंगाबाद में आते और यहां लोगों से बातचीत करते। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह से खेद भी जताया हैं। श्री आदित्यनाथ ने कहा कि वे एनडीए के समर्थ में कई रैलियां बिहार में कर चुके हैं और बिहार के आम मतदाताओं में नरेंद्र मोदी ऽ नीतीश कुमार के नेतृत्व को लेकर उन्हें प्रचंड उत्साह हर जगह नजर आया जो अभिनंदनीय है और इससे तय है कि बिहार में एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से आ रही है।

# फांसी का फंदा लगा महिला ने दी जान, हत्या का आरोप

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पौथू थाना क्षेत्र के अल्पा गांव में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतका के मायका पक्ष वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी देवेंद्र कुमार की 38 वर्षीय पत्नी रूपा कुमारी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों के मुताबिक महिला के तीन बच्चे है। एक बच्चा इंटर का जबकि दो उससे छोटे है। आपको बता दें कि घटना को लेकर अलग-अलग मामले सामने आए हैं। थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि मायका पक्ष वालों द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# प्रचार के अंतिम दिन एनडीए प्रत्याशी ने किया रोड शो



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अब अपने निर्णायक मोड़ पर है। दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के अंतिम दिन रविवार को सियासी शोर-शराबा थम गया। प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रत्याशी ने पूरे दिन जोश के साथ प्रचार कर लोगों से समर्थन मांगा। रविवार को औरंगाबाद विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने गाजे-बाजे के साथ अपने समर्थकों के साथ भव्य रोड शो किया। त्रिविक्रम सिंह समर्थकों के साथ अपने कार्यालय से निकल कर शहर में रोड शो किया। फार्म, मुख्य बाजार, रमेश चौक, महाराजगंज रोड से होते हुए जसोइया मोड़ तक पहुंचे। त्रिविक्रम सिंह के साथ औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि इस बार बिहार में एनडीए की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है।

# प्रत्याशियों व निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ एसडीओ ने की बैठक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आम निर्वाचन 2025 के सफल निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज निर्वाची पदाधिकारी गोह विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर अमित राजन की अध्यक्षता में प्रत्याशियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व प्रारंभ होने वाली मौन अवधि के दौरान आचार संहिता के पालन एवं प्रचार प्रसार की निषेधाज्ञा से संबंधित प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रत्येक प्रत्याशी द्वारा मतदान अभिकर्ता की विधिवत नियुक्ति एवं उनके पहचान पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। वहीं आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# औरंगाबाद में महागठबंधन प्रत्याशी आनंद शंकर का भव्य रोड शो




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन औरंगाबाद से महागठबंधन के प्रत्याशी आनंद शंकर सहि ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है। आनंद शंकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाजे-बाजे के साथ निकले। रोड शो की शुरुआत अपने आवास से किया। जीटी रोड होते हुए फारम पहुंचे। इसके बाद सिन्हा कॉलेज मोड़, धर्मशाला चौक, मुख्य बाजार, रमेश चौक, महाराजगंज रोड, समाहरणालय होते हुए जसोइयां पहुंचे। आनंद शंकर क्षेत्र के लोगों से महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए समर्थन मांगा। कहा कि बिहार में पूर्ण बहुमत के साथ इस बार महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमारे नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के पद पर बैठाना है। इसलिए 11 नवंबर को खुलकर मतदान करें। इसके साथ ही अन्य दलों के प्रत्याशयों ने भी शहर में रोड शो कर लोगों से समर्थन मांगा।

# विभिन्न मामलों में 15 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 15 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सात अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। खनन में एक, शराब कांड में तीन एवं अन्य शीर्ष कांड में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1312 वाहनों की जांच की गई जिसमें 42500 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 122 लीटर देसी एवं 0.88 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। इसके अलावा एक कार, एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। साथ ही कार्रवाई के फलस्वरूप 2500 लीटर महुआ घोल को विनिष्ट किया गया है। आपको बता दें कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक खुद कर रहे हैं ताकि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com


**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# कुटुंबा, औरंगाबाद व नबीनगर विस क्षेत्र के अभ्यर्थियों की लेखा जांच संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं पारदर्शी संचालन हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा आयोग द्वारा प्राप्त कॉम्पेंडियम ऑफ इंस्ट्रक्शन के आलोक में आज औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर, कुटुंबा एवं औरंगाबाद विधानसभा के निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण एवं संधारण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा एवं जांच का कार्य संपन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा औरंगाबाद जिले हेतु मनोनीत व्यय प्रेक्षक ईशान रीमान खड़कोगर के पर्यवेक्षण में कुटुंबा, औरंगाबाद एवं नबीनगर विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों के लिए तृतीय लेखा जांच का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित वाणिज्य कर कार्यालय, औरंगाबाद में संचालित निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग में किया गया। इस तृतीय लेखा जांच के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय विवरण की बारीकी से जांच की



गई। इसमें प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत की गई कैश बुक, व्यय रजिस्टर, भुगतान रसीदें, विज्ञापन व्यय, वाहन उपयोग विवरण, सभा/रैली आयोजन खर्च, पोस्टर-बैनर छपाई, मीडिया विज्ञापन व्यय, बैंक खाता विवरण एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण निर्वाचन व्यय अनुश्रवण शाखा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। व्यय प्रेक्षक ईशान रीमान खड़कोगर ने जांच के दौरान उपस्थित सभी अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा, लेखा संधारण के प्रारूप, और पारदर्शी लेखा प्रस्तुतिकरण के विषय में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा संधारित प्रत्येक व्यय प्रविष्टि आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप होनी चाहिए तथा सभी खर्चों के लिए विधिवत रसीद एवं भुगतान प्रमाण अवश्य संलग्न किया जाए। राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग रवि रंजन आलोक एवं सहायक नोडल पदाधिकारी गुंजन कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन व्यय अनुश्रवण का उद्देश्य केवल नियंत्रण नहीं बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्वाचन व्यय संधारण में डिजिटल साधनों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया ताकि अभ्यर्थियों को सटीक और समयबद्ध रिपोर्ट तैयार करने में सुविधा हो। इस अवसर पर सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, शोभा कुमारी, गुलफसा नाज, रश्मि सिंह, विशाल कुमार, राहुल कुमार, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने लिया डिस्पैच सेंटर का जायजा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा गांधी मैदान, औरंगाबाद स्थित डिस्पैच सेंटर तथा गेट स्कूल, औरंगाबाद अवस्थित डिस्पैच सेंटर पर मतदान दलों को पार्टी मिलान एवं प्रस्थान की प्रक्रिया के पूर्व ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान कर्मी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की शंका होने पर तत्काल नियंत्रण कक्ष अथवा संबंधित प्राधिकृत पदाधिकारी से संपर्क करने का भी निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था, मतदान सामग्रियों के सुरक्षित रख-रखाव, इवीएम एवं वीवीपैट के सुचारू उपयोग, पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील की कि वे निर्वाचन आचार संहिता के प्रावधानों का पूर्ण पालन करते हुए भयमुक्त, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान संपन्न कराने में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें।

# अनोखी महारंगोली के माध्यम से दिया संदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टरेट परिसर, औरंगाबाद में एक आकर्षक, विशालकाय एवं संदेशदायक महारंगोली का निर्माण किया गया। इस रंगोली के माध्यम से जिले के सभी मतदाताओं को आगामी 11 नवंबर 2025 को मतदान के लिए प्रेरित करने का सशक्त संदेश दिया गया। रंगोली में जिले की छहों विधानसभा क्षेत्रों औरंगाबाद, रफ़ीगंज, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा एवं गोह की झलक प्रस्तुत की गई। साथ ही चुनाव आयोग का प्रतीक चिन्ह उकेर कर लोकतंत्र के इस महापर्व के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। रंगोली के मध्य में मतदाता जागरूकता की प्रतीक बैलट बिटिया की आकर्षक आकृति बनाई गई, जिसके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मतदान के प्रति निष्ठा, संकल्प और सजगता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह आदि उपस्थित रहे।